वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

मंगलवार, 20 अक्टूबर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 102, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



जिम्बाब्वे को क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले तीसरे अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरेगी। } 10

दिल्ली को 8941 करोड़ की सौगात देंगे गृहमंत्री अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली में 8,941 करोड़ रुपये की अवजल से जुड़ी कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने यह जानकारी दी। } 12

नारी की गरिमा से खिलवाड़ स्वीकार नहीं : योगी

○ विजयादशमी पर समाज को तोड़ने वाली शक्तियों को करें बेनकाब ○ समाज में अराजकता-आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो समाज जगत जननी मां भगवती का उपासक है, वहां नारी गरिमा के विपरीत आचरण की कोई जगह नहीं हो सकती। सनातन परंपरा ने सदैव मातृशक्ति की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा को सर्वोच्च स्थान दिया है। नवरात्रि में कन्याओं का पूजन इसी भाव का प्रतीक है। सरकार ने इस परंपरा को केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाया है। मिशन शक्ति अभियान इसी संकल्प से प्रेरित है। मुख्यमंत्री सोमवार को शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जगत जननी मां भगवती का नवम स्वरूप सभी सिद्धियां प्रदान करने वाला है। महानवमी पर कन्या पूजन के माध्यम से सनातन धर्मावलंबी मातृशक्ति के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। बासंतिक और शारदीय नवरात्रि की परंपरा नारी के प्रति सर्वोच्च सम्मान का संदेश देती है। गोरखनाथ मंदिर की इस पावन परंपरा से जुड़कर कन्याओं का पूजन और उन्हें भोजन कराने का अवसर मिलना उनका सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि नारी सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। प्रदेश के प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए अलग कक्ष की व्यवस्था है, जहां महिला बीट पुलिस अधिकारी अथवा उपनिरीक्षक स्तर की महिला अधिकारी उनकी समस्याएं सुनती हैं। महिलाओं की सहायता के लिए 1090 हेल्पलाइन भी संचालित है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 2017 तक उत्तर प्रदेश पुलिस में लगभग 10 हजार महिला कार्मिक थीं। आज यह संख्या बढ़कर करीब 45 हजार हो गई है। पुलिस भर्ती में महिलाओं के लिए 20 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं। महिला पुलिसकर्मी प्रदेश में बेहतर सुरक्षा का माहौल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना और नारी ...शेष पृष्ठ 10 पर



बेटियों के पांव पखार सीएम ने की मातृ शक्ति की आराधना

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मातृ शक्ति के प्रति अगाध श्रद्धा रखने और उनके सम्मान व स्वावलंबन के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने वाले मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि पर गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुरूप कन्या पूजन किया। गोरखनाथ मंदिर में आयोजित इस अनुष्ठान में गोरक्षपीठाधीश्वर ने नौ दुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पांव पखारे। उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढ़ाई, आरती उतारी और श्रद्धापूर्वक भोजन कराया। दक्षिणा व उपहार देकर उनका आशीर्वाद भी लिया। मुख्यमंत्री ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।

गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोरखनाथ मंदिर के अन्न क्षेत्र के प्रथम तल स्थित भोजन कक्ष में पीतल की परात में जल से नौ नन्ही बालिकाओं के पांव धोए। श्रीदुर्गासप्तशती के मंत्रों की गूंज के बीच उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत आदि का तिलक लगाया। पुष्प और शक्तिपीठ की वेदी पर उगाए गए जौ के ज्वारे से उनका अभिषेक किया। माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। सीएम योगी ने पूजन के बाद कन्याओं और बटुकों को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद अपने हाथों से परोसा। नौ कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों का भी मुख्यमंत्री ने पूजन ...शेष पृष्ठ 10 पर

वाराणसी : हाइवे पर सेल्फी ले रहे 4 दोस्तों को ट्रक ने रौंदा, मौत

वाराणसी। वाराणसी जिले में सोमवार सुबह विंध्याचल धाम से दर्शन कर वापस वाराणसी लौटते समय प्रयागराज-वाराणसी राजमार्ग के ओवरब्रिज पर खड़े होकर सेल्फी लेते समय तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर लगने से चार दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

पुलिस के अनुसार वाराणसी के शिवपुरी से आठ युवक विंध्याचल दर्शन के लिए मिर्जापुर गए थे। वे दर्शन करके लौटते समय सोमवार सुबह रूपापुर स्थित ओवरब्रिज पर अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी खड़ी कर सेल्फी लेने लगे। इसी बीच प्रयागराज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी और पास में ही सेल्फी ले रहे युवकों को कुचल दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। वाहन में फंसे लोगों को गैस कटर की मदद से बाहर निकाला गया और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान अमन यादव, गोलू यादव और आलोक मिश्रा के रूप में हुई है, जबकि चौथे मृतक की ...शेष पृष्ठ 10 पर

विजयादशमी की शुभकामनाएं



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी, भारत के सनातन विजय का प्रतीक है। यह अधर्म, अन्याय और अत्याचार पर धर्म, न्याय और सदाचार के विजय का पर्व है। यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। इस पर्व से हमें सत्य पर चलने का आह्वान करना चाहिए और लोगों को भी अच्छे बर्ताव के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

विराज सागर दास ने दी विजयादशमी पर बधाई



लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष व यूपी ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने विजयादशमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुख एवं समृद्धि की कामना की। विराज सागर दास ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई एवं असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है। इस अवसर पर हमें लोक कल्याण की भावना से कार्य करते हुए देश व प्रदेश के विकास को प्रोत्साहित करना चाहिए।

अवकाश की सूचना

विजयादशमी पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

20 अक्टूबर यानी मंगलवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 22 अक्टूबर गुरुवार को प्रकाशित होगा। -संपादक

मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटिरहित बनाने की तैयारी

किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं : नवदीप

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियों को हटाने तथा आगामी 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशेष अभियान दिवस की तैयारियों के संबंध में समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाश्त ...शेष पृष्ठ 10 पर

मणिपुर : सात की हत्या से फिर बिगड़े हालात

इंफाल। मणिपुर में 18 और 19 अक्टूबर को हिंसा की तीन अलग-अलग घटनाओं से तनाव बढ़ गया। एक तरफ थौबल जिले के खांगाबोक में पत्थरबाजी के बाद दो समुदायों के बीच तनाव फैल गया, तो दूसरी ओर काकवा लामदाइबुंग में आईईडी धमाका हुआ। इसके अलावा, सागोलमांग थाना क्षेत्र के सुनुलोक ...शेष पृष्ठ 10 पर

एशियाई पैरा खेल : पहले दिन भारत ने जीते तीन गोल्ड

एजेंसी



नागोया। भारत के पैरा एथलीटों ने सोमवार को यहां आईची-नागोया एशियाई पैरा खेलों की एथलेटिक्स स्पर्धाओं के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण सहित छह पदक जीते। लंबी कूद में निषाद कुमार, भाला फेंक में रिंकू और दृष्टिबाधित मध्य दूरी की धाविका सौम्या ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए। भारत ने एथलेटिक्स तीन स्वर्ण, ...शेष पृष्ठ 10 पर

टाइगर श्रॉफ पर गोलीबारी करने वाले तीन लोग कोटा से गिरफ्तार



एजेंसी

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर गोलीबारी में कथित तौर पर शामिल तीन संदिग्धों को सोमवार सुबह कोटा में पकड़ा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इनमें से एक नाबालिग है। इन तीनों को कोटा में पुणे-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन से हिरासत में लिया गया।

मुंबई पुलिस से मिली सूचना के बाद कोटा शहर की पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर एक त्वरित ऑपरेशन में लगभग 15 मिनट में ही तीनों संदिग्धों को पकड़ लिया। कोटा की जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने संवाददाताओं को बताया कि पकड़े गए संदिग्धों में रेहान हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है। ऋतिक उर्फ रोशन मूल रूप से बेगू सराय का है लेकिन कुछ साल से मुंबई रह रहा है। एक अन्य नाबालिग है। उन्होंने बताया कि संदिग्धों के कब्जे से कोई हथियार नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि तीनों आरोपियों को मुंबई पुलिस की टीम को सौंप दिया जाएगा जो कोटा आ रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आरोपी फिलहाल हिरासत में हैं और आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस उन्हें मुंबई ले आएगी। मुंबई ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

वृद्ध पर बाघ का हमला साथियों ने बचायी जान

बांदा। जनपद के सीमावर्ती मध्यप्रदेश क्षेत्र के टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से सटे राजस्व क्षेत्र में भैंस चराने जंगल गए 60 वर्षीय वृद्ध पर बाघ ने हमला कर दिया। हमले में जरधोवा गांव निवासी मलखान सिंह राजगौड़ के चेहरे, पीठ और घुटने पर गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए बाघ पर पत्थर फेंके, जिसके बाद वह भाग गया और वृद्ध की जान बच सकी।

विशेष खबर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने रामलीला का मंचन देख कलाकारों को सराहा

ऐशबाग श्रीराम लीला समिति ने विराज सागर दास को किया सम्मानित



विशेष संवाददाता

लखनऊ। ऐशबाग की ऐतिहासिक रामलीला में सोमवार को बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर श्रीराम लीला समिति के अध्यक्ष हरिश चंद्र अग्रवाल व अन्य पदाधिकारियों ने बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विराज सागर दास ने रामलीला का मंचन देखा और कलाकारों की सराहना की। रामोत्सव के सांस्कृतिक मंच का आरंभ कलाकारों ने निशि मिश्रा के ...शेष पृष्ठ 10 पर



प्रदेश की प्रगति में नारीशक्ति की अहम भूमिका : सीएम

मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर की मां सिद्धिदात्री की आराधना

- मुख्यमंत्री ने 'संकल्प से सिद्धि' तक दिखायी 'नये भारत के नयी उत्तर प्रदेश' के विकास की तस्वीर
- 2017 से पहले दंगों की आग में झुलस रहा था प्रदेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर सोमवार को मां सिद्धिदात्री की आराधना की। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए 'संकल्प से सिद्धि' तक 'नए भारत के नए उत्तर प्रदेश' के विकास की तस्वीर भी दिखाई। सीएम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि सभी सिद्धियों, सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली मां सिद्धिदात्री के आशीर्वाद से उत्तर प्रदेश की नारीशक्ति अपने सामर्थ्य, संकल्प और आत्मविश्वास के बल पर प्रदेश की प्रगति एवं समृद्धि में निर्णायक भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ने मातृ शक्ति की महत्ता भी बताई, कहा- यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवता का वास होता है। सुख, समृद्धि और कल्याण होता है।

मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार के कारनामों को भी उजागर किया, कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश के उपद्रव ग्रस्त माहौल ने विकास पर ग्रहण लगा रखा था। अराजकता चरम पर थी। गुंडे, माफिया और उपद्रवी समानांतर सरकार चला रहे थे। प्रदेश दंगों की आग में झुलस रहा था। पर्व-त्योहारों से पहले उपद्रव शुरू हो जाते थे। अभिभावक अपनी बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए उन्हें दूसरे राज्यों में भेजने को मजबूर थे। मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद आए विकास की तस्वीर भी साझा की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश की डबल इंजन



सरकार ने अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। 'रूल ऑफ लॉ' की स्थापना के साथ प्रदेश को उपद्रव से निकालकर उत्सव प्रदेश के रूप में स्थापित किया।

विगत साढ़े 9 वर्षों में प्रदेश की डबल इंजन सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में किए गए प्रयासों ने प्रदेश को बीमारू राज्य की छवि से निकालकर देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि विगत साढ़े 9 वर्षों में प्रदेश की जीएसडीपी, पर-कैपिटा इनकम, बजट और महिला श्रम बल भागीदारी 3 गुना हुई है। प्रदेश लगातार रेवेन्यू सरप्लस बना हुआ है।

प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। बड़े कारखानों की संख्या ढाई गुना बढ़कर 14 हजार से 35 हजार हुई है। निवेश के माध्यम से 65 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के माध्यम से भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क का 60 प्रतिशत आज उत्तर प्रदेश में है। प्रदेश की कृषि विकास दर 8 से बढ़कर 18 फीसदी हो गई है। युवाओं को साढ़े 9 लाख सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं। स्टार्टअप की संख्या 120 से बढ़कर 24 हजार से अधिक हो गई है। मृतप्राय पड़े एमएसएमई क्षेत्र को पुनर्जीवित करके 3 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतिबद्धता दर्शाते हुए कहा कि 'सशक्त नारी, समृद्ध उत्तर प्रदेश' के दृढ़ संकल्प के साथ प्रदेश की डबल इंजन सरकार 'विकसित भारत-विकसित प्रदेश' के लक्ष्य को साकार करने के लिए अग्रसर है।

एयर शो के लिए सज रही काशी, दीवारों पर उकेरी जा रही गंगा घाटों की छटा

- बाबतपुर एयरपोर्ट से नमो घाट तक सुंदरीकरण का काम तेज

विशेष संवाददाता (vol)



वाराणसी। प्रस्तावित एयर शो के मद्देनजर काशी को आकर्षक रूप देने के लिए योगी सरकार की ओर से शहर में व्यापक सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। बाबतपुर एयरपोर्ट से नमो घाट तक प्रमुख मार्गों, भवनों, फ्लाईओवर, अंडरपास और दीवारों को सजाने-संवारने का काम तेजी से चल रहा है। कहीं दीवारों पर गंगा की लहरें और घाटों की खूबसूरती उकेरी जा रही है, तो कहीं भवनों पर सुबहे बनारस की झलक दिखाने की तैयारी है। स्ट्रीट लाइट, पेड़ों और पुलों पर आकर्षक रोशनी की व्यवस्था भी की जा रही है। इसका उद्देश्य एयर शो के दौरान काशी आने वाले लोगों को शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक परंपराओं और कलात्मक पहचान से रूबरू कराना है।

वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने बताया कि काशी की पहचान उसकी समृद्ध विरासत, परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता से है। इसी को ध्यान में रखते हुए शहर को सजाया-संवारा जा रहा है। बाबतपुर एयरपोर्ट से नमो घाट तक के प्रमुख मार्गों पर पेंटिंग, म्यूरल आर्ट और आकर्षक लाइटिंग के माध्यम से काशी की सांस्कृतिक पहचान को उभारने का काम किया जा रहा है। दीवारों पर गंगा की लहरों, घाटों और गंगा तट के मनोरम दृश्यों को उकेरा जा रहा है। वहीं, भवनों पर गंगा घाटों और सुबहे बनारस से जुड़े दृश्य दिखाई देंगे। मार्गों पर गंगा आरती के साथ काशी की कला-संस्कृति से जुड़े चित्र भी आकर्षण का केंद्र बनेंगे।

नमो घाट मार्ग के डिवाइडर पर काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप झंडे लगाए जाने की योजना है। इन झंडों पर भगवान शिव के डमरू, त्रिशूल और ॐ के प्रतीक होंगे। इस सजावट के जरिए मार्ग को काशी की आध्यात्मिक परंपराओं के अनुरूप आकर्षक रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। वीडीए उपाध्यक्ष के मुताबिक, चौकाघाट से नमो घाट तक दुकानों और भवनों को एकरूपता देने के लिए उन्हें एक ही रंग में रंगा जा रहा है।

शहर के सौंदर्यीकरण में आधुनिक रोशनी के साथ काशी की धार्मिक, सांस्कृतिक पहचान को भी प्रमुखता दी जा रही है। भगवान बुद्ध से जुड़े प्रसंगों के साथ काशी के गीत-संगीत और नृत्य की झलक भी सजावट का हिस्सा होगी। नमो घाट से चौकाघाट तक सड़क किनारे स्थित भवनों पर फसाड पेंटिंग कराई जा रही है। नमो घाट मार्ग पर मोटिफ लाइटें स्थापित करने का काम जारी है, जबकि चौकाघाट पुल पर मोटिफ स्तंभ लगाए जा रहे हैं। चौकाघाट क्षेत्र में भी सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अलावा नमो घाट और गया घाट पर पेंटिंग का काम चल रहा है। एयरपोर्ट से नमो घाट तक का मार्ग रंगों और रोशनी से सजा नजर आएगा।

केशव मौर्य ने जनता दर्शन में समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश



लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग, लखनऊ पर जनता दर्शन के माध्यम से विभिन्न जिलों से आये नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना तथा त्वरित, प्रभावी और न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कई लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे

श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए।

यूपी में बनेंगे नेचुरल फार्मिंग डिस्ट्रिक्ट

- नाबार्ड, उपकार और गो सेवा आयोग मिलकर बढ़ायेंगे अभियान
- ललितपुर में पायलट मॉडल विकसित करने पर मंथन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए योगी सरकार गोशालाओं को आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। गोबर और अन्य जैविक संसाधनों के उपयोग से किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने के साथ गोशालाओं की आय बढ़ाने की योजना पर मंथन किया जा रहा है। इसके तहत ललितपुर को प्रदेश के पहले पायलट नेचुरल फार्मिंग डिस्ट्रिक्ट के रूप में विकसित करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। प्रस्तावित मॉडल के सफल होने पर इसे प्रदेश के प्रत्येक मंडल के एक जिले तक विस्तारित करने पर भी विचार किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप इस दिशा में पहल की जा रही है। गो सेवा आयोग और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में प्राकृतिक खेती और गोशाला आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मॉडल पर चर्चा की गई। इसमें उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) और कृषि विज्ञान केंद्रों के तकनीकी सहयोग से इस पहल को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार किया गया। प्रस्तावित मॉडल के तहत गोशालाओं और किसानों को एक-दूसरे की आर्थिक जरूरतों से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है।

गोशालाओं में उपलब्ध गोबर और अन्य जैविक संसाधनों से प्राकृतिक खाद, जैविक कीट नियंत्रक, वर्मी कम्पोस्ट और अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार करने की योजना है। इन उत्पादों को स्थानीय किसानों तक पहुंचाने की व्यवस्था विकसित की जाएगी, जिससे प्राकृतिक खेती के लिए जरूरी संसाधन स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के मुताबिक, गोबर के वैज्ञानिक उपयोग के साथ उससे मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार करने पर जोर दिया जाएगा। इसके अलावा गो-काष्ठ और पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे गोशालाओं के लिए आय के नए स्रोत विकसित होने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावनाएं हैं। प्रदेश में प्राकृतिक खेती को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए ललितपुर को पायलट जिले के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विचार किया गया है।

प्रस्तावित योजना के तहत जिले की गोशालाओं, किसानों, किसान उत्पादक संगठनों और ग्रामीण उद्यमियों को जोड़कर एक संगठित आर्थिक व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया जाएगा। प्रस्तावित मॉडल में कृषि उपज के संग्रहण, प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन की संगठित व्यवस्था विकसित करने की योजना शामिल है। प्रस्तावित मॉडल को आर्थिक और तकनीकी आधार देने के लिए नाबार्ड, उपकार और कृषि विज्ञान केंद्रों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

अपहरण मामले में इनामिया गिरफ्तार

लखनऊ। कृष्णानगर पुलिस ने बीते माह थाना क्षेत्र से अपहरण कर फिरौती लेने के मामले में सर्विलांस पुलिस टीम की मदद से दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे दो इनामिया बदमाशों को एक माह बाद गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

कृष्णानगर इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि आलमबाग थाना क्षेत्र के मवैया स्थित साकेत अपार्टमेंट में रहने वाले पीड़ित सुदर्शन घोष की शिकायत पर बीते 13 सितंबर को अपहरण और फिरौती के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें अंतरराज्यीय गिरोह द्वारा घटना को अंजाम देना प्रकाश में आया था। मामले में बीते 20 सितंबर को गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, लेकिन गिरोह के कुछ सदस्य फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। स्थानीय थाने की पुलिस टीम ने फरार चल रहे दोनों वांछितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार गिरोह के दोनों सदस्यों में पंकज भूषण कुमार व नवनीत सिंह निवासी न्यू बेहसा मानसरोवर योजना थाना सरोजनी नगर लखनऊ के रूप में दिया है।

रामलीला से मजबूत हो रहे भारत-रूस के रिश्ते



- रूस तक पहुंचा अयोध्या का वैभव
- अयोध्या के वैभव से जगमगायेगा मॉस्को, मनेगी दिवाली
- रूस के राम गेनादी पेचनिकोव को शताब्दी पर नमन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में हुए विकास कार्यों की चर्चा अब रूस की राजधानी मॉस्को में भी हो रही है। मॉस्को में 'रूसी राम' के नाम से प्रसिद्ध सोवियत रंगमंच के अभिनेता गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव की 100वीं जयंती पर आयोजित समारोह में रूसी कलाकारों और बुद्धिजीवियों ने अयोध्या के विकास और रामलीला के आयोजन की सराहना की। कलाकारों ने कहा कि जिस तरह दिवाली पर अयोध्या जगमगाती है, उसी तरह वे मॉस्को में भी भगवान राम की लीला के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करना चाहते हैं। समारोह में भारतीय और रूसी कलाकारों की रामलीला को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान वक्ताओं ने भगवान राम के आदर्शों, रामराज्य की अवधारणा और भारत-रूस के सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने में पेचनिकोव के योगदान को याद किया।

मॉस्को में आयोजित समारोह में बाल रंगमंच की निदेशक अल्ला लियोनिदोव्ना ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में हुए विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलीला और अन्य विकास कार्यों के माध्यम से अयोध्या को बेहतर बनाया है। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भगवान राम के जीवन और उनके आर्दशों को लोगों तक पहुंचाने का माध्यम भी है।

'रूसी राम' गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव की पुत्री तात्याना पेचनिकोव ने अपने पिता के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अभिनय के माध्यम से भारत और रूस की मित्रता को नया रूप दिया। भगवान राम की भूमिका निभाकर उन्होंने रूसी समाज को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराया। तात्याना ने उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद अयोध्या का वैभव और बढ़ा है। उन्होंने कहा कि उनके पिता के अभिनय ने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मॉस्को के एर्शोव थिएटर संस्थान के वीसी बिताली एवगेनिविच दाशिंस्की ने कहा कि गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव ने रूस के लोगों को भगवान राम और रामराज्य की अवधारणा से परिचित कराया। उन्होंने अपने अभिनय के माध्यम से भगवान राम के आदर्शों को रूसी समाज तक पहुंचाया। उनका योगदान केवल रंगमंच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने भारत और रूस के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव को भी मजबूत किया। आज उनकी 100वीं जयंती पर दोनों देशों के कलाकार और भारतीय समुदाय के लोग उन्हें याद कर रहे हैं। एर्शोव थिएटर संस्थान, मॉस्को की रेक्टर अलेक्जेंड्रा कोनेवा ने कहा कि भगवान राम के जीवन से हमें जीवन जीने का सलीका मिलता है।

उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन और चरित्र को रंगमंच के माध्यम से प्रस्तुत करना नई पीढ़ी को उनके विचारों से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। मास्को में आयोजित होने वाली रामलीला के निमार्ता एवं निर्देशक डॉ. रामेश्वर सिंह ने बताया कि गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव सोवियत रंगमंच के प्रतिष्ठित अभिनेता थे। उन्होंने भगवान राम की भूमिका निभाकर रूस में भारतीय संस्कृति और रामायण की परंपरा को लोकप्रिय बनाने में योगदान दिया। इसी कारण उन्हें 'रूसी राम' के नाम से जाना जाता है। उनकी जन्मशताब्दी पर मॉस्को में आयोजित समारोह में उनके अभिनय और भारत-रूस के सांस्कृतिक संबंधों में योगदान को याद किया गया। समारोह में रूसी कलाकारों और प्रवासी भारतीयों की भागीदारी ने दोनों देशों के सांस्कृतिक जुड़ाव को सामने रखा।

भाजपा ने प्रदेशवासियों को दी विजयदशमी की बधाई

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी के सुख, समृद्धि, शांति एवं लोकमंगल की कामना की। पंकज चौधरी ने विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी का पर्व सत्य, धर्म और सदाचार की विजय का शाश्वत संदेश देता है। आसुरी शक्तियों के विनाश तथा अधर्म, अनाचार और असत्य के अंत के साथ सत्य की सार्वभौमिकता मानव जीवन को सदाचरण, नैतिकता और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आत्ममंथन, सद्भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी अवसर है।

बिजली वितरण क्षेत्र का होगा डिजिटलीकरण

लखनऊ। भारत सरकार के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) ने बिजली वितरण क्षेत्र में डिजिटलीकरण को व्यवस्थित और एकीकृत रूप से आगे बढ़ाने के लिए पहली बार एकीकृत ढाँचा जारी किया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं देश की सर्वोच्च सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इसका वास्तविक लाभ देश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं तक पहुंचना चाहिए। अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली वितरण व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। डिजिटल निगरानी, स्वचालित नियंत्रण, ऊर्जा लेखांकन और आँकड़ों के विश्लेषण जैसी तकनीकों से बिजली वितरण कंपनियों की कार्यक्षमता बढ़ाने, बिजली हानियों पर अंकुश लगाने और उपभोक्ता सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि गलत बिलिंग पर प्रभावी रोक लगाने के साथ बिजली कंपनियों की जवाबदेही तय करना भी आवश्यक है, ताकि तकनीकी सुधारों का लाभ सीधे आम उपभोक्ताओं को मिल सके। उन्होंने कहा कि पारदर्शी, आधुनिक और उपभोक्ता-केंद्रित बिजली वितरण व्यवस्था के निर्माण से देश के बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाए उपलब्ध कराने की दिशा में मदद मिल सकती है।

युवा रालोद में तीन पदों पर नयी नियुक्तियां

लखनऊ। युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल ने संगठन में विभिन्न पदों पर सोमवार को नयी नियुक्तियों की घोषणा की। इसके तहत सीतापुर निवासी प्रियांशु श्रीवास्तव को युवा रालोद का प्रदेश सचिव तथा एडवोकेट रुद्र प्रताप सिंह को लखनऊ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त सिद्धार्थनगर के हरीश पटेल को सिद्धार्थनगर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को आगे बढ़ाने और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने का आह्वान किया।

उत्सव-ए-डांडिया में बेस्ट कपल को मिला पुरस्कार

लखनऊ। राजधानी के बाबूगंज स्थित रामाधीन सिंह उत्सव लॉन में उत्सव-ए-डांडिया 2026 का भव्य आयोजन किया गया। आसरा वेलफेयर फाउंडेशन (पंजीकृत) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गरबा की धुन पर प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। रंग-बिरंगी रोशनी, पारंपरिक परिधान और संगीत से सजी शाम उत्सव के उल्लास से सराबोर रही। संयोजक रूपेश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए बेस्ट एनर्जेटिक कपल और बेस्ट ड्रेस्ड कपल श्रेणियों में विशेष पुरस्कार दिया सुरेश अग्रवाल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में गरबा और डीजे के साथ खानपान, वेलकम ड्रिंक और सेल्फी पॉइंट आकर्षण का केंद्र रहे। युवाओं और परिवारों ने उत्साह के साथ भागीदारी कर आयोजन को यादगार बनाया। वही प्रियंक गुप्ता ने बताया कि गरबा जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में उत्साह, एकता और परंपराओं के प्रति जुड़ाव को मजबूत करते हैं।



बीएलओ घर-घर जाकर ठीक करायेगा मतदाता सूची में नाम और पता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने और उसमें दर्ज विवरण की गड़बड़ियों को दूर करने के लिए मतदाताओं को एक और मौका मिल सकता है। इसके तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) मतदाताओं से फोन के माध्यम से संपर्क कर आवश्यक जानकारी दे सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए और मतदान के समय किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

लखनऊ में विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज नाम, पते और अन्य विवरणों में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित मतदाताओं को उन्हें सही कराने का अवसर दिया जाएगा। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं तक सूचना पहुंचाने से उन लोगों को भी मदद मिल सकती है, जिन्हें मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज होने या विवरण में सुधार प्रक्रिया की जानकारी नहीं है। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना पात्र नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है।

बीएलओ की ओर से फोन पर संपर्क किए जाने की स्थिति में मतदाताओं को अपनी जानकारी की पुष्टि करनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करना चाहिए। किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले फोन करने वाले व्यक्ति की पहचान जरूरी है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या विवरण में संशोधन के लिए निर्वाचन आयोग की निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा।

लखनऊ में 9 विधानसभा क्षेत्र, 30.80 लाख मतदाता : लखनऊ जिले में कुल 9 विधानसभा क्षेत्र हैं। 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 30,80,350 मतदाता व दिव्यांग मतदाता 22,397 दर्ज हैं। इनमें युवा मतदाताओं और नए वोटरों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। जिले की नौ विधानसभा सीटों में मलिहाबाद, बख्शी का तालाब, सरोजनीनगर, लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तर, लखनऊ पूर्व, लखनऊ मध्य, लखनऊ कैंट और मोहनलालगंज शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो चंदा चोरी की जांच : आराधना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' विधायक ने सोमवार को जारी बयान में कहा है कि कांग्रेस की मांग है कि अयोध्या के भगवान श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी के पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराई जाए। चढ़ावे का हिसाब सार्वजनिक हो, सभी जिम्मेदार लोगों की भूमिका की जांच हो और किसी भी पदाधिकारी को जवाबदेही से बचाया न जाए।

उन्होंने कहा कि राम नाम से सत्ता पाई, चंदा चोरी पर चुप्पी छाई। राम जी का नाम लेकर सत्ता में आई भाजपा, चंदा चोरी के पाप से खत्म हो जाएगी। जिस पर आरोप, उसी की सहूलियत के हिसाब से एसआईटी बनाई। 4 जून को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में इस महाचोरी का मामला सार्वजनिक हुआ था, पूरे नौ दिन बाद 13 जून 2026 को यूपी सरकार ने ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी बनाई। 17 अगस्त को गृह विभाग ने इसकी अंतिम रिपोर्ट उसी ट्रस्ट को सौंप दी, जिसमें चंपत राय और अनिल मिश्रा को क्लीन चिट दे दी गई। कैमरे में 105 बार चोरी पकड़ी गई थी। 27 अप्रैल से 5 जून 2026 के बीच की फुटेज में गिनती करने वाले कर्मचारी नोटों की गड्डियां छिपाते दिखे।

खजाने की जिम्मेदारी कोषाध्यक्ष की थी, इसलिए सबसे बड़ा सवाल भी उन्हीं पर है। अयोध्या के संतों ने भी कहा कि कोषाध्यक्ष गोविंद गिरि को पता होना चाहिए था कि पैसा कहां से आ रहा है और कहां जा रहा है। फिर भी 7 जुलाई को उन्होंने चंपत राय की भूमिका होने से इनकार कर दिया। यह नहीं बताया गया कि कितना पैसा या कीमती सामान चोरी हुआ। 23 जून की रिपोर्ट में ही साफ था कि निगरानी के नियम लागू नहीं थे और कंट्रोल रूम कई बार खाली छोड़ा जाता था। इसमें किस-किस की भागीदारी और जिम्मेदारी इस पर जांच क्यों नहीं? 25 जून को एफआईआर और अगले दिन जुड़े आठ लोग गिरफ्तार हुए, लेकिन ट्रस्ट के किसी पूर्व पदाधिकारी का नाम एफआईआर में नहीं है।

24 को मुस्तैद रहें पीडीए प्रहरी व सपा कार्यकर्ता

- सपा अध्यक्ष अखिलेश याद ने दी कार्यकर्ताओं को नसीहत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा के हर सजग-सक्रिय पीडीए प्रहरी को एसआईआर के कारण समस्या झेल रहे मतदाताओं की सहायता करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि 24 अक्टूबर को भी सभी पीडीए प्रहरी पुनः मुस्तैद रहें और मतदाताओं की हर संभव मदद करें।

अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी के सभी नेता, कार्यकर्ता अपने अपने-अपने बूथों पर सतर्क रहें। मतदाता सूची में फर्जी वोटरों का नाम जुड़ने से रोके, असली वोटरों का नाम जुड़वाएं। भाजपा की बेईमानी से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता का भरोसा खो दिया है।

उन्होंने कहा है कि सच तो ये है कि पीडीए समाज का कोई भी व्यक्ति वो चाहे जेल के अंदर हो या बाहर जाति के नाम पर पीड़ा, दुख और अपमान उसे हमेशा ही भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जातिगत गैरबराबरी और असमानता को जड़ से समाप्त करने के लिए पीडीए सरकार का आना ही एकमात्र विकल्प है।

अखिलेश यादव ने विजया दशमी दी की बधाई

लखनऊ। अखिलेश यादव ने विजयादशमी पर्व पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा है कि यह दिन हमें अन्याय पर न्याय की विजय का संदेश देता है। यह सबक भी मिलता है कि अहंकार और अत्याचार का परिणाम सदैव बुरा होता हैं। उन्होंने कहा कि बुराई और असत्य के मुकाबले हमेशा सत्य की जीत होती है। इस विश्वास के साथ पीडीए एकरंगी ताकतों के मुकाबले विजयादशमी पर्व पर विजय के लिए संकल्पित है।

पूर्व मंत्री विद्या चौधरी से मिले सपा अध्यक्ष, जाना हाल



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि मतदाता सूची के एसआईआर के बाद भी वोटरलिस्ट में गड़बड़िया हैं। फर्जी वोट हैं। कई जगह एक-एक व्यक्ति के दो-दो तीन-तीन और चार-चार और 10 वोट हैं। चुनाव आयोग ने भी इन गड़बिड़यों को स्वीकार किया है। आयोग कह रहा है कि छोटी-मोटी गलती है। यह छोटी-मोटी नहीं, बहुत मोटी गड़बड़ी है। पूर्व मंत्री विद्या चौधरी के आवास पर सोमवार को गोमती नगर में पहुंचकर उनका हालचाल जानने के बाद मीडिया से बात करते हुए श्री यादव ने कहा कि पूरा देश जानता है कि जब भाजपा हारने लगती है तो बेईमानी और चोरी करती है। भाजपा चुनाव आयोग की मिलीभगत से बेईमानी करती है। चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम करता है। अगर हम सब विपक्ष और आम जनता चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हैं तो भाजपा को क्यों दर्द होता है? भाजपा क्यों सामने आती है? मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनावों में वोटों की लूट और बेइमानी पर अधिकारियों पर कार्रवाई होना चाहिए।

स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता घर बैठे जान सकेंगे मतदेय स्थल और क्रम संख्या

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी की उप्र विधान परिषद निर्वाचन के मतदाताओं की सुविधा के लिए अनूठी पहल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 05

वृंदावन में बनेगा एआई सिटी व बिजनेस पार्क

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नये केंद्र के रूप में विकसित होगा लखनऊ

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को आधुनिक तकनीक और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में लखनऊ एआई सिटी परियोजना पर काम आगे बढ़ रहा है। इस परियोजना की परिकल्पना प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इकोसिस्टम को विकसित करने, तकनीक आधारित कंपनियों को प्रोत्साहित करने और निवेश के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से की गई है।

प्रस्तावित एआई सिटी के माध्यम से लखनऊ को एक उभरते प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी है। एआई सिटी की स्थापना के लिए तैयार की गई प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट में भूमि चयन, परियोजना की अवधारणा, विकास की संरचना और देश-दुनिया की समान परियोजनाओं के आधार पर बेंचमार्किंग जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का आकलन किया गया है। इस रिपोर्ट के आधार पर वृन्दावन आईटी सिटी को प्रस्तावित एआई सिटी-कम-बिजनेस पार्क के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थल के रूप में चिह्नित किया गया है। परियोजना में रणनीतिक सहयोग विकसित करने और एआई आधारित कंपनियों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय हितधारकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे।

26 जुलाई 2025 को जारी एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) के सापेक्ष 25 से अधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यह पहल परियोजना में संभावित साझेदारों की रुचि और एआई आधारित कारोबारी गतिविधियों के लिए अवसर विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

एआई सिटी-कम-बिजनेस पार्क की योजना तैयार करने, विकास की रूपरेखा बनाने और निवेश आकर्षित करने के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) स्थापित करने की प्रक्रिया के तहत ट्रांजेक्शन एडवाइजर और कंसल्टेंसी संस्था की नियुक्ति की गई है। एआई सिटी की स्थापना से जुड़ी परामर्शी सेवाओं के लिए निविदा प्रक्रिया के माध्यम से कंसल्टेंट का चयन भी किया गया है। निर्धारित निर्देशों के अनुसार, कंसल्टेंट को नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष के भीतर भूमि के संबंध में अंतिम निर्णय लेने और मास्टर डेवलपर को परियोजना से जोड़ने की प्रक्रिया आगे बढ़ानी है। योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य प्रदेश में एआई आधारित उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है।

परियोजना के आकार लेने से लखनऊ में तकनीकी कंपनियों, नवाचार आधारित उद्यमों और निवेशकों के लिए नए अवसर विकसित हो सकते हैं। साथ ही, एआई एवं डिजिटल तकनीक से जुड़े कौशल, अनुसंधान और रोजगार की संभावनाओं को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। लखनऊ एआई सिटी परियोजना प्रदेश को उभरती तकनीकों के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उत्तर प्रदेश में भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए मजबूत आधार तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

कार का टायर फटा, हादसे में दो महिलाओं की मौत, सात घायल

लखनऊ। सैरपुर थाना क्षेत्र में किसान पथ स्थित लोधमऊ-रैथा अंडरपास के पास अचानक कार का टायर फटने से हुए सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गयी, जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार केजीएमयू में जारी है। पुलिस काकहना है कि सोमवार को समय लगभग 04:17 बजे किसान पथ स्थित लोधमऊ-रैथा अंडरपास के पास जायलो कार का टायर फटने से वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे केदौरान कार में कुल 09 लोग सवार थे, जो मां चन्द्रिका देवी के दर्शन कर अपने घर पश्चिम टोला कस्बा थाना निगोहां वाहपस लौट रहे थे।

सूचना प्राप्त होते ही सैरपुर पुलिस, क्रिटिकल टीम व पॉलीगान बौरुमऊ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य करते हुए सभी घायलों को एम्बुलेंस व यूपी-112 के वाहनों से केजीएमयू अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान मीरा देवी (35) पत्नी प्रमोद व राम कुंवारा देवी (65) पत्नी सुंदरलाल की मौत हो गयी, जबकि पिंटू (38), सपना (37) पत्नी पिंटू, नीरज कुमारी (45) पत्नी रामसनेही, नन्हा देवी (65) पत्नी मैकूलाल, प्रभावती (55) पत्नी सुरेश, संदीप (35) पुत्र सुरेश व आर्यन (07) पुत्र संदीप निवासीगण मोहल्ला पश्चिम टोला थाना निगोहां शामिल हैं। डाक्टरों का कहना है कि बेहतर उपचार के लिए पांच लोगों को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का उपचार दूसरे हास्पिटल में जारी है।

सभी की सेहत की सुरक्षा जरूरी : सीएम

- पत्रकार संगठनों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुलाकात कर एक मांग पत्र भी सौंपा। मांग पत्र के जरिए यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन (लखनऊ), मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति गोरखपुर, एवं गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की ओर से संयुक्त रूप से प्रदेश के पत्रकारों को पेंशन दिए जाने का अनुरोध फिर किया। राज्य सरकार ने इस दिशा में कुछ कदम उठाए भी हैं जो सराहनीय है।

यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन लखनऊ के अध्यक्ष शिव शरण सिंह ने बताया कि मांग पत्र के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विभिन्न मांग की गई। संपादकों एवं उपसंपादकों को पेंशन योजना में शामिल किया जाए, जिनका एक भी दिन का पीएफ (प्रोविडेंट फंड) कटा हो। मान्यता की सीमा 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष की जाए तथा मान्यता अवधि लगातार की जगह कुल मान्यता अवधि 10 वर्ष की जाए।

उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, बंगाल आदि राज्यों में न्यूनतम 8 हजार व अधिकतम 15 000 रुपये प्रतिमाह की राशि प्रदान की जा रही है। सभी पत्रकारों और उनके आश्रितों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी की सेहत की सुरक्षा का भरोसा दिया और अन्य मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन लखनऊ के अध्यक्ष शिव शरण सिंह ,आशीष कुमार सिंह एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति, गोरखपुर के अध्यक्ष अरविन्द कुमार राय, गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष ओंकार धर द्विवेदी, पूर्व उपाध्यक्ष अजीत यादव मौजूद रहे।

एसीपी कैसरबाग अभिषेक को बनाया एसीपी हजरतगंज

- इंस्पेक्टर व डीसीपी के बाद अब एसीपी भी हटाये गये

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में फरार श्रद्धा दुबे का के कई वायरल वीडियो वायर हुए हैं, जिसके बाद हजरतगंज पुलिस की छवि धूमिल हो रही है। इससे बचने केलिए अब ताबड़तोड़ एक्शन हो रहा है। पहले इंस्पेक्टर विक्रम सिंह, फिर डीसीपी मध्य विक्रांत वीर हटे और अब एसीपी रजनीश वर्मा को भी दिया गया। रजनीश को हजरतगंज एसीपी के पद से हटाने के बाद सहायक पुलिस आयुक्त अपराध बनाया गया है।

वहीं कैसरबाग के एसीपी अभिषेक कुमार पांडेय को रजनीश की जगह हजरतगंज भेजा गया है। इसके साथ लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में कई अन्य एसीपी के कार्य क्षेत्र भी बदल दिए गए। कारोबारी शिवा की 9 अक्टूबर को मौत हुई थी। मॉडल श्रद्धा दुबे, उसकी बहन समेत पांच के खिलाफ उसी दिन हत्या की एफआईआर दर्ज की गई थी।

वारदात के 11 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं और श्रद्धा वीडियो के जरिए न्यूज एजेंसियों और टीवी चैनलों पर अपनी बेगुनाही का दावा करते हुए छाई रही। श्रद्धा दुबे तक तेजतर्रार यूपी पुलिस नहीं पहुंच पा रही है, लेकिन इनाम 25 हजार से 50 हजार कर दिया है। पुलिस की आंख में मिर्च झोंकर श्रद्धा दुबे के पास एएनआई न्यूज एजेंसी पहुंच गई और उसका साक्षात्कार लिया। यही इंटरव्यू चैनलों और सोशल मीडिया पर आया तो पुलिस की पूरी कार्यप्रणाली ही कटघरे में आ गई।

एक फरार और वांछित मॉडल के इंटरव्यू के लिए न्यूज एजेंसी से सेटिंग करना कोई आसान काम नहीं है। ऐसे में साफ हो गया कि श्रद्धा के नामचीन लोगों और अफसरों से कनेक्शन के जो आरोप लग रहे थे, उसमें कहीं न कहीं सच्चाई है। श्रद्धा ने एक के बाद एक तीन वीडियो जारी कर अपनी बेगुनाही को साबित करने की कोशिश की थी। अब जिस तरह उसने फरारी के दौरान न्यूज एजेंसी को बाइट दी है, साफ है कि कोई नामचीन उसका साथ दे रहा है।

दशहरा, दिवाली व छठ तक यूपी में 24 घंटे रहेगी बिजली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने दशहरा, दीपावली और छठ समेत आगामी त्योहारों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की तैयारी तेज कर दी है। दशहरा (20 अक्टूबर) पर गांव से शहर तक रोशनी बनाए रखने के लिए जनपद, तहसील और ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने इसके लिए पांचों डिस्कॉम क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने का अभियान तेज कर दिया है। विद्युत लाइनों और उपकरणों के रखरखाव के साथ ट्रिपिंग रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक नीतीश कुमार ने बताया कि गांवों, शहरों, नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की तैयारी की गई है। त्योहारों के दौरान बिजली व्यवस्था सुचारु रखने के लिए विभागीय टीमें लगातार सक्रिय रहेंगी। पूर्वांचल, मध्यांचल, पश्चिमांचल और दक्षिणांचल समेत सभी डिस्कॉम क्षेत्रों में बिजली लाइनों और बुनियादी ढांचे का रखरखाव किया जा रहा है।

विद्युत लाइनों के संपर्क में आने वाली पेड़ों की शाखाओं की छंटाई कराई जा रही है, ताकि आपूर्ति बाधित होने और ट्रिपिंग की आशंका कम की जा सके। यूपीपीसीएल के आंकड़ों के मुताबिक, 18 अक्टूबर को प्रदेश में 22,540 मेगावाट बिजली की मांग के सापेक्ष आपूर्ति की गई। इससे पहले 17 अक्टूबर को 23,738 मेगावाट और 16 अक्टूबर को 23,372 मेगावाट बिजली की मांग पूरी की गई थी। विभाग के अनुसार, प्रदेश में बिजली की मांग और आपूर्ति पर निगरानी रखी जा रही है।

एसटीएफ ने दबोचा असलहा तस्कर, तीन पिस्टल बरामद

- मध्य प्रदेश के खंडवा से लाकर बेचता था, असलहे

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने रविवार रात विभूतिखंड स्थित वेव मॉल के पास असलहा तस्करी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जेसे तीन अवैध पिस्टल, चार कारतूस, पिस्टल की मैगजीन बरामद हुई हैं। आरोपी की पहचान प्रतापगढ़ निवासी दुर्गेश पांडेय उर्फ विशु के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने मध्य प्रदेश के खंडवा से पिस्टल लाकर बेचने की बात बताई है। वह अपने परिचितों को पिस्टल की डिलीवरी देने पहुंचा था।



यूपी एसटीएफ पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश कुमार शाही की टीम अवैध असलहों की तस्करी करने वाले गिरोहों के बारे में जानकारी जुटा रही थी। रविवार रात सूचना मिली कि बिहार और मध्य प्रदेश से अवैध असलहे लाने वाले गिरोह के सदस्य लखनऊ में वेव मॉल के पास मौजूद हैं। इस सूचना पर इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने वेव पुलिस चौकी के पास पहुंचकर तलाश शुरू की। सहारा कॉम्प्लेक्स के पीछे एसबीआई बैंक के पास तिराहे पर एक संदिग्ध युवक पीठ पर बैग लटकाए खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह जाने को हुआ, इसी शक में उसे रोककर पूछताछ की गई। आरोपी के बैग की तलाशी लेने पर तीन सिल्वर रंग की 7.65 बोर की पिस्टल मिलीं। तीनों में मैगजीन लगी थीं। इनमें दो पिस्टल पर काले रंग की ग्रिप और एक पर भूरे रंग की ग्रिप लगी थी। आरोपी की जेब से 330 रुपए भी बरामद हुए।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने दोस्त आशीष मिश्रा निवासी गिस्था बड़गवां, थाना महेशगंज, प्रतापगढ़ के जरिए मध्य प्रदेश के खंडवा से अवैध पिस्टल लाता था। इसके बाद उन्हें बेचने का काम करता था। बरामद तीनों पिस्टल भी आशीष के माध्यम से ही लाने की बात बताई। रविवार रात वह अपने परिचितों को पिस्टल की डिलीवरी देने पहुंचा था। एसटीएफ गिरोह के अन्य सदस्यों और अवैध हथियारों की तस्करी के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।

33 केवी लाइन में शॉर्ट सर्किट से दो बच्चे घायल

लखनऊ। चिनहट थाना क्षेत्र में 33 केवी लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से दो बच्चे घायल हो गए। उन्हें केजीएमयू ले जाया गया, जहां एक को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी, जबकि दूसरे बच्चे का इलाज जारी है। घटना थाना चिनहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम नेवादा कीहै, जहां बिजली के भूमिगत 33 हजार वोल्ट की लाइन में शॉर्ट सर्किट हो गया, इस दौरान वहां खेल रहे दो बच्चे उसकी चपेट में आये और घायल हो गए। सूचना प्राप्त होने पर चिनहट पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की। घायल बच्चों में रहमत अली (08) पुत्र मोहम्मद रफीक और मोहम्मद समद (11) पुत्र सरफुद्दीन अली शामिल हैं। घायल बच्चों में रहमत अली को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर केजीएमयू में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं, मोहम्मद समद को मामूली चोट होने केकारण प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजदिया गया है। घटना के संबंध में संबंधित विद्युत विभाग को सूचित कर विद्युत लाइन को दुरुस्त कराने की कार्रवाई की जा रही है।

सरदार पटेल की जयंती मनायेगा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा

लखनऊ। भाजपा पिछड़ा मोर्चा उत्तर प्रदेश 31 अक्टूबर को लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती प्रदेश के सभी 98 संगठनात्मक जिलों में भव्यता के साथ मनाएगा। यह निर्णय लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रदेश पदाधिकारी बैठक में लिया गया। बैठक में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य प्रकाश पाल ने कहा कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक स्वार्थों के चलते हमेशा सरदार पटेल के ऐतिहासिक योगदान को कमतर दिखाने का प्रयास किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित कर लौहपुरुष के व्यक्तित्व और कृतित्व को वैश्विक सम्मान दिलाया।

दो युवकों में विवाद, पिस्टल से फायर झोंका

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में शनिवार को कार पार्किं के मामूली सी बात पर दो युवकों के बीच हुए विवाद में एक युवक ने दूसरे पर अवैध पिस्टल से फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली मिस हो गई, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूरज पल्ली सरोजनीनगर निवासी युवराज गुप्ता रविवार को अपने निजी काम से सेंटरम होटल, डांडिया ग्राउंड आए थे। वह अपनी कार सड़क किनारे पार्क कर रहे थे, तभी आगे खड़ी काली फॉर्च्यूनर से एक युवक उतरा और कार पीछे लगाने को लेकर गाली-गलौज करने लगा। युवराज ने विरोध किया तो आरोपी अपनी फॉर्च्यूनर से पिस्टल निकाल लाया। पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी दी और फायर कर दिया। गोली मिस हो गई तो युवराज भागकर अपनी कार में छिप गए और 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने होटल से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

फैजुल्लागंज में महापौर ने सुनीं समस्याएं



लखनऊ। नगर निगम के जोन-3 और जोन-6 के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने फैजुल्लागंज में अस्थायी कैंप कार्यालय स्थापित किया। महापौर ने कैंप में स्थानीय निवासियों की शिकायतें सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिकता है।

इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि बाढ़ के दौरान जिन क्षेत्रों में पानी भरा था, वहां नाव के माध्यम से पहुंचकर लोगों तक सहायता पहुंचाई गई। शासन की ओर से सूखा राशन उपलब्ध कराने के साथ ही नगर निगम की ओर से भोजन तैयार कराकर प्रभावित लोगों को वितरित किया गया, ताकि संकट की इस घड़ी में परिवारों को आवश्यक सहायता मिल सके। महापौर ने कहा कि जलस्तर कम होने के बाद लोग धीरे-धीरे अपने घरों को लौट रहे हैं। ऐसे में घरों और आसपास के क्षेत्रों में सफाई कराना, दवाओं का छिड़काव करना तथा संक्रमण और बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाना जरूरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता और जनस्वास्थ्य से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति से बचाव के लिए स्थायी समाधान की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बांध परियोजना के लिए धनराशि आवंटित हो चुकी है। महापौर ने यह भी बताया कि प्रभावित परिवारों को अगले एक महीने तक स्वच्छ पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की जरूरतों के अनुसार राहत और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

राशन वितरण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : महापौर ने कहा कोई कोटेदार पात्र लाभार्थियों को राशन देने में लापरवाही करता है या राशन देने से मना करता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

फैजुल्लागंज में जहरीले जंतुओं का खतरा, रेस्क्यू टीम का सहारा : फैजुल्लागंज में बाढ़ का पानी उतरने के बाद अब लोगों के सामने जहरीले जंतुओं का खतरा खड़ा हो गया है। घरों में जमा कीचड़ और मलबे की सफाई के दौरान सांप, बिच्छू और गोह निकल रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद रेस्क्यू टीम समय पर नहीं पहुंचती, जिससे उन्हें खुद ही इन जंतुओं को मारना पड़ रहा है। गणेश विहार निवासी अशोक के घर की सफाई के दौरान आलमारी के ऊपर सांप बैठा मिला। उन्होंने राहत शिविर के कंट्रोल रूम पर फोन कर मदद मांगी, लेकिन आरोप है कि घंटों इंतजार के बाद भी टीम नहीं पहुंची। आखिरकार मोहल्ले के लोगों ने सांप को मार डाला।

डेंगू की आठ नये मरीजों में पुष्टि

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में डेंगू की आठ नये मरीजों में पुष्टि की गयी है। इंदिरानगर में तीन, सिल्वर जुबली क्षेत्र में दो और चंदरनगर, अलीगंज व टुड़ियागंज में एक-एक मरीज में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं, जलभराव और संक्रमण के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने फैजुल्लागंज क्षेत्र में सर्वेक्षण और दवाओं के वितरण का अभियान चलाया।

सीएमओ डा. एनबी सिंह के निर्देश पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फैजुल्लागंज की प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. आसमा के नेतृत्व में आशा और एएनएम की टीम ने जुगल विहार कॉलोनी और नंदा फार्म में 55 घरों का स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया। इस दौरान लोगों को जरूरी दवाएं, क्लोरीन की गोलियां और ओआरएस पैकेट दिए गए। साथ ही लोगों को साफ-सफाई और बीमारियों से बचाव के बारे में बताया गया। इसके अलावा मिलत नगर की कच्ची ढाल में मोबाइल मेडिकल यूनिट ने 32 लोगों को चिकित्सा उपलब्ध करायी गयी।

रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में डीजी को मिलीं कई कमियां

लखनऊ। राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में सोमवार को औचक निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डा. पवन कुमार अरुण को कई खामियां मिली। वह नयी बिल्डिंग स्थित आथोपैडिक्स विभाग के प्लास्टर कक्ष पहुंचे। यहां संजय नगर निवासी अनीसा ने बताया कि हाथ में प्लास्टर चढ़ाने के लिए रुपये लिए गये लेकिन रसीद नहीं दी गयी। इस पर महानिदेशक ने संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। अस्पताल अधीक्षक डा. शशांक कुमार के अनुसार प्लास्टर चढ़ाने से पहले रसीद दी जाती है। महिला के पास रसीद नहीं मिलने पर कर्मचारी को हटाया गया। महानिदेशक ने मरीजों से रुपये लेने की शिकायतों की जांच कराने के भी निर्देश दिये।

महानिदेशक को अस्पताल में स्ट्रेचर का पहिया गायब मिला। 108 एम्बुलेंस की सीट का कवर फटा था। एसी भी खराब मिला। बदहाल व्यवस्थाओं पर महानिदेशक ने नाराजगी जताई। ईएमटी निर्धारित ड्रेस में नहीं था। महानिदेशक ने संबंधित एजेंसी से शिकायत करने को कहा। अस्पताल की सभी जांचों की रिपोर्ट ऑनलाइन करने के निर्देश भी दिए। अस्पताल की इमरजेंसी, चेस्ट ओपीडी, एक्सरे और अल्ट्रासाउंड कक्ष का निरीक्षण किया। मरीजों से दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। इसके बाद दवा स्टोर में भी खामियां मिली। दूसरी तरफ लोकबंधु अस्पताल में वार्डों, ओपीडी, मेडिसिन काउंटर, दवा स्टोर और ब्लड बैंक का निरीक्षण किया गया। बेडशीट साफ रखने, व्हीलचेयर और स्ट्रेचर व्यवस्थित रखने तथा जरूरतमंद मरीजों को तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

एंटी-डी इंजेक्शन की उपलब्धता और मंत्रा ऐप पर उसका विवरण नियमित अपलोड करने को कहा गया। गर्भवती महिलाओं की एएनसी स्क्रीनिंग, ट्रायेज व्यवस्था और एफसीएम इंजेक्शन की उपलब्धता भी परखी गई। अस्पताल परिसर और वार्डों में सफाई व्यवस्था की जांच के दौरान कुछ जगह गंदगी मिलने की बात सामने आयी।

कारोबारी पर हमले में तीन गिरफ्तार

लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र में कारोबारी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान तरुण कश्यप, ललित और विष्णु के रूप में हुई है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किए गए तीन स्टंप भी बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, तीनों आरोपियों को सोमवार रात करीब 10:10 बजे वलीनगर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, किला मैदान निवासी मोहम्मद इमरान मंसूरी 12 अक्टूबर को सागर ताला स्थित अपने घर से क्रेटा कार से दुबग्गा स्थित कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान गोला कुआं वाली सड़क पर पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में इमरान को गंभीर चोटें आई थीं। पीड़ित की तहरीर के आधार पर काकोरी थाने में आमिर, सुब्रत उर्फ आकाश यादव, सलमान, उबैद और अन्य अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान तरुण कश्यप (19), ललित (20) और विष्णु (19) के नाम सामने आए।

ध्रुव अध्यक्ष व देवेश बने महामंत्री

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण कर्मचारी संगठन (सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित अधिवेशन में किया गया। ध्रुव मल्होत्रा को संगठन का अध्यक्ष और देवेश प्रसाद शुक्ला को महामंत्री चुना गया। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नई कार्यकारिणी में महेंद्र कुमार दीक्षित को संरक्षक और ललित यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। रमेश चन्द्र शुक्ला, राजेश कुमार सिद्धार्थ, अवधेश कुमार, साकेत शर्मा और हरीश चन्द्र को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। धर्मेंद्र मिश्रा को कोषाध्यक्ष और लक्ष्मी शंकर दीक्षित को कार्यालय मंत्री बनाया गया है। संदीप वर्मा और गुरुबक्श सिंह संयुक्त मंत्री, संदीप पाल और हर्ष यादव संगठन मंत्री तथा विनय कुमार सिंह और धर्मेंद्र गिरि प्रचार मंत्री चुने गए हैं।



समान वेतन को लेकर डाक्टरों का धरना जारी

लखनऊ। समान काम के लिए समान वेतन की मांग को लेकर ईको गार्डन में भूख हड़ताल कर रहे बांड एमबीबीएस डॉक्टरों की तबीयत बिगड़ने लगी है। शनिवार रात भूख हड़ताल पर बैठे डॉ. राज की हालत खराब हुई। इसके बाद उन्हें लोकबंधु अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के कुछ समय बाद साथी डॉक्टर उन्हें वापस ईको गार्डन ले आए। भूख हड़ताल पर बैठे तीन अन्य डॉक्टरों की भी तबीयत खराब है। उनका वजन कम हो रहा है और कमजोरी बढ़ रही है। इसके बावजूद आंदोलनकारी डॉक्टरों ने कहा है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे हड़ताल जारी रखेंगे। ईको गार्डन में सीएचसी और पीएचसी में तैनात बांड डॉक्टर पिछले चार दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर फैसला नहीं लेती, उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी।

फैजुल्लागंज में 10 बेड का अस्थायी अस्पताल शुरू

लखनऊ। फैजुल्लागंज में बाढ़ का पानी उतरने के बाद बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इससे निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 10 बेड का अस्थायी अस्पताल शुरू किया है। यहां रोजाना मौसमी बीमारियों से पीड़ित 50 से 60 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। अस्पताल में सुबह आठ से रात आठ बजे तक ही इलाज की सुविधा मिल रही है। गंभीर मरीजों को दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट करने के लिए इलाके में 24 घंटे एम्बुलेंस तैनात की गयी है। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मचारियों की तैनाती की है। जरूरी दवाओं का इंतजाम भी किया गया है। सामान्य मरीजों को भर्ती करने की सुविधा उपलब्ध है। 27 टीमें घर-घर जाकर बीमारको दवाएं बांट रही हैं।

आग से लाखों की सम्पत्ति राख, स्कूटी भी जली

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में एक मकान में आग लगेने से अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पाकर पीजीआई व सरोजनीनगर फायर स्टशनों से दो दमकल और अन्य उपकरण लेकर दमकलकर्मी मौकेपर पहुंचे और आग को काबू पाया। आग लगने से मकान में रखा लाखों काघरेलू सामान व स्कूटी जलकरनष्ट हो गयी। रविवार रात करीब 23:23 बजे फायर स्टेशन पीजीआई को सूचना प्राप्त हुई कि दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास, एनसीसी कार्यालय के सामने, एल्डिको उद्यान-2 स्थित एक मकान में आग लग गई है।

वाइटैलिटी वेलनेस प्रोग्राम लॉन्च

लखनऊ। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने अपने वेलनेस प्रोग्राम वाइटैलिटी को नए फीचर्स और रिवॉर्ड्स के साथ पेश किया है। इसका उद्देश्य बीमा सुरक्षा के साथ लोगों को नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और स्वास्थ्य जांच जैसी आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कंपनी के अनुसार, करीब 4.65 लाख सदस्यों पर किए गए सात वर्षीय अध्ययन में सक्रिय जीवनशैली अपनाने वाले लोगों में मृत्यु जोखिम 57 प्रतिशत तक कम पाया गया।

सेवानिवृत्त दारोगा व पत्नी को पड़ोसी ने पीटा

लखनऊ। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के पंडित खेड़ा में अपने परिवार संग रहने वाले रिटायर्ड दारोगा व उनकी पत्नी को पड़ोसी ने मामूली कहासुनी में लाठी-डंडों से हमला कर पीट दिया। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत स्थानीय थाने में दी। पीड़ित की शिकायत पर रविवार देर शाम को मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के पंडित खेड़ा स्थित जयपुरिया स्कूल के निकट अपने परिवार संग रहने वाले पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह के अनुसार उनके पड़ोस में रहने वाले आशीष द्विवेदी अपने मकान का निर्माण करवा रहे हैं। आरोप है कि शनिवार की शाम करीब 6:30 बजे वह घरेलू सामान लेकर बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क घेर कर खड़े आशीष के मजदूरों को रास्ता छोड़कर साइड में खड़े होने की बात कही, तो गुस्साए आशीष और उनकी पत्नी ने लाठी-डंडे से उन पर हमला कर दिया। पीड़ित ने स्थानीय कृष्णानगर थाने में मामले की लिखित शिकायत दी।

देवभूमि की गरिमा, संवैधानिक मर्यादा सर्वोपरि

उत्तराखंड के राज्यपाल के रूप में डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने ली शपथ

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के राज्यपाल के रूप में डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने नई जिम्मेदारी संभालने के उपरांत कहा कि देवभूमि की सेवा करना उनके लिए गर्व का विषय है। उत्तराखंड की धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली सैन्य परंपरा और मेहनतकश जनता प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत हैं। इन विशेषताओं को संरक्षित रखते हुए राज्य को विकास की



दुर्गा पूजा पंडाल में संधि पूजा के दौरान दीप जलाती महिला



पूजा पंडाल में धनूचि आरती करते श्रद्धालु



मां दुर्गा की हुई विशेष पूजा-अर्चना फोटो-अमित वर्मा

दुर्गा पूजा : धुनुचि आरती संग भक्तों ने की मां दुर्गा की आराधना





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। महानवमी पर एक बार फिर अवध नगरी बंगाल के सांस्कृतिक रंगों से रंगी नजर आई। कोलकाता के पंडालों में होने वाली दुर्गा पूजा की तर्ज पर राजधानी के तमाम पूजा पंडालों में सुबह महानवमी पूजा हुई और शाम को धुनुचि आरती से मां की आराधना की गई।

भक्त भी धुनुरचि आरती कर मां को मनाते नजर आये। कई पंडालों में धुनिचि आरती की प्रतियोगिताएं भी हुईं। इंदिरानगर हो या आशियाना, बंगाली क्लब, सुंदरबाग, मॉडल हाउस, जानकीपुरम हो या गोमतीनगर सभी पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरी नजर आई। शाम को दुर्गा पूजा पंडालों में आखिरी दिन होने के कारण रौनक एकदम बढ़ गई। मां के दर्शन के लिये शहर के सभी पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ से खचाखच भरे रहे। बंगाली समाज द्वारा आयोजित की जाने वाली दुर्गा पूजा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और बच्चों ने हिस्सा लिया। एक ओर इन पंडालों में मशहूर ढाक पर महिलाएं पारंपरिक बंगाली साड़ी पहन हाथों में धनुची लिए मां की आराधना में लीन नजर आईं तो दूसरी ओर एक दूजे से नवरात्र की खुशियां बांटते लोग दिखाई दिये। 103 साल पुरानी बंगाल क्लब की पूजा समिति में शाम को धुनुचि नृत्य हुआ।

ढाक की थाप पर झूमे भक्त: दर्जनों ढाकियों की थाप के स्वर जब गूंजे तो हर कोई भक्त झूम उठा। यह नजारा था राजधानी लखनऊ के पूजा पंडालों का। बुधवार को कैसरबाग स्थित प्रतिष्ठित कालीबाड़ी मन्दिर में ढाक वादन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ढोल, शहनाई कांसा के संग जब ढाक प्रतियोगिता शुरु हुई तो हर कोई मां की भक्ति में भक्तिमय हो गये। कोई मां की आराधना मन्दिर में कर रहा था तो कोई ढाक की धुन पर झूम रहा था। अजय घोष के संयोजन में शुरु हुई प्रतियोगिता में शहर में चल रही दुर्गा पूजा के अधिकांश पाण्डालों से आकर ढाकियों ने मन्दिर में मां के सामने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मंदिर परिसर को गुलाब गेंदा के फूलों और गुब्बारों से सजाया गया।

मानस एनक्लेव में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन: इंदिरा नगर आवासीय महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी इंदिरा नगर प्रियदर्शनी वार्ड के मानस एनक्लेव में मां कल्याणी कालीबाड़ी मंदिर में भव्य तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन हुआ है। इस आयोजन में चंडी पाठ डांडिया नृत्य, शंख एवं धुनुचि नृत्य के कार्यक्रम का दिन भर आयोजन चलता रहा है साथ ही सभी ने भोग प्रसाद खाकर मां दुर्गा के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुशील भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष गौतम अधिकारी, दीपक बनर्जी, पीके डे, दीपक बनर्जी, देवाशीष बनर्जी सहित समिति के अन्य सदस्य शामिल रहे।

सुंदरबाग में भारी भीड़ उमड़ी: विक्टरी इलेवन ब्वाजय एंग्लो कॉलेज सुंदरबाग में शाम को मां के दर्शनों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां धुनिचि नृत्य के साथ समाज के लोगों के सांस्कृतिक आयोजन भी हुए। श्रीश्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा भूतनाथ पंडाल में भी यही नजारा रहा। रवीन्द्रपल्ली दुर्गा पूजा में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समा बांधा।

संगीत की छटा बिखेरी: कोलकाता से आये कलाकारों ने विद्यांत हिन्दू डिग्री कॉलेज में आयोजित दुर्गा पूजा में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में भाग लिया। इंदिरानगर सेक्टर सी में आयोजित सांस्कृतिक सम्मलिनी दुर्गा पूजा में शाम को कोलकाता के कलाकारों ने संगीत की धुनें बिखेरेंगीं।

रामकृष्ण मठ में कन्या को सजाकर की कुमारी पूजा: निराला नगर के रामकृष्ण मठ में सोमवार को मां के सजीव स्वरूप में पांच साल की कन्या को भव्य रूप से सजाकर कुमारी पूजा हुई। मठ में महा अष्टमी पर कुमारी पूजा का विशेष महत्व है। श्री श्री दुर्गा पूजा समारोह 2026 के मौके पर मठ की ओर से हुई पूजा में दुनिया भर से बड़ी संख्या में भक्त जुड़े। पूजा देखी और पुजारी के कहे मंत्रों का उच्चारण किया। मौके पर मौजूद भक्तों ने देवता को फूलए चंदन का लेप चढ़ाया। दोपहर बाद भक्तों को पका हुआ प्रसाद वितरित किया गया।

सिंदूर खेला के साथ होगा दुर्गा पूजा का समापन: दुर्गा पूजा पण्डालों में मंगलवार को विजय दशमी पर सिंदूर खेला के साथ दुर्गा पूजा का समापन होगा। सुबह माता की आरती कर विवाहित महिलाएं मां के माथे पर सिंदूर लगाकर मां को भोग लगाएंगी। इसके बाद सभी महिलाएं एक दूसरे के माथे गालों पर सिंदूर लगारक सिंदूर खेला खेलेंगी। इसके बाद मां की प्रतिमा का विसर्जन होगा।

कालीबाड़ी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु: राजधानी लखनऊ के फरीदी नगर, इंदिरा नगर स्थित कालीबाड़ी मंदिर में सांस्कृतिक सम्मेलिनी 2026 की ओर से शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नौ दिनों तक चले नवरात्रि महोत्सव में प्रतिदिन मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

तीन घाटों समेत छह जगह होगा मां की प्रतिमाओं का विसर्जन

लखनऊ। राजधानी के दुर्गा पंडालों में विराजीं जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार को विधि विधान पूजन के बाद से शुरू कर दिया जाएगा। आचार्यों के मुताबिक विजय दशमी के दिन सुबह से ही विसर्जन का शुभ मूहुर्त है। बंगाली समाज के लोग सिंदूर उत्सव या सिंदूर खेला के बाद धूमधाम से नाचते.गाते प्रतिमाओं का विसर्जन करने जाते हैं। प्रशासन ने विसर्जन के लिए घाटों पर पुलिस, पीएसी और बैरिकेडिंग लगा दी है। साथ ही अपील की है कि सुबह ही प्रतिमाओं का विसर्जन कम से कम सदस्यों की संख्या में करना शुरू कर दें।

तीन घाटों पर होगा विसर्जन : दुर्गा पूजा विसर्जन कमेटी के प्रमुख ने बताया कि राजधानी में 124 मूर्तियों का विसर्जन होगा। बाराबंकी से चार बड़े पूजा पंडाल से प्रतिमाएं विसर्जन के लिए आती हैं। नादरगंज से दो प्रतिमाएं आएंगी। झूलेलाल घाट पर पांच गड्ढे बनाए गए हैं। दो छोटे व दो बड़े और एक सबसे बड़ा गड्ढा बनाया गया है। इसमें एक सूखा घाट है, जिसमें पंडालों में उपयोग हुई पूजन सामग्री डाली जाएगी। दो गड्ढे एक-एक सूखा व पानी वाला लक्ष्मण मेला मैदान के घाट पर किए गए हैं। वहीं, कुड़ियाघाट पर भी विसर्जन होगा। निराला नगर के रामकृष्ण मठ प्रशासन विशाल प्रतिमा को अपने बीकेटी स्थित परिसर में करेगा। ऐसे ही सहारा शहर में सहारा के प्रमुख सुब्रत राय परिवारिक सदस्यों के साथ और बंगाली क्लब प्रबंधन अपने ही परिसर में प्रतिमा का भूविसर्जन करेगा।



नवमी : कन्या पूजन कर पाया व्रत का आशीर्वाद





लखनऊ। नवरात्र के नौंवे दिन सोमवार को महानवमी पर मंदिरों व घरों में देवी के सिद्धिदात्री स्वरूप का पूजन किया गया। इस मौके पर हवन और धार्मिक अनुष्ठान हुए। विधि-विधान से देवी की आरती के बाद घरों में कन्या पूजन किया गया।

कन्याओं के पैर धोकर उन्हें हलवा, पुरी, चने, खीर आदि का भोग लगाया गया। साथ ही उन्हें चुनरी, उपहार और भेंट दिए। शारदीय नवरात्र के नौवें दिन बुधवार को मां आदिशक्ति भगवती के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की आराधना के लिए देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। चौक का बड़ी काली जी मन्दिर हो या फिर अन्य देवी मन्दिर हो हर जगह मां के भक्तों का मेला दिख रहा था। मन्दिरों में जय माता दी और सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते के श्लोक गूंज रहे थे। नवरात्र में नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की जाती है, मां सिद्धिदात्री सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। आज के दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। ब्रह्मांड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है। मां सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को ये सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवीपुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इनकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण वे लोक में अर्द्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली हैं। इनका वाहन सिंह है। ये कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं। इनकी दाहिनी तरफके नीचे वाले हाथ में कमलपुष्प है।

हवन के बाद कन्या पूजन: नवरात्र की नवमी को मां सिद्धिदात्री की पूजा के साथ लोगों ने कन्याओं को भोज कराया। नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। इस लिए मंदिरों हो या फिर घर सभी जगहों पर कन्याओं को भोज कराया गया। भेजन के बाद उन्हें दान दक्षिणा व उपकहार भेंट दिया। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि नवरात्र में कन्या पूजन करने का विशेष महत्व है। नवरात्र में छोटी कन्याओं में माता का स्वरूप बताया गया है। उन्होंने बताया कि नवमी तिथि का हवन आदि करने के बाद कन्याओं का पूजन करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

501 से अधिक कन्याओं का किया गया पूजन

लखनऊ। सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुआई में नवरात्र के पावन अवसर पर नवमी के दिन सोमवार 19 अक्टूबर को नवरात्र का विशेष सत्संग एवं वृहद कन्या पूजन का अनुष्ठान किया गया। यह अनुष्ठान दो चरणों में सम्पन्न हुआ। पहले चरण में देवा रोड स्थित प्रतिष्ठा श्री परमानंद हरि हर मंदिर में दोपहर में हवन-पूजन-कीर्तन किया गया। इस अनुष्ठान का समापन भव्य और दिव्य भंडारे से हुआ। दूसरे चरण में चिनहट वी-मार्ट के पास स्थित रजत डिग्री कॉलेज के सामने स्थित पावन सनातन धाम लॉन में सत्संग और कन्यापूजन का भव्य अनुष्ठान हुआ। इस अवसर पर 501 से अधिक कन्याओं का पूजन किया गया। बच्चियों में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्हें पुस्तकें, वस्त्र, स्टेशनी आदि की भेंट दी गईं। सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने बताया कि नवरात्र के अवसर पर अपने कल्याणकारी संदेश में यह आध्यात्मिक सत्य का उद्घाटन किया है कि नवरात्र महज व्रत, फलाहार, कीर्तन और डांडिया नहीं है। यह वह नौ दिन हैं जब आप अपनी दैनिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए आंतरिक चेतना को जागृत करते हैं किन्तु अमूमन लोग नवरात्र में अपने दैनिक कर्तव्यों से विमुख हो जाते हैं पर यह उनके लिए सबसे बड़ा पाप बन जाता है इसीलिए नवरात्र में ऐसे व्यक्ति को यथेष्ठ फल की प्राप्ति नहीं हो पाती है। कर्तव्यों का पालन ही तो हमारा धर्म है। आंख का धर्म देखना है जबकि नाक का श्वास लेना इसलिए सच्चा सनातनी वह है जो अपने दैनिक कार्यों के धर्म का पालन करता है। मां भी उनसे प्रेम करती हैं जो अपने धर्म का पालन करता है। ऐसे में हमें अपने समस्त दैनिक कार्यों को सहर्ष करते हुए नवरात्र की आराधना करनी चाहिए। आदिशक्ति मां के आशीर्वाद से जीवन में चाहे जितना बड़ा संकट आ जाए वह सूखे पत्तों की तरह सहजता से झड़ जाता हैं। वास्तव में नवरात्र का तात्पर्य जीवन का नवप्रभात है। नवरात्र में रात्रि 12:30 के बाद दिन पलटता है जिससे परिस्थितयां बदलनी शुरू हो जाती है। दैनिक चक्र उस समय नए क्रम में प्रवेश करता है। उस दौरान किया हुआ तप, पूजन और अराधना, व्यक्ति के जीवन के समस्त कष्टों को दूर करती हुई मनवांच्छित फलों की प्राप्ति करवाती है। मां दुर्गा हिंदू धर्म में सर्वोच्च शक्ति, ब्रह्मांड की माता और आदि पराशक्ति का स्वरूप हैं। उन्हें सृष्टि, स्थिति और संहार की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। 'दुर्गा' शब्द का अर्थ है जिसे भेदना या जीतना असंभव हो।

सागर पर सिंधु बांध वानर सेना के साथ लंका पहुंचे प्रभु श्रीराम

विजय दशमी आज, 75 फुट के मूविंग रावण का होगा दहन, एक घंटे तक आतिशबाजी से जगमग रहेगा आकाश




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ । सोमवार को ऐशबाग की ऐतिहासिक रामलीला के मंच का मंचन हनुमान जी द्वारा लंका दहन के उपरांत वानर दल मे वापस लौटने के साथ होती है। जहाँ बजरंगबली भगवान श्रीराम को माता सीता की खोज से लेकर लंका दहन तक का वृतांत सुनाते हैं और माता सीता द्वारा दिया गया चूड़ामणि प्रदान करते हैं जिसे देख श्रीराम व्यथित हो उठते हैं और उसके बाद वानर दल से परामर्श कर लंका पर चढाई करने की योजना बनाते हैं ।

अगले दृश्य में लंका के दरबार से अपने भाई विभीषण को अपमानित कर रावण उसका बहिष्कार कर देता है । जिससे व्यथित विभीषण भगवान श्रीराम की शरण में आ जाते हैं जहाँ प्रभु उन्हे अपना मित्र बनाने के उपरांत उनका राजतिलक कर लंका का राजा घोषित कर देते हैं । जो संपति सिव रावनहि, दीन्हि दिएँ दस माथ। सोइ संपदा बिभीषनहि, सकुचि दीन्हि रघुनाथ॥ इसके उपरांत श्रीराम युद्ध की तैयारी कर तीन दिनों तक समुद्र से लंका जाने हेतु सुगम मार्ग देने की विनय याचना करते हैं परंतु इसक कोई प्रतिफल होता देख उन्हे सागर पर क्रोध आ जाता है । विनय न मानत जलधि जड़, गए तीन दिन बीति। बोले राम सकोप तब, भय बिनु होय न प्रीति।। मयार्दा पुरुषोत्तम का रौद्र रूप देख समुद्र देव भय से कांपते प्रकट होते हैं और श्रीराम को दो विश्वकर्मा पुत्रों नल और नील के बारे में बताते हैं जिन्हे ऋषि श्राप था की उनके फेंके पत्थर पानी में नही डूबेंगे यदि उनके द्वारा सेतु निर्माण किया जा सके तो लंका तक जाने का सुगम मार्ग तैयार किया जा सकता है । यह सुनते ही वानर भालू हर्ष ध्वनि में श्रीराम की जयकार करने लगे जिनका साथ दर्शकों की भीड़ ने भी खूब दिया जय श्री राम के उद्घोषों से पूरा प्रांगण गुंजायमान हो उठा।

अगले दृश्य में लंका पहुंच कर श्रीराम द्वारा अंगद को शांति प्रस्ताव हेतु भेजा जाता है जहाँ रावण अंगद संवाद और अंगद द्वारा रावण दरबार मे पैर जमाने की लीला ने दर्शकों को खूब हर्षित किया । जिसके बाद ही प्रभु श्रीराम रावण से युद्ध की घोषणा कर देते हैं और फिर होती है गुरुमुख वध, राजकुमार पुहस्त वध और कुंभकर्ण को नींद से जागृत करने की लीला इसी क्रम मे रावण का कुंभकर्ण के साथ संवाद का दृश्य मंचित होता है जिसमे कुंभकरण बड़े भाई को श्रीराम की शरण मे जाने और सीता को वापस लौटाने के नीतिगत सुझाव देता है पर रावण उन्हे ठुकरा देता है । जिस कारण विवश हो कर कुंभकर्ण युद्ध के लिए मैदान मे आ जाता है यहाँ उसका अपने छोटे भाई विभीषण से संवाद दृश्य दिखाया जाता है । अगले ही दृश्य में युद्ध के लिए रणभूमि में आए कुंभकर्ण



को श्रीराम अपने इंद्रास्त्र से वध कर देते हैं। लीला के मंचन का समापन कुंभकर्ण वध के बाद क्रोध से भर कर युद्ध के मैदान में उतरे रावण के पुत्र मेघनाथ द्वारा अपने नागपाश अस्त्र से श्रीराम और लक्ष्मण को बांध लेना का होता है जिसके बाद रामादल में कौतूहल पैदा हो जाता है । सोमवार को रामोत्सव के सांस्कृतिक मंच का आरंभ कलाकारों ने निशि मिश्रा के नृत्य निर्देशन में प्रदर्शित किया इसके उपरांत अमृत सिन्हा के निर्देशन में कलाकारों ने विभिन्न भाव नृत्यों की प्रस्तुतियां दीं । नन्ही दीक्षिता शुक्ला की एकल नृत्य प्रस्तुति ने भी श्रोताओं को खूब आकर्षित किया । ऐशबाग श्रीरामलीला समिति के अध्यक्ष हरीशचंद्र अग्रवाल ने बताया की मंगलवार को दहशरा पर्व के अवसर पर 75 फिट का मूविंग रावण दहन किया जाएगा पुतले में स्वदेशी ईको फ्रेंडली पटाखे लगाए जाएंगे । रावण का पुतला दिल्ली से आए इमरान और उनके साथियों ने तैयार किया है इसे बनाने में करीब एक माह का समय खर्च हुआ है। श्री अग्रवाल ने बताया मंगलवार को विजयदशमी पर्व के अवसर पर रावण दहन से पूर्व रामलीला के मंच पर लक्ष्मण शक्ति लगने, हनुमान जी द्वारा संजीवनी हेतु पर्वत लाने के साथ ही मेघनाथ और रावण के वध तक की लीलाओं का मंचन प्रमुख रूप से किया जाएगा जिसके साथ आतिशबाजी भी की जाएगी ।

हनुमान ने जलायी सोने की लंका, अंगद ने रावण के दरबार में जमाया पैर



लखनऊ। सेक्टर-ए सीतापुर रोड योजना कॉलोनी में चल रहे 34वें रामलीला समारोह के चौथे दिन सोमवार को हनुमान जी के लंका दहन और अंगद-रावण संवाद के सजीव मंचन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। हनुमान जी की वीरता, माता सीता के प्रति उनकी भक्ति और अंगद के आत्मविश्वास से भरे संवादों ने उत्साह का माहौल बना दिया। मंचन का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा एवं अन्य अतिथियों ने मां दुर्गा जी की आरती कर किया। अशोक वाटिका उजाड़ने और राक्षसों का संहार करने से क्रोधित रावण के आदेश पर हनुमान जी की पूंछ में आग लगा दी जाती है। इस पर हनुमान जी रावण को ललकारते हुए कहते हैं कि अब यही पूंछ उसके अभिमान को चूर कर देगी। इसके बाद हनुमान जी अपनी जलती पूंछ से सोने की लंका में आग लगा देते हैं। देखते ही देखते पूरी लंका धू-धू कर जल उठती है। इसके बाद हनुमान जी माता सीता के पास पहुंचते हैं। जहाँ अपनी चूड़ामणि सौंपकर माता सीता यह कहते हुए हनुमान को विदा करती हैं कि इसे प्रभु श्रीराम के चरणों में रख देना। माता सीता से आज्ञा लेकर हनुमान जी समुद्र पार कर वानर सेना के पास लौट आते हैं। कलाकारों ने बालि वध, माता सीता की खोज, लंका दहन, विभीषण शरणागति, राजकुमार वध और अंगद-रावण संवाद का प्रभावशाली मंचन किया। अंगद-रावण संवाद के दौरान अंगद का रावण के दरबार में पैर जमाकर चुनौती देना आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। अंगद के दृढ़ संकल्प, साहस और श्रीराम के प्रति अटूट निष्ठा को देखकर दर्शकों ने उनके चरित्र की सराहना की। लंका दहन और अंगद संवाद के दृश्यों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

संक्षेप

कमलापुर में चोरों का तांडव, 25 लाख के जेवरात पार

सीतापुर। कमलापुर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। बरईखेड़ा गांव में रविवार की देर रात सेंध लगाकर घर में घुसे चोर अलमारी से 40 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात समेट ले गए। चोरी गए जेवरात की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। बेटी की आहट पर नींद खुलने और शोर मचाने से चोर मौके से भाग निकले।गांव निवासी मदनलाल पुत्र स्वर्गीय लल्लू पासी के मुताबिक, 18-19 अक्टूबर की रात करीब डेढ़ बजे अज्ञात चोर मकान के पीछे की तरफ सेंध लगाकर अंदर घुस आए। इसके बाद अलमारी में रखे नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। बेटी के शोर मचाने पर चोर रेलवे लाइन की तरफ भाग गए। मौके से झाड़ियों में एक बटुआ भी मिला है। पीड़ित परिवार ने रात में ही कमलापुर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की। इतनी बड़ी चोरी से गांव में दहशत का माहौल है। अब पुलिस के सामने चोरों का पता लगाने और चोरी गए जेवरात बरामद करने की चुनौती है। सीओ सिधौली ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

बोरिंग में सेंध सामान किया पार

सीतापुर। कमलापुर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ा पतारकला निवासी अनुज पुत्र रामगुलाम की रूपापुरवा गांव के निकट स्थित बोरिंग को निशाना बना लिया। चोरों ने सेंध लगाकर बोरिंग में रखा पाइप समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई जा रही है। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित के होश उड़ गए। बोरिंग से सामान गायब मिलने पर आसपास के लोगों में भी चर्चा शुरू हो गई। खेती-किसानी के काम आने वाले सामान की चोरी से पीड़ित को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में चिंता है।

सच्ची श्रद्धा और भक्ति से मिलते हैं भगवान

सीतापुर। पड़ाव मैदान स्थित गांधी डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा का सोमवार को भक्तिमय माहौल में समापन हुआ। कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज ने भगवान श्रीराम की लीलाओं का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। अंतिम दिन कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। आचार्य शांतनु महाराज ने कहा कि भगवान को पाने के लिए हृदय में सच्ची श्रद्धा और अटूट लगन होनी चाहिए। माता शबरी ने वर्षों तक प्रभु श्रीराम की प्रतीक्षा की और उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान स्वयं उन्हें दर्शन देने पहुंचे। उन्होंने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु मनुष्य को सही दिशा दिखाकर उसके जीवन को सार्थक बनाता है। कथा के दौरान चित्रकूट लीला और राजा दशरथ के महाप्रयाण के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। यजमान विधायक मनीष रावत सपत्नी, आदित्य रावत, राकेश पाण्डेय, नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, ईओ नगर पंचायत रेणुका यादव, सभासद दिग्विजय शुक्ला मुन्नन, सूर्यांश शुक्ला, विकास मिश्रा, पंकज यादव, बच्चे बाजपेई, रोहित सिंह, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डिप्टी सीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

जिला संवाददाता(vol)



फतेहपुर,। उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को जनपद फतेहपुर के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान लोक निर्माण विभाग के डाक बंगला सर्किट हाउस जीटी रोड स्थित विभागीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवास विहीन पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना से हर हाल में आच्छादित किया जाए और किसी भी पात्र लाभार्थी को अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने दिया जाए।

बैठक में योजनाओं की समीक्षाउप मुख्यमंत्री ने बैठक में बाबा साहब अंबेडकर प्रोत्साहन रोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, विकसित भारत जी राम जी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला उद्यान विभाग की योजनाएं, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के विकास कार्य तथा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी जनकल्याणकारी एवं निर्माणाधीन परियोजनाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से, चरणबद्ध तरीके से और निर्धारित समय में पूर्ण कराई जाएं। आवास योजना से संतृप्तीकरण पर जोरकेशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिन लाभार्थियों को आवास आवंटित हो चुका है, उनका निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि आवास प्राप्त लाभार्थियों को पात्रता के अनुसार विद्युत कनेक्शन, शौचालय, शुद्ध पेयजल, उज्ज्वला योजना सहित सभी अनुमन्य योजनाओं से आच्छादित किया जाए। जिन लाभार्थियों का आवास निर्माण पूर्ण हो चुका है, उन्हें भी शेष सुविधाओं से तत्काल जोड़ा जाए।


उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी परिवार कच्चे मकान, झुग्गी या झोपड़ी में न रहे। इसके लिए पात्रता के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना से हर पात्र परिवार को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। अन्य योजनाओं से आच्छादन का निर्देश उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की लाभार्थीपरक जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लिए भटकना न पड़े; अधिकारी स्वयं सक्रिय होकर पात्रता की पहचान कर संबंधित योजना से उन्हें जोड़ें। सड़कों की मरम्मत और रोजगार सृजन वर्षा के बाद खराब हुई सड़कों तथा सड़कों पर बने गड्ढों की शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में कोई लापरवाही नहीं बरती जाए। उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, विकसित भारतझजी राम जी योजना को निर्देश दिया गया कि विभागीय लक्ष्य के अनुरूप कार्य कराते हुए अधिक से अधिक मानवदिवस सृजित किए जाएं और अधिक से अधिक जॉब कार्ड धारकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

कानून व्यवस्था पर चर्चा बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक से कानून व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए, अपराध पर नियंत्रण रखा जाए और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उपस्थित गणमान्य एवं अधिकारी इस अवसर पर राज्यमंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग कृष्णा पासवान, विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, विधायक बिंदकी शशि कुमार सिंह जैकी, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, पूर्व राज्यमंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह तथा पूर्व विधायक विक्रम सिंह उपस्थित रहे।

महिलाओं को बताये सुरक्षा के उपाय


सीतापुर। नवरात्र के दौरान दुर्गा पंडालों में भक्ति के साथ महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश भी गूंज रहा है। मिशन शक्ति 6.0 के तहत रविवार को अटरिया थाना पुलिस ने गोधना गांव के दुर्गा पंडाल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 80 से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण सीओ वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने किया, जबकि एसओ अटरिया लाल बहादुर मिश्रा ने महिलाओं को जरूरी सुझाव दिए। पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को बताया कि किसी भी संकट की स्थिति में घबराने के बजाय पुलिस की मदद लें। इसके लिए महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 और महिला हेल्पलाइन 181 सहित अन्य सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में भी बताया गया। पुलिस ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी तरह के उत्पीड़न की स्थिति में आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।

भूमेश्वर महादेव मंदिर में कन्या भोज 200 कन्याओं ने ग्रहण किया प्रसाद



फतेहपुर। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर नवमी तिथि के अवसर पर जनपद के गाजीपुर स्थित प्राचीन भूमेंश्वर महादेव मंदिर परिसर में कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया।यह आयोजन विमलक्ष्मी सामाजिक परिवर्तन ट्रस्ट के तत्वावधान में संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में करीब 200 कन्याओं ने सहभागिता की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी सुशील कुमार शुक्ल ने सभी कन्याओं को दान-दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवध चेतन महाराज जी ने की।इस दौरान मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। आयोजन में ट्रस्ट के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संभाला गया। कन्या भोज एवं पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ग्राम सुहेला स्थित श्री हनुमान मंदिर के सप्तम वार्षिकोत्सव में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य सुरेश जी महाराज ने भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह का प्रसंग सुनाया। भोलेनाथ की अनोखी बारात और उनके अलौकिक स्वरूप का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा व्यास ने बताया कि हिमाचल राज के यहां भगवान शिव की बारात पहुंची। बारात में भूत-प्रेत, पिशाच, डाकिनी सहित विचित्र वेशधारी गण शामिल थे। किसी का सिर नहीं था तो किसी का धड़ नहीं था। बारातियों के अनोखे स्वरूप को देखकर बच्चे भयभीत होकर घरों में छिप गए। भगवान शिव के स्वरूप का वर्णन करते हुए उन्होंने रामचरितमानस की चैपाई तन छार ब्याल कपाल भूषन नगन जटिल भयंकरा सुनाई। ऋषि-मुनियों ने विधि-विधान से शिव-पार्वती विवाह संपन्न कराया। इस दौरान बाजहि बाजन बिबिध बिधाना, सुमनबृष्टि नभ भै बिधि नाना चैपाई के माध्यम से विवाहोत्सव की दिव्यता का वर्णन किया गया। शिव-पार्वती विवाह का मनोहारी प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। इस अवसर पर रामविलास अवस्थी, रितेश कुमार, सौम्य प्रकाश, मुकेश कुमार, रामकिशोर वर्मा, सुधीर वर्मा, शिशुपाल शाक्य और जया अग्निहोत्री सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

हवन-पूजन और कन्या पूजन के साथ मां मंगला देवी महोत्सव संपन्न



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हर के मां मंगला देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र पर आयोजित मां मंगला देवी महोत्सव का श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम के बाद हवन-पूजन, कन्या पूजन और भोग-भंडारे के साथ समापन हो गया। महोत्सव को एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया गया। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के समापन पर आचार्यों ने विधि-विधान से हवन-पूजन कराया। श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं के निमित्त आहुतियां अर्पित कीं। आरती और पूर्णाहुति के बाद कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। इसके बाद मां को भोग अर्पित कर भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल, सुरेंद्र शर्मा, केके शुक्ल, आनंद त्रिवेदी, रामचंद्र रस्तोगी, श्रीराम राजपूत, राजेश्वर शुक्ल, मुनेन्द्र शुक्ल, शरद गुप्त, शिक्षक वीरेंद्र गुप्ता, शशिकांत मिश्र, मनोज श्रीवास्तव, प्रेमलता मिश्र, आदर्श शुक्ल, अखिलेश मिश्र और सुमन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

जिलेभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मां दुर्गा की गयी आराधना



सीतापुर। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन सोमवार को जिलेभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मां दुर्गा की आराधना की गई। अष्टमी और नवमी पर व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर नवरात्र अनुष्ठान का समापन किया। घरों और मंदिरों में विधि-विधान से हवन-पूजन हुआ। कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनके पैर धोए गए, तिलक लगाया गया और भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा भेंट की गई। श्रद्धालुओं ने कन्याओं से आशीर्वाद लेकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सुबह से ही घरों और मंदिरों में पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को हलवा, पूड़ी, चना और फल का भोग लगाया। इसके बाद कन्याओं को भोजन कराया गया। मंदिरों में भी दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की आवाजाही बनी रही। मां के जयकारों और हवन के मंत्रों से वातावरण भक्तिमय रहा। नवरात्र के नौ दिनों तक चले पूजा-पाठ, व्रत और धार्मिक अनुष्ठानों के समापन पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से परिवार की खुशहाली, सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

खैराबाद में 1100 कन्याओं का भोज मां गौरी देवी मंदिर में उमड़ी आस्था

सीतापुर। महानवमी के पावन अवसर पर खैराबाद के मोहल्ला भूलनपुर स्थित प्राचीन मां गौरी देवी मंदिर में 1100 कन्याओं का भव्य भोज कराया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता और अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने सपरिवार मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से कन्या पूजन किया। कन्याओंको श्रद्धापूर्वक भोजन कराने के बाद उपहार भेंट किए गए। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां गौरी देवी के दरबार में माथा टेककर परिवार की खुशहाली, सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मनोज राणा, वीरेंद्र मिश्रा बच्चन, गौरव अग्रवाल, संदीप गुप्ता, दीपक सिंह, अर्पित सिंह, दिलीप गुप्ता सहित मंदिर कमेटी के सदस्य और बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

यातायात पुलिस का अभियान 503 वाहनों के चालान, बाइक सीज

फिरोजाबाद। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए यातायात पुलिस ने सोमवार को विशेष अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगेह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने अभियान के दौरान कुल 503 वाहनों के चालान किए, जबकि एक मोटरसाइकिल को सीज किया गया।अभियान के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चलाए जा रहे 52 ऑटो और ई-रिक्शा के चालान किए गए। वहीं, स्पीड मीटर से वाहनों की गति की जांच कर निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने वाले 153 चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 298 अन्य वाहनों के भी चालान किए गए।यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को हेलमेट के महत्व के बारे में जागरूक किया। हेलमेट बैंक के माध्यम से भी लोगों को हेलमेट के प्रयोग के प्रति प्रेरित किया गया। वहीं, ब्रेथ एनालाइजर से वाहन चालकों की जांच कर नशे की हालत में वाहन न चलाने की हिदायत दी गई। मीट एंड ग्रीट अभियान के तहत 12 स्लीपर एवं निजी बसों की जांच भी की गई। पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और यातायात संकेतों का पालन करने की अपील की। साथ ही निर्धारित क्षमता के अनुसार ही सवारी बैठाने, वाहनों को निर्धारित स्थान पर खड़ा करने और नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने देने की हिदायत दी। पुलिस ने आमजन से सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

खीरी में 192 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ



लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिला मुख्यालय स्थित डीएस कॉलेज में सोमवार को 192 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरों और निकाह की रस्मों के साथ नवदंपतियों ने नई जिंदगी की शुरूआत की। सजे मंडप, शहनाई की गूंज और परिजनों की मौजूदगी ने समारोह को खुशियों से सराबोर कर दिया।

समारोह में नौ मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक योगेश वर्मा, सीडीओ योगानंद पाण्डेय और विकासखंड लखीमपुर की प्रशासक दिव्या सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने नवदंपतियों को सुखद एवं समृद्ध दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सहारा बनी है। योजना के माध्यम से बेटियों के विवाह की जिम्मेदारी में सरकार सहभागी बन रही है, जिससे परिवारों को आर्थिक संबल मिल रहा है। उन्होंने नवदंपतियों को नए जीवन की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आपसी विश्वास, प्रेम और सहयोग के साथ अपने परिवार को आगे बढ़ाएं। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। सीडीओ योगानंद पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के कमजोर वर्गों को संबल देने के साथ सामाजिक समरसता और समानता की भावना को मजबूत करती है। सामूहिक विवाह समारोह विभिन्न समुदायों को एक मंच पर लाकर आपसी सद्भाव और सहयोग का संदेश देते हैं। उन्होंने नवदंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जीवन की नई पारी की शुरूआत सकारात्मक सोच, आपसी समझ और पारिवारिक मूल्यों के साथ करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने के लिए संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की संयोजक जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग देना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को विवाह के अवसर पर सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

लखीमपुर ब्लॉक के सर्वाधिक 109 जोड़े शामिल

समारोह में विकासखंड लखीमपुर के 109, नकहा के 66, नगर पालिका परिषद लखीमपुर के 14 और नगर पंचायत खीरी टाउन के तीन जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस प्रकार कुल 192 जोड़े वैवाहिक जीवन में बंधे। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण निदेशालय से कार्यक्रम हेतु नामित पर्यवेक्षक जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) हरदोई ने किया।

फावड़ा लेकर सड़क सुधारने उतरे ग्रामीण

पसगवां-खीरी। विकासखंड पसगवां के ग्राम ढंढेल के मजरा मुस्तफाबाद में डेढ़ किलोमीटर लंबे कच्चे रास्ते की बदहाली से ग्रामीण परेशान हैं। बारिश के बाद सड़क पर कीचड़ और दलदल होने से आवागमन मुश्किल हो गया है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों को



रास्ता दुरुस्त करने के लिए खुद फावड़ा लेकर उतरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर मार्ग का पक्का निर्माण कराने की मांग की है। एकघरा वीरमपुर पुल से शारदा नहर की दक्षिणी पटरी होते हुए मुस्तफाबाद तक जाने वाला यह मार्ग लंबे समय से कच्चा पड़ा है। ग्रामीणों के मुताबिक, नहर विभाग की ओर से हाल ही में पुलिया का निर्माण कराए जाने के बाद रास्ते की स्थिति और खराब हो गई। बारिश के कारण जगह-जगह कीचड़ और दलदल जमा है। फिसलन के चलते बाइक सवारों और पैदल राहगीरों को निकलने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग की बदहाली के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। सड़क खराब होने से मरीजों और किसानों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार, आपात स्थिति में 102 और 108 एंबुलेंस का गांव तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। वहीं, गन्ने की ढुलाई के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने में दिक्कत होती है, जिससे किसानों को अपनी उपज चीनी मिल तक पहुंचाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। मार्ग निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने 19 अक्टूबर को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, लखीमपुर खीरी को भेजी गई है। इसमें करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे कच्चे मार्ग पर डामर या सीसी सड़क बनवाने के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति देने की मांग की गई है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मार्ग निर्माण कार्ययोजना में विचाराधीन है। वित्तीय स्वीकृति मिलते ही सड़क निर्माण का कार्य करा दिया जाएगा।

संदना और गोंदलामऊ में देवी जागरण की धूम भजनों और दिव्य झांकियों से भक्तिमय हुई रात

सीतापुर। शारदीय नवरात्र पर संदना और गोंदलामऊ में देवी आराधना की धूम रही। ऐतिहासिक मां संदान देवी मंदिर में अष्टमी पर माता रानी का भव्य श्रृंगार किया गया, वहीं मां मुक्तेश्वरी देवी मंदिर परिसर में 14वां विशाल जागरण आयोजित हुआ। दोनों स्थानों पर भजनों, धार्मिक प्रस्तुतियों और मनमोहक झांकियों के बीच श्रद्धालु पूरी रात भक्ति में लीन रहे। संदना की पुरानी बस्ती स्थित मां संदान देवी मंदिर में मां संदान देवी जागरण कमेटी की ओर से सातवें विशाल जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्वर साधना म्यूजिकल ग्रुप और लखनऊ के जीतू छलिया आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने भजन और धार्मिक झांकियां प्रस्तुत कीं। मंदिर में दर्शन-पूजन और महाआरती के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। उधर, गोंदलामऊ के प्राचीन मां मुक्तेश्वरी देवी मंदिर में लखनऊ के हर्षित म्यूजिकल ग्रुप ने भजनों की प्रस्तुति दी। अमरनाथ बफानी झांकी ग्रुप के कलाकारों ने गणेश, राधा-कृष्ण, हनुमान, मां काली, मां दुर्गा और शिव-पार्वती की झांकियां सजाईं। आयोजन में श्री दुर्गा पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश शर्मा, मैनेजर गोपी शर्मा सहित ग्रामीणों का सहयोग रहा।

शूर्पणखा की नाक काटने से सीता हरण तक की लीला का मंचन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सूर्पणखा की नाक-कान काटने, स्वर्ण मृग के छल, सीता हरण और जटायु-रावण युद्ध के प्रसंगों का रामलीला में सजीव मंचन किया गया। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

लीला में दिखाया गया कि पंचवटी में श्रीराम और लक्ष्मण के रूप-सौंदर्य पर मोहित होकर रावण की बहन शूर्पणखा ने विवाह का प्रस्ताव रखा। दोनों भाइयों के इनकार करने पर उसने उत्पात मचाना शुरू कर दिया, जिसके बाद लक्ष्मण ने उसकी नाक-कान काट दिए। अपमानित शूर्पणखा ने रावण को पूरी घटना बताई। बहन के अपमान का बदला लेने के लिए रावण ने अपने मामा मारीच को स्वर्ण मृग का रूप धारण कर पंचवटी जाने का आदेश दिया। स्वर्ण मृग को देखकर माता सीता ने श्रीराम से उसे पकड़कर लाने का आग्रह किया। श्रीराम के वन में चले जाने और मारीच की मायावी पुकार सुनकर माता सीता ने लक्ष्मण को उनकी सहायता के लिए भेजा। इसी बीच साधु का वेश धारण कर पहुंचे रावण ने माता सीता का हरण कर लिया। रास्ते में गिद्धराज जटायु ने रावण से युद्ध कर माता सीता को बचाने का प्रयास किया, लेकिन घायल होकर धरती पर गिर पड़े। लंका जाते समय माता सीता ने अपने आभूषण नीचे गिरा दिए, ताकि श्रीराम को उनके मार्ग का पता चल सके।

नगर की 133 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक रामलीला के आठवें दिन रोट्रेक्ट क्लब गोला यूथ के अध्यक्ष गौरीश सिंह, सर्वेंद्र अनुराग वर्मा, ज्वाइंट सेक्रेटरी हर्षित गुप्ता, पीडीआरआर रिशु माहेश्वरी, पूर्व अध्यक्ष कुलदीप तिवारी, पटेल सुशील वर्मा, वरिष्ठ सदस्य पंकज जायसवाल और सदस्य डॉ. अवधेश सिंह ने श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के स्वरूपों का तिलक-वंदन, माल्यार्पण और आरती कर मंचन के शुभारंभ में सहभागिता की। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, महामंत्री पंकज गुप्ता, राजेश आनंद, सुभाष मिश्रा, सुरेश ठाकुर और पंकज मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

यूपी-34 प्रीमियर लीग के मेगा ऑक्शन में 397 खिलाड़ियों पर लगी बोली

सीतापुर। यूपी-34 प्रीमियर लीग सीजन-2 के मेगा ऑक्शन में रविवार को खिलाड़ियों पर जमकर बोलियां लगीं। कुल 397 खिलाड़ियों में से 256 खिलाड़ियों की किस्मत चमकी और उन्हें 16 टीमों में जगह मिली। ऑक्शन में रोशन कुमार सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें अमन स्ट्राइकर्स ने 15,500 रुपये में खरीदा। खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करने के लिए टीम मालिकों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।जेल रोड स्थित होटल जेपी इन में बड़ा हनुमान मंदिर के निकट आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ टूर्नामेंट अध्यक्ष एवं ब्रांड एंबेसडर भाजपा नेता व समाजसेवी सागर गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस दौरान लीग की सभी 16 टीमों की जर्सियों का अनावरण किया गया। सागर गुप्ता ने टीम मालिकों और मीडिया जगत के प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। सागर गुप्ता ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन युवाओं की प्रतिभा निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों और आयोजकों को शुभकामनाएं दीं टेनिस क्रिकेट स्पोर्ट फेडरेशन (इंडिया) के तत्वावधान में आयोजित मेगा ऑक्शन को सफल बनाने में आदिल, इकबाल अहमद, अनस, नेहाल, जमजम स्पोर्ट्स, पंकज शुक्ला मस्सा, अबुल हसन मून, अभिषेक तिवारी, ब्रजेंद्र मिश्रा, शानू खान, मोनिस अहमद, सूरज शर्मा, मिर्जा शीबू बेग और प्रधान नमकीन सहित टूर्नामेंट कमेटी के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने टीम मालिकों, खिलाड़ियों, मीडिया प्रतिनिधियों और खेलप्रेमियों का आभार जताया।

यूपी-34 प्रीमियर लीग में पुरस्कारों की भी बरसात

सीतापुर। यूपी-34 प्रीमियर लीग सीजन-2 में विजेता टीम को 1,22,222 रुपये की पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। उपविजेता टीम को 66,666 रुपये और ट्रॉफी मिलेगी। वहीं, तीसरे और चैथे स्थान पर रहने वाली टीमों को 10-10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

खंड स्नातक व शिक्षक निर्वाचन को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता(vol)



फिरोजाबाद। आगामी आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन 2026 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया, प्रशिक्षण और मतदान से संबंधित जिम्मेदारियों की जानकारी देते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन की प्रक्रिया के संबंध में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को नियमों की पूरी जानकारी होनी चाहिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे पीठासीन अधिकारियों का मार्गदर्शन कर सकें। उन्होंने मतदान प्रक्रिया के तकनीकी एवं कानूनी पहलुओं के साथ क्या करें और क्या न करें, इसकी स्पष्ट समझ रखने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि मतदान से एक दिन पूर्व से ही सेक्टर मजिस्ट्रेटों

संक्षेप

पंचायत भवन में लगा ताला



मौरावां। विकास खंड पुरवा की भिटौली ग्राम पंचायत में समस्याओं का अंबार ग्राम वासियों ने बताया कि पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय कभी खुलता ही नहीं सोचने वाली बात है कि सरकार ने लाखों रुपए लगाकर पंचायत भवन बनवाया था कि गांव की जनता के काम गांव में ही होंगे पंचायत भवन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया। इन आधुनिक यंत्रों को संचालित करने के आपरेटर नियुक्त किए गए ग्रामीणों को हर सुविधा का लाभ इन पंचायत भवनो से मिल सके ताकि ग्रामीणों को ब्लॉक तहसील के चक्कर न लगाने पड़े, परन्तु कुछ विरोधी तत्व सरकार की योजनाओं को ग्रहण लगा रहे हैं, पंचायत में ताला लगाकर कम्प्यूटर आदि उपकरण अन्य स्थान पर रखकर इनसे निजी व्यवसाय किया जाता है। ग्राम वासी ने बताया कि ग्राम पंचायत के कंप्यूटर बाजार में दुकान लगा कर बैठे हैं जो की कागज वहीं से बनाते हैं विजय गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि सामुदायिक शौचालय बाजार के अंदर इसीलिए बनवाया गया था कि लगातार खुले मगर वह खुलता ही नहीं है। एक नाले का निर्माण कराया गया था लगभग ढाई लाख रुपए निकल गए नाले का निर्माण पूरा नही कराया गया। इस सम्बन्ध में नाले की जानकारी सचिव अशोक से ली गई उन्होंने बताया की लगभग नाले का निर्माण पुरा है पंचायत भवन खुलता है। सामुदायिक शौचालय खुलता है। आखिर बात किसकी मानी जाए ग्राम वासियों की या सचिव की यह जांच का विषय है। जब इसकी जानकारी प्रधान से ली गई प्रधान ने वही बात बताई जो सचिव अशोक ने बताया, कूड़ा निस्तारण केन्द्र बगैर प्रयोग के ही कूड़ा बन रहे हैं इनका उपयोग न किये जाने कूड़ा निस्तारण केन्द्र खुद निस्तारण हुए जा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जांच का विषय है जांच कराई जाएगी और बताया कि अगर आपको ज्यादा जानकारी चाहिए तो पंचायत सहायक से जानकारी ले लें।

युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

पुरवा (वीओएल)। कोतवाली अंतर्गत ग्राम धौरहरा निवासिनी मोहिनी पुत्री दिनेश गौतम उम्र 17 वर्ष घर में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई इसी बात से नाराज होकर मोहिनी कुमारी जहरीला पदार्थ खा ली जिससे उसकी हालत देख घर वालों ने एंबुलेंस की मदद से सीएससी पुरवा लेकर आए जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिए।मोहिनी के मां मायादेवी ने बताया कि हमारी दो बेटियां व एक बेटा है। पायलट मंजेश कुमार व एमटी, अभिनव गुप्ता, मोहम्मद की सहायता से जिला अस्पताल लेकर गए।

बाइक सवार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर

पुरवा (वीओएल)। पुरवा रोड पर तारनखेड़ा तिराहे के पास एक लड़का उम्र करीब 14 वर्ष नाम पता अज्ञात साइकिल से उन्नाव से पुरवा की तरफ जा रहा था तभी पीछे से आ रही मोटरसाइकिल संख्या यूपी 35 जैड 81 51 पैशन प्रो के चालक संदीप पुत्र मंगल साहू निवासी ग्राम त्रिपुरारपुर थाना पुरवा जनपद उन्नाव द्वारा टक्कर लग जाने के कारण दोनों व्यक्ति घायल हो गए जिन्हें जरिये एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा भेजा गया अज्ञात लड़के की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अज्ञात लड़के की तलाश की जा रही है।

20 श्रद्धालु घायल, चार की हालत गंभीर

जालौन। जिले में सोमवार को जवारे विसर्जन के लिए मंदिर जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली के पलटने से महिलाओं और बच्चों सहित करीब 20 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि यह दुर्घटना कोतवाली क्षेत्र के साधुपुर और कनासी गांवों के बीच कच्चे रास्ते पर उस समय हुई जब चालक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली पर से नियंत्रण खो दिया। उन्होंने बताया कि ये श्रद्धालु नदिगांव थाना क्षेत्र के कैलिया खुर्द गांव निवासी गया प्रसाद जाटव के परिजन और रिश्तेदार थे और जवारे विसर्जन के लिए मंदिर जा रहे थे। ट्रॉली में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे सवार थे। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को एम्बुलेंस तथा अन्य वाहनों से कोंच स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

यूपी स्टेट सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन कल से

- सांसद रवि किशन करेंगे पांच कोर्ट वाली शटल एक्स बैडमिंटन एकेडमी का उद्घाटन
- प्रदेश भर के 400 से बालक बालिका खिलाड़ी अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग में दिखाएंगे दमखम
- एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि, इसी प्रतियोगिता से होगा यूपी की सब जूनियर टीम का चयन

गोरखपुर। गोरखपुर में पहली बार पांच कोर्ट वाली बैडमिंटन एकेडमी में प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। योनेक्स सनराइज यूपी स्टेट सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप (अंडर-15 एवं अंडर-17), 2026 का शुभारंभ 21 अक्टूबर को खोराबार स्थित शटलएक्स बैडमिंटन एकेडमी में होगा। इसी दिन एकेडमी का उद्घाटन भी किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गोरखपुर के सदर सांसद रवि किशन होंगे। वह शाम चार बजे चैंपियनशिप का शुभारंभ करने के साथ एकेडमी का उद्घाटन करेंगे। सोमवार को गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में गोरखपुर जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ से संबद्ध गोरखपुर जिला बैडमिंटन संघ के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 400 से अधिक बालक एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग में खेली जाएगी। इसमें एकल, युगल और मिश्रित युगल मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कुल एक लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता का आयोजन देवरिया रोड स्थित खोराबार की शटलएक्स बैडमिंटन एकेडमी में किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, यह गोरखपुर की पहली पांच कोर्ट वाली बैडमिंटन एकेडमी है। यहां एक साथ कई मुकाबलों के आयोजन के लिए आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रतियोगिता के आयोजन से गोरखपुर को प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिताओं के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने में भी मदद मिलेगी। स्थानीय खिलाड़ियों को प्रदेश के बेहतर खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहले चरण में क्वालीफाइंग राउंड के मुकाबले होंगे, जबकि दूसरे चरण में मुख्य ड्रॉ के मैच खेले जाएंगे।

डीएम- एसपी ने अंधरपुरवा घाट का किया निरीक्षण



श्रावस्ती। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग और पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने सोमवार को विकास खंड इकौना के अंधरपुरवा घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को घाट पर साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षा की व्यवस्था समय से पूरी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रतिमा विसर्जन के लिए गड्ढा खोदने का काम पूरा मिला। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि घाट पर साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था सोमवार रात तक पूरी कर ली जाए। साथ ही घाट तक आने-जाने वाले रास्ते की भी सफाई कराई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान और ग्रामीणों से बातचीत कर पिछले वर्ष की तरह इस बार भी आपसी सहयोग से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से कराने की अपील की। उन्होंने उपजिलाधिकारी इकौना और पुलिस क्षेत्राधिकारी को सभी व्यवस्थाएं पूरी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विसर्जन के दौरान किसी भी तरह के भड़काऊ भाषण या नारेबाजी से बचें, जिससे किसी दूसरे समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने ग्रामीणों से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले लोगों पर पुलिस की नजर है। यदि कोई व्यक्ति सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी रवेंद्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत पासवान, खंड विकास अधिकारी इकौना, थानाध्यक्ष, ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



श्रावस्ती। मिशन शक्ति फेज-6 के तहत श्रावस्ती पुलिस महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक कर रही है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह की देखरेख में 19 अक्टूबर को जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने गांवों, बाजारों और शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की जानकारी दी गई। साथ ही छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए गए। पुलिस टीमों ने अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी। आपात स्थिति में सहायता के लिए 1090, 112, 181, 1098, 1076 और साइबर ठगी की शिकायत के लिए 1930 नंबर की जानकारी भी दी गई। श्रावस्ती पुलिस ने बताया कि महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

सार्वजनिक रामलीला महोत्सव में धनुष यज्ञ लीला का आयोजन



फतेहपुर चौरासी। क्षेत्र के कस्बा ऊगू में चल रही सार्वजनिक रामलीला महोत्सव में देर रात धनुष यज्ञ लीला का आयोजन किया गया। लीला में भगवान राम की भूमिका निभा रहे यश तिवारी, लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे शुभ दीक्षित रावण का अभिनव विवेक दीक्षित वाणासुर का अभिषेक दीक्षित परशुराम का आदर्श दीक्षित, जनक का सूर्य प्रकाश पाण्डे और विश्वामित्र का अभिनय कर रहे शिव मंगल द्विवेदी के अभिनय ने सबका मन मोह लिया। राजा जनक का दरबार लगते ही सीता स्वयंबर की घोषणा की गई। घोषणा होते ही देश देशान्तर के महीपाल धनुष तोड़ने का प्रयास करने लगे लेकिन तिल भर भी भगवान शंकर के अजगव धनुष को हिला नहीं सके। इसी बीच स्वयंबर सभा में लंका नरेश रावण और पाताल पुरी के बाणासुर का आगमन होता है और दोनों में तीखी नोक झोक होती है रावण जहां धनुष तोड़ने का प्रयास करता है वहीं बाणासुर सीता को पुत्री समान मानकर उसे रोकता है जिसमें दोनों के बीच रोष भरा संवाद होता है जिसने सबकी बाहें फड़का दी। जनक द्वारा यह कहे जाने पर कि वीर विहीन मही मैं जानी लक्ष्मण की भौहें तन गई और उन्होंने कहा कि जहां राम बैठे हों वहां ऐसी अनुचित बानी नहीं कहनी चाहिए। राम ने लक्ष्मण को शान्त किया और गुरू विश्वामित्र की आज्ञा पाकर अजगव धनुष का खंडन करके सीता जी से विवाह किया। धनुष टूटते ही सियावर रामचन्द्र की जय से वातावरण गुंजायमान हो उठा। धनुष टूटने की आवाज सुनकर महेन्द्राचल से वहां परशुराम का आगमन हुआ। लीला के मंचन के समय मेला कमेटी के लोगों के साथ ऊगू पुलिस चैकी स्टाफ भी सुरक्षा में मुस्तैद रहा। मेला कमेटी के महामंत्री अवधेश दीक्षित ने बताया कि महोत्सव के दौरान लोगों के बैठने किसी प्रकार की असुविधा न होने और सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्था पर पूरी नजर रखी जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी की शोभायात्रा को लेकर सुरक्षा का फुल ड्रेस रिहर्सल

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर मंदिर तक निकलने वाली भव्य शोभायात्रा को सकुशल और सुरक्षित संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के उद्देश्य से सोमवार को ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ रिहर्सल किया गया। इस दौरान शोभायात्रा के निर्धारित मार्ग, सुरक्षा प्रबंधों और जिम्मेदारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए और सभी कर्मी पूरी सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। शोभायात्रा की सुरक्षा तैयारियों के मद्देनजर डीआईजी रेंज एस. चनप्पा, जिलाधिकारी दीपक मीणा और एसएसपी डॉ. कौस्तुभ की मौजूदगी में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर मंदिर तक निकलने वाली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और आम लोगों की मौजूदगी को देखते हुए सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रिहर्सल के माध्यम से ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया, ताकि शोभायात्रा के दौरान किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। शोभायात्रा की तैयारियों में एसपी सिटी निमिष पाटिल, एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव, एसपी मंदिर सुरक्षा संतोष कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं सीओ कैंट अरुण कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मुकुल खंडेलवाल और सीओ गोरखनाथ रवि सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने संबंधित ड्यूटी प्वाइंटों पर तैनात रहने वाले पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए।

रावण के दरबार में बजा हनुमान का डंका

लंका दहन से मचा हाहाकार, अक्षय कुमार गया परलोक सिधार



बाराबंकी। जनपद की ऐतिहासिक रामलीला में सजीव लीला का मंचन देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी रही, धनुष यज्ञ मैदान से होते हुए नगर के बीचों बीच रावण का काफिला देखने के लिए सड़क के साथ-साथ घर के छतो पर भीड़ उमड़ी। रावण के गर्जन युक्त अट्टाहास से उसके सैनिक भी जोश में दिखाई दे रहे, रावण की विशाल एवम अदभुत सेना देख नगरवासी रोमांचित हो उठे, रामलीला मैदान पंहुचने पर लाखो की संख्या में आंखे सिर्फ उस दृश्य को निहार रही थी जब रावण का पुष्पक विमान मंद गति से मैदान में प्रवेश कर रहा। लीला मंचन के अगले दृश्य में संपाती गिद्ध के उद्धार के बाद समुद्र के उसपार जाने का प्रस्ताव बनता है, अशोक वाटिका में रावण के द्वारा माता सीता को प्रताड़ना देते देखते है, तत्पश्चात हनुमान जी प्रभु मुद्रिका दिखाकर माता सीता को अपना परिचय देते है और उनका आशीष प्राप्त कर फल खाने की इच्छा जाहिर करते है, आदेश मिलने पर वह वाटिका के वृक्षों को तहस नहस कर डालते है। रावण और हनुमान के बीच संवाद मे रावण कहता है कि बंदर को उसकी पूछ से बड़ा लगाव होता है। अशोक वाटिका उजाड़ने और अक्षय कुमार का वध करने वाले की पूंछ में आग लगाने का आदेश पर हनुमान जी की पूंछ में आग लगा दी जाती है। जिसके बाद हनुमान जी अपने विशालकाय स्वरूप में आकर उछल कूद करते हुए पूरी स्वर्ण लंका को जला देते है। लीला में रावण के किरदार के रूप में अमर सिंह, अक्षय कुमार के रूप में अभिषेक मिश्रा, हनुमान जी के रूप में राजीव पाठक ने सफल मंचन किया। इस अवसर लंका का निर्माण राजेश वर्मा, राकेश वर्मा और उनकी टीम ने किया। इस दौरान अनिल अग्रवाल, रामलखन, शिवकुमार, राजकुमार वर्मा, अंकित गुप्ता गोलू, राजेश कृष्णा, राजू पटेल, संतोष सिंह, रामकुमार वर्मा, विनय सिंह, विक्रम सिंह, मीड़िया प्रभारी नितेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। नगर की ऐतिहासिक रामलीला में विगत कई वर्षों से रावण की भूमिका निभाने का श्रेय समिति महामंत्री शिवकुमार वर्मा को जाता है। लगभग 26 वर्ष रावण का किरदार निभाने वाले शिवकुमार बताते है कि इसके पूर्व उनके पिता स्व0 रामचंद्र रावण के किरदार को निभाते रहे। उन्ही की प्रेरणा से उन्होंने भी इस किरदार को निभाया। इसके बाद स्वास्थ्य कारणों से अपने पुत्र अमर सिंह वर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी। अमर सिंह विगत 9 वर्षो से रावण का किरदार निभा रहे है। समिति के लीला व्यास पंडित प्रमोद पाठक के ज्येष्ठ पुत्र राजीव पाठक हनुमान का किरदार निभाते है। वही उनके अनुज पुत्र अंगद की भूमिका अदा करते है। पंडित प्रमोद पाठक ने भी हनुमान की भूमिका की जिम्मेदारी अपने पुत्र को सौंपी। जिसका निर्वहन राजीव पाठक के द्वारा किया जा रहा है।

ललितपुर बना ओवर ऑल चैंपियन



ललितपुर। स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित त्रि-दिवसीय 70वीं मण्डलीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता (झांसी मण्डल) का भव्य समापन हुआ। तीनों जनपदों (झांसी, ललितपुर, जालौन) के मध्य आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेजबान जनपद ललितपुर ने मण्डल स्तर पर ओवर ऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अशोक कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ललितपुर रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके उपरांत जिला विद्यालय निरीक्षक का सम्मान राजकीय इंटर कॉलेज ललितपुर के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। समारोह में उपस्थित अन्य विशिष्ट अतिथियों में डॉ. योगेश ज्ञानी प्रतिनिधि संयुक्त शिक्षा निदेशक झांसी/उपनिरीक्षक संस्कृत एवं सतीश कुमार सिंह प्रधानाचार्य जीआईसी झांसी, प्रतिनिधि डीआईओएस झांसी का भी आयोजकों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया गया। समारोह के दौरान नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर की छात्राओं ने मनमोहक स्वागत गीत एवं आकर्षक पैरोडी प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं किसान इंटर कॉलेज बिरधा, ललितपुर की छात्राओं ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई थीम पर मिशन शक्ति का ओजस्वी एवं प्रेरणादायी प्रदर्शन प्रस्तुत कर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया।

महासंधि पूजा में दिखी बंगाल की झलक

बंगाल के पुरोहित मनोतोष सरकार गांगुली ने किया सस्वर चंडी पाठ



बाराबंकी। यूथ्स एसोसिएशन के तत्वाधान में नगर पालिका परिषद में 57वी शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव में ढाक और ढ़ोल-ताशो की धुन पर बंगाल के पुरोहित मनोतोष सरकार गागुली के नेतृत्व मे 4 सदस्यीय पूजा प्रभारी व सहयोगी अभय मिश्रा, रामधन मुखर्जी, राजेश सिंह, रामानन्द गुप्ता ने आज सुबह 7:26 बजे से 8:14 बजे तक पारंपरिक और शास्त्रीय नियमों के अनुसार विशेष रूप से 108 मिट्टी के दीपक जलाकर महासंधि पूजा को सम्पन्न कराया। पुरोहितों के सस्वर चंडी पाठ और ढाक पारंपरिक बंगाली ढोल, शंख और घंटियों की गूंज से पूरा माहौल अत्यंत आध्यात्मिक और जीवंत हो उठा। महासंधि पूजा के दौरान हजारो की संख्या मे माता के भक्तो ने अपनी मनोकामना हेतु प्रार्थना की। दोपहर 1 बजे सहभोज व शाम 7:30 बजे आरती एंव प्रसाद वितरण मे हजारो की संख्या में भक्तो ने मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा महोत्सव में बृजलाल सावलानी, राजेश गुप्ता किलटू, राजन शर्मा, अर्पित गुप्ता, मनोज जायसवाल, रामधन मुखर्जी, रामभजन, सौमित्र भट्टाचार्य, नरेश राय, एसके शाह, शरद राज सिंह, रामेंद्र दीपक, प्रीति सिंह, अभिषेक मिश्रा, ऋषभ श्रीवास्तव, अमन त्रिवेदी, सिद्धार्थ कनौजिया, रजनीश गुप्ता, रविनन खंजाची, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, अनुराग गुप्ता, सरिका गुप्ता, रेखा बीपी दास, माया जायसवाल, सीमा शर्मा, दर्शिका गुप्ता, शिशीर शाह, प्रभात गोश, स्वामित्व भट्टाचार्य, सुमित कुमार पाल, सुप्रिया बर्मन, दीपिका रानी पाल, इंद्रानी, अमरनाथ मौजूद रहे। देर शाम नगरपालिका प्रांगण मे सम्पन्न हुई विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजयी बच्चो का पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम प्रतियोगिता प्रभारी अजय शुक्ला व सह प्रभारी रामेन्द्र दीपक की देख-रेख मे सम्पन्न हुआ। तथा सबसे अधिक पुरस्कार पाने वाले विद्यालय को आंवटित अंको के आधार पर ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ने दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंच किया दर्शन - पूजन



रामनगर, बाराबंकी। विधानसभा रामनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लोहरनपुरवा, भुंड, बिंदौरा परसपुर स्थित बुढ़वा बाबा, मधवाजलालपुर, भिटौली, धमेड़ी स्थित जंगली माता मंदिर के दुर्गा पूजा पंडालों में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू द्विवेदी ने पहुच मां दुर्गा के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूजा समितियों पदाधिकारियों द्वारा भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री द्विवेदी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री द्विवेदी ने पूजा समितियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव, सेवा और संस्कारों को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इस अवसर पर अजीत वर्मा, प्रेम प्रकाश द्विवेदी, जनार्दन चतुर्वेदी, दुर्गेश सैम सोनी, अमित सिंह, नागेंद्र सिंह, मयंक बाजपेयी, मोनू भास्कर, दुर्गेश शुक्ला, राममूर्ति निषाद, सुदामा शुक्ला, सूरज श्रीवास्तव, अभिनव अवस्थी, सितांशु सोनी, लवकुश प्रजापति, हेमंत तिवारी, बिरू वर्मा, ज्ञानेंद्र तिवारी, परिक्रमा शुक्ला, अनुपम रावत, लवकुश मिश्रा, आशीष त्रिवेदी, अनिल मिश्रा, इंद्रकुमार त्रिवेदी, अरविंद यादव, कृष्ण नंद शर्मा, देवतादिन ओझा, नारायण, विश्वनाथ शुक्ला, ओमकार नाथ त्रिवेदी, चंदन तिवारी, सूर्य नारायण चतुर्वेदी मौजूद रहे।

सदर विधायक ने समिति पदाधिकारियों के साथ किया रामलीला मैदान का निरीक्षण



ललितपुर। श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा पर्व की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ गोविंद नगर स्थित रामलीला मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। समिति की ओर से आयोजन की विभिन्न जिम्मेदारियां पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सौंप दी गई हैं। दशहरा पर्व पर रावण, मेघनाद और कुम्भकर्ण के पुतलों का दहन किया जाएगा। इसके लिए तीनों वाटरप्रुफ पुतले भोपाल से मंगाए गए हैं और उन्हें रामलीला मैदान में खड़ा कर दिया गया है। मैदान को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। समिति के सदस्यों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। समिति के अनुसार, दशहरा पर्व के अवसर पर कल शाम पांच बजे रघुनाथजी मंदिर, चोबयाना से भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा रावरपुरा, घंटाघर, सावरकर चैक, आजाद चैक, पुराने नदीपुल, ललितेश्वरी मंदिर और कुशकुटी होते हुए पुराने मवेशी बाजार से गोविंद नगर स्थित रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध की लीला का मंचन किया जाएगा। इसके बाद गुना के आतिशबाजों द्वारा विशाल आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। दशहरा आयोजन से पूर्व रामलीला मैदान में राघव लोक कला समिति द्वारा कृष्ण लीला, रासलीला, शिव लीला और रामलीला का मंचन भी किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। समिति की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, ताकि कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं.श्यामाकांत चैबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति टीम बांसी ने महिलाओं को किया जागरूक



बांसी, सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन का कुशल नेतृत्व कहें या कोतवाल बांसी महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी की सक्रियता, प्र0 नि0 महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी के नेतृत्व में थाना बांसी की मिशन शक्ति टीम ने 19 अक्टूबर को ग्राम आदिलापार व पटखौली में जनचौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकारी योजनाओं, नए कानून, महिला सशक्तिकरण और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी। शारदीय नवरात्रि के नौवें दिन एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं के सम्मान से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान 112, 1090, 181, 1930 व 1098 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह यादव, कांस्टेबल संतोष सोनकर, आदर्श कुमार तथा महिला कांस्टेबल सरिता व महिमा पाल शामिल रहीं।

श्रद्धालुओं ने किए मां शीतला देवी के दर्शन



बांसी, सिद्धार्थनगर। बांसी-धानी मार्ग स्थित गोनहाताल पूर्वी चौराहा के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में शारदीय नवरात्र की नवमी पर श्री बाल कृष्ण मित्र मंडली की ओर से अग्निपथ यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें 17 श्रद्धालुओं ने करीब 21 फीट लंबे गड्ढे में जलते अंगारों पर चलकर मां शीतला देवी के दर्शन किए। इस दौरान जय माता दी के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। बाद में विधिवत पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के पुरोहित रघुनंदन पाण्डेय ने बताया कि यह परंपरा पिछले 25 वर्षों से चली आ रही है और इस बार 26वां आयोजन हुआ। मुख्य पुजारी राकेश के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने नौ दिनों तक मां की पूजा-अर्चना और व्रत किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम अनुज, आलोक श्रीवास्तव, आशीष पाण्डेय, चंदू और सुरेंद्र मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बांसी कोतवाली के उपनिरीक्षक विजय नाथ यादव, उपनिरीक्षक विजय कुमार और हेड कांस्टेबल सुरेंद्र यादव पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रह।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी समेत तीन वारंटी गिरफ्तार



उसका बाजार, सिद्धार्थनगर। उसका बाजार पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त सलमान पुत्र स्वर्गीय रमजान अली, निवासी चेतिया बाजार, थाना मिश्रौलिया को 19 अक्टूबर 2026 को सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन के गेट के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार ओझा, कांस्टेबल शिवानन्दधर दुबे व शैलेश कुमार शामिल रहे। वहीं, पुलिस ने दो वारंटियों मनबोध उर्फ मनमोद पुत्र नेवास उर्फ राम नेवास, निवासी उसका राजा तथा श्रीराम पुत्र तुलसी, निवासी बरदहा टोला श्रीनगर को भी गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद न्यायाल

डीएम- एसपी ने लिया विसर्जन स्थल का जायजा



जिला संवाददाता

बहराइच। श्री मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शान्ति पूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व अन्य सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा झिंगहाघाट पहुंचकर विसर्जन स्थल एवं आसपास की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। डीएम व एसपी द्वारा संबंधित पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों को प्रतिमा विसर्जन के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने तथा घाट पर लगातार निगरानी बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, साथ ही पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर विसर्जन कार्यक्रम को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसपी नगर आयुष विक्रम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी सदर अमन देयोल, अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रतिमा सिंह सहित संबंधित राजस्व अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

केन तट पर विसर्जित होंगी प्रतिमाएं



बांदा। वैसे तो शारदीय नवरात्र का पर्व नौ दिनों तक ही चलता है, लेकिन इस बार तिथियों के फेर के चलते नवदुर्गा का नौ दिन व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं को दसवें दिन पारण करना होगा। विद्वानों के अनुसार नवमी तिथि मंगलवार की दोपहर 12.50 बजे समाप्त हो रही है। ऐसे में नवमी तिथि के समापन पर व्रत का पारण किया जाना चाहिए। लेकिन कुछ विद्वानों का मत है कि मंगलवार की सुबह 9.35 बजे के बाद से भी नौ दिन के व्रत का पारण किया जा सकता है। शहर के महेश्वरी देवी मंदिर और काली देवी मंदिर में पारण का समय लिखकर श्रद्धालुओं की शंका का समाधान किया गया है। वहीं मंगलवार को ही शहर के विभिन्न पंडालों में सजी मां की प्रतिमाओं की भव्य शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए केन नदी के तट पहुंचेगी। यहां पुलिस प्रशासन की देखरेख में विसर्जन किया जाएगा। नौ दिनों तक जवारा रखकर मां की आराधना करने वाले भक्त भी मंगलवार को ही मंदिरों में पहुंचकर जवारा का विसर्जन करेंगे। शहर में प्रतिमा विसर्जन के मार्ग पर पुलिस-प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। शहर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति के पदाधिकारी ने बताया कि प्रतिमाओं के वाहन सुबह 9 बजे से शहर के रामलीला मैदान महेश्वरी देवी मंदिर से टोकन प्राप्त कर केन तट की ओर प्रस्थान करेंगी।

मंदिरों में दिन भर चले कन्या भोज



बांदा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी षहर के मोहल्ला कटरा स्थित सिंहवाहिनी मंदिर परिसर में महानवमी के दिन सुबह नौ बजे मां सिंहवाहिनी की मंगलमयी मंगला आरती हुई। मंदिर परिसर में भारी संख्या में श्रद्धालु जुटे। माता की आरती गाकर आनंद का अनुभव किया।

विगत नौ दिनों से मंदिर परिसर में लगातार सुबह के समय कन्याभोज, देवी पूजा और शाम को श्रंगार किया जाता रहा है। प्रतिदिन पूजन और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। नवमी के दिन सुबह मंगला आरती और शाम को आरती कर दशहरा का पान खिलाकर माता का का भव्य श्रृंगार उतार दिया जायेगा। सिंहवाहिनी मंदिर सेवा एवम् व्यवस्था समिति के सभी पदाधिकारी अशोक त्रिपाठी जीतू, प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे, नीरज त्रिपाठी, खंचू श्रीवास्तव, सुशांत चतुवेर्दी, मोहन गुप्ता, तोषी चतुवेर्दी, अजय निगम, रूचिन निगम, पप्पू रैकवार, बसंतू रैकवार सहित श्रंगारी दीपक सुल्लेरे, बृजराज माली की भूमिका सराहनीय रही। वहीं ष्षहर के महेष्वरी देवी मंदिर, काली देवी मंदिर, चैसठजोगिनी में भी दिनभर भंडारा व कन्याभोज का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर मां की पूजा-अर्चना की। इसी तरह नरैनी के बंबा तालाब परिसर स्थित मां दुर्गा के दरबार में कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। न्यू इंडियन ग्रुप की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष आशीष विश्वकर्मा, संरक्षक जगवीर सिंह सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

2100 से अधिक कन्याओं को कराया गया भोज




मटेरा, बहराइच। थाना मटेरा क्षेत्र स्थित श्री संतवा समय माता मंदिर परिसर में नवरात्रि के नौवें दिन विशाल कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की 2100 से अधिक कन्याओं को भोजन एवं प्रसाद ग्रहण कराया गया। साथ ही कन्याओं को प्लेट, गिलास, चम्मच, चुनरी और दक्षिणा भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया इस धार्मिक आयोजन में समाजसेवी डॉ. शिवेंद्र ठाकुर, रिंकू सिंह, अमरीश मित्तल उर्फ डब्बू भैया, अवधेश, अजय तिवारी और श्याम अग्रवाल सहित कई समाजसेवियों ने सहभागिता की। सभी ने कन्या भोज में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने कन्याओं की सेवा कर धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

डॉ. अशोक गुलशन को मिली डी. लिट की उपाधि



बहराइच। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157 वीं जन्म जयंती पर बिहार की प्रतिष्ठित संस्था सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन एवं मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कवि, साहित्यकार, समाज सेवी तथा लिम्का एवं वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड सहित 56 रिकार्ड बुक्स में 56 राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय/ विश्व रिकार्ड बनाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके सेवानिवृत्त आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी/ क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 अशोक कुमार पाण्डेय गुलशन को अहिंसा , विश्व शान्ति, गाँधी दर्शन, मानवाधिकार, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किये गए कार्यों हेतु डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी0 लिट0) की उपाधि प्रदान किया गया।उल्लेखनीय है कि डॉ0 गुलशन विगत अड़तालीस वर्षों से साहित्य एवं चार दशक से चिकित्सा सेवा के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में निरन्तर सक्रिय योगदान देते आ रहे हैं समाज सेवा के क्षेत्र में इन्हें अब तक विश्व के 61 देशों तथा भारत के 23 प्रान्तों की विभिन्न संस्थाओं द्वारा 2057 तथा साहित्य सेवा हेतु 42 देशों की संस्थाओं द्वारा 913 सम्मान, पुरस्कार, अभिनन्दन, अलंकरण, प्रशस्ति-प्रमाण पत्रों से सम्मानित किया गया है जिनकी संख्या 2970 हो गई है ।मानवता, विश्व शांति, चिकित्सा तथा समाज सेवा के क्षेत्र में इन्हें भारत और नाइजीरिया से डी0 लिट0 तथा 30 देशों से 101 ऑनरेरी डॉक्टरेट, डॉक्टर ऑफ फिलोसोफी, डॉक्टर ओनोरिस कोसा, पीएचडी, डॉक्टर ऑफ ह्यूमैनिटी एवं 13 देशों से 97 अंतर्राष्ट्रीय सम्मान, पुरस्कार सहित भारत के 8 प्रान्तों से 47 राष्ट्रीय सम्मान, पुरस्कार एवं साहित्य के क्षेत्र में 19 देशों से 31 ऑनरेरी डॉक्टरेट, 05 देशों से डी0 लिट0, 05 देशों से 11अंतर्राष्ट्रीय सम्मान, 08 राज्यों से 12 राष्ट्रीय सम्मान-पुरस्कार, 12 देशों से 30 डिप्लोमा, 13 देशों से 113 उपाधियाँ प्रदत्त हैं।

पिछले वर्ष की घटना से नहीं चेता प्रशासन



जिला संवाददाता

जौराबाजार, कुशीनगर। दुर्गा पूजा पंडालों में खुले और नंगे बिजली के तारों की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पिछले वर्ष जौरा बाजार में करंट लगने से एक व्यक्ति

- पूजा पंडालों में खुले और नंगे बिजली के तारों की वजह से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

गंभीर रूप से झुलस गया था, लेकिन इसके बावजूद इस साल भी प्रशासन और पूजा समितियों द्वारा सुरक्षा को लेकर भारी लापरवाही बरती जा रही है। पंडालों के पास लटकते और खुले तार श्रद्धालुओं, विशेषकर बच्चों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं। पंडाल के सजावट के पास बिजली के नंगे तार खुले छोड़े गए हैं ।पिछले साल हुए हादसे से सबक न लेते हुए इस बार भी तारों को ठीक से इंसुलेट (ढका) नहीं किया गया है। पंडालों में भारी भीड़ होने के कारण अनजाने में किसी का भी हाथ इन तारों से छू सकता है,जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। समितियों को चाहिए कि तारों को तुरंत प्लास्टिक या सुरक्षात्मक पाइप से ढका दें। बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी पूजा पंडालों का सेफ्टी ऑडिट करें और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पंडाल के पास प्राथमिक चिकित्सा और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था किया जाय।

मूर्ति विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के साथ थाना लार क्षेत्रांतर्गत मेहरौना पुल स्थित मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मूर्ति विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा विसर्जन से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मूर्ति विसर्जन स्थल पर नाव, गोताखोर एवं बैरिकेडिंग की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जल में आवश्यक प्रबंध किए जाएं तथा भीड़ प्रबंधन और किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को आपसी समन्वय के साथ सतर्क रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा शासन-प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने कहा कि मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सलेमपुर क्षितिज द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

डीएम- एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था



जिला संवाददाता

देवरिया। जनपद में दुर्गा पूजा एवं मेले के दौरान शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने थाना सलेमपुर क्षेत्र में स्थापित विभिन्न पूजा पंडालों एवं मेला स्थलों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पंडालों एवं मेला स्थलों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा आवागमन को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाए। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहते हुए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने पंडाल आयोजकों से भी सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुरूप व्यवस्थाएं बनाए रखने की अपेक्षा की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व एवं मेले के दौरान आमजन की सुरक्षा, शांति और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएमसलेमपुर क्षितिज द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

प्रथम जिला ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का उद्घाटन



बहराइच। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला बहराइच ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हॉल में आयोजित प्रथम बहराइच जिला ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2026 का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, पायगपुर के विधायक सुभाष त्रिपाठी तथा सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। चैम्पियनशिप 2026 में विभिन्न ताइक्वांडो वर्गों में 54 बालक 54 तथा 65 बालिकाओ द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों द्वारा बहराइच जिले के विभिन्न क्लबों और स्कूलों से आए खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी, उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, समर्पण और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया लोगों को जागरूक



जिला संवाददाता

कसया, कुशीनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कसया ब्लाक के ग्राम कुंडवा उर्फ दिलीपनगर के बिकाऊ टोला में राष्ट्रीय मध्यस्तता

- निःशुल्क विधिक सहायता, राष्ट्रीय मध्यस्तता अभियान 3.0, टोल फ्री नंबर की दी जानकारी

अभियान 3.0 के तहत महिला अधिकारों की जानकारी दी गई।राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के अध्यक्ष/ जिला जज संजीव कुमार त्यागी के आदेश से और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भुवन के निर्देश पर पीएलवी जय प्रकाश और पीएलवी दिनेश यादव द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, वैवाहिक विवाद संबंधित मामले, श्रम/मजदूरी संबंधित, उपभोक्ता मामले, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, नशा व अपराध से बचाव तथा नालसा के 15100 टोल फ्री नंबर के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य अमरेंद्र कुमार यादव, सुदामा प्रसाद, दुर्गावती देवी, भोला सहित महिलाएं मौजूद रहीं।

गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न

जिला संवाददाता

देवरिया। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 के सकुशल संपादन के लिए विकास भवन स्थित गांधी सभागार में पीठासीन अधिकारियों तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, प्रभारी अधिकारी/नोडल अधिकारी मतदान कार्मिक एवं मुख्य विकास अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर ज्ञानेश यादव और शैलेष तिवारी उपस्थित रहे प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारी जितेन्द्र कुमार शर्मा, खान निरीक्षक अनुपस्थित रहे। उन्हें दूरभाष के माध्यम से सूचना दिए जाने के बावजूद वे प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हुए।

मास्टर ट्रेनर ज्ञानेश यादव ने निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। इस दौरान पीठासीन अधिकारी तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारियों के कर्तव्यों, नियमानुसार निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने, विभिन्न प्रपत्रों एवं प्रारूपों को तैयार करने, मतपेटी खोलने एवं सील करने, मतपत्र लेखा तैयार करने, निर्वाचन संबंधी कागजात को लिफाफों में सीलबंद करने तथा डायरी तैयार करने और उसके रखरखाव से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए प्रभारी अधिकारी/नोडल अधिकारी मतदान कार्मिक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी मतदान कार्मिक निर्वाचन संबंधी नियमों का सूक्ष्मता से

- मतदान अधिकारियों को 22 को पूर्वाह्न 10 बजे कलेक्ट्रेट स्थित पार्टी रवानगी स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए है
- किसी भी कार्मिक को व्यक्तिगत समस्या होने पर इसकी जानकारी समय से उपलब्ध कराएं

अध्ययन कर लें तथा अपनी शंकाओं का समय रहते समाधान प्राप्त कर लें। किसी भी कार्मिक को व्यक्तिगत समस्या होने पर इसकी जानकारी समय से उपलब्ध कराएं।

उन्होंने मतदान के दौरान निष्पक्षता, कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता, शुचिता एवं समयबद्धता के पंचसूत्र का पालन करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदान 23 अक्टूबर 2026 को निर्धारित है। जनपद में सभी 16 क्षेत्र पंचायत कार्यालयों को मतदेय स्थल बनाया गया है। सभी मतदान अधिकारियों को 22 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10 बजे कलेक्ट्रेट स्थित पार्टी रवानगी स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए है अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने सभी पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पार्टी रवानगी स्थल से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रदेश कोड, जनपद कोड एवं मतदान केंद्र कोड अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें।

प्रशिक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप निर्वाचकों की पहचान सुनिश्चित करने, निर्वाचन प्रक्रिया का अभिलेखीकरण करने, मतपत्रों के प्रतिपर्ण पर निर्वाचकों का विवरण अंकित करने, मतपत्र जारी करने तथा मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में जानकारी दी गई।

अंत में मास्टर ट्रेनरों द्वारा सभी मतदान कार्मिकों को निर्वाचन से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उनकी तैयारियों को सुनिश्चित किया गया।

16 साल की छात्रा की पहल, पडरौना में डिजिटल लाइब्रेरी की उम्मीद



कुशीनगर। उम्र महज 16 साल, लेकिन सोच पूरे शहर के युवाओं के भविष्य की। कक्षा 11 की छात्रा रागिनी राज्यलक्ष्मी सिंह ने पडरौना में डिजिटल लाइब्रेरी की जरूरत को आवाज देकर युवाओं की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ा अहम सवाल प्रशासन के सामने रखा है। तीन यूथ क्लबों के प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी संजय चौहान से मुलाकात कर उन्होंने ऐसी लाइब्रेरी स्थापित करने की मांग की, जहां

- तीन कॉलेजों के विद्यार्थियों ने उठायी आवाज, डीएम के सामने रखा डिजिटल शिक्षा का रोडमैप
- किताबों से एआई तक एक छत के नीचे पढ़ाई का सपना, रागिनी ने डीएम के सामने रखी मांग

आधुनिक तकनीक, किताबों और ऑनलाइन शिक्षा की सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध हों। जिलाधिकारी ने इस पहल का स्वागत करते हुए मांग को स्वीकार किया।सोमवार को जिलाधिकारी के कैंप कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि आज के दौर में विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। उन्हें डिजिटल संसाधनों, गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी बेहतर अवसर चाहिए। इसी सोच के साथ पडरौना नगर में एक सर्वसुविधायुक्त कॉमन डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया।

किताबों के साथ तकनीक और एआई की भी मिलेगी सुविधा

यूथ क्लब की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि प्रस्तावित लाइब्रेरी में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से संबंधित पुस्तकें, रेफरेंस बुक्स, वाई-फाई युक्त कंप्यूटर तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क ऑनलाइन तैयारी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। विद्यार्थियों को पुस्तकालय परिसर में उपयोग के लिए मोबाइल और टैबलेट भी उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया, ताकि आर्थिक संसाधनों की कमी उनकी पढ़ाई में बाधा न बने।

प्रतिनिधिमंडल ने छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लाइब्रेरी में उनके लिए अलग आरक्षित समय निर्धारित करने की मांग भी उठाई। उद्देश्य है कि छात्राओं को पढ़ाई के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण मिले तथा वे बिना किसी असुविधा के अपने शैक्षिक लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ सकें।

तीन कॉलेजों में सक्रिय हैं यूथ क्लब

रागिनी राज्यलक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में यूथ क्लब पिछले कई महीनों से हनुमान इंटर कॉलेज, उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज और स्यो बाई कमला देवी टिबड़ेवाल इंटर कॉलेज में सक्रिय हैं। इन क्लबों की बैठकों में विद्यार्थी अपनी समस्याओं, चिंताओं और भविष्य की जरूरतों पर खुलकर चर्चा करते हैं। डिजिटल लाइब्रेरी की मांग भी इसी सामूहिक विचार-विमर्श का परिणाम है। जिलाधिकारी संजय चौहान ने विद्यार्थियों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे यूथ क्लब युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं और उन्हें समाज के हित में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि इस पहल से पडरौना के विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाया जाएगा।

छात्राओं ने रखी युवाओं के भविष्य की बात

प्रतिनिधिमंडल में हनुमान इंटर कॉलेज की श्रेया जायसवाल, मांडवी सिंह और सोनम केसरी तथा उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज की आराधना सिंह, अंशिका वर्मा, रत्ना कुशवाहा, अदिति पांडेय और राबिया तबस्सुम सहित अन्य छात्राएं शामिल रहीं। जिलाधिकारी द्वारा मांग स्वीकार किए जाने के बाद अब महत्वपूर्ण होगा कि डिजिटल लाइब्रेरी के लिए स्थान, बजट, जरूरी उपकरण और संचालन की व्यवस्था कितनी जल्दी तय होती है। यदि यह पहल जमीन पर उतरती है, तो पडरौना के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक साझा मंच मिल सकता है।

आज होगा रावण वध, अंगारे उगलता रावण और आतिशबाजी बनेगी आकर्षण

बहराइच। ऐतिहासिक रामलीला मैदान में मंगलवार, 20 अक्टूबर को दशहरा मेले के साथ रावण वध का भव्य आयोजन होगा। इसके लिए विशाल और ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इस बार रावण को आकर्षक वस्त्रों से सजाया जाएगा। रावण के मुंह से अंगारे उगलने और तलवार घुमाने जैसे रोमांचक करतब दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। रावण दहन के दौरान रंग-बिरंगी आतिशबाजी और आकर्षक रोशनी से रामलीला मैदान जगमगा उठेगा।दशहरा मेले में श्रीराम-जानकी मिलन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को भव्य और यादगार बनाने के लिए श्री मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान रामलीला कमेटी के पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। मेले को लेकर श्रद्धालुओं और नगरवासियों में उत्साह है।कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल ने कहा कि बहराइच की ऐतिहासिक रामलीला धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। कमेटी का प्रयास है कि दशहरा महोत्सव को भव्य स्वरूप दिया जाए, ताकि नगरवासियों और दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर आयोजन देखने का अवसर मिले।कमेटी के महामंत्री राहुल रॉय ने कहा कि रावण वध और दशहरा मेले की तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कमेटी के सदस्य जुटे हुए हैं। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में सहभागिता करने की अपील की।कमेटी के प्रबंधक जितेंद्र अग्रवाल ने कहा कि रावण के पुतले को आकर्षक रूप दिया जा रहा है। रावण दहन के दौरान आतिशबाजी और रोशनी विशेष आकर्षण रहेंगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।कमेटी की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, 23 अक्टूबर, शुक्रवार को भव्य भरत मिलाप जुलूस पुराने महाराज सिंह स्कूल के समीप से विभिन्न मनोहारी झांकियों के साथ नगर भ्रमण पर निकलेगा। 24 अक्टूबर, शनिवार को बिसात खाना चबूतरे पर राजगद्दी समारोह आयोजित किया जाएगा। वहीं, 25 अक्टूबर, रविवार को राजगद्दी के उपलक्ष्य में घंटाघर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

यमुना में डूबे किशोर का मिला शव

बांदा। कमासिन थाना क्षेत्र के बाकल गांव के पास यमुना नदी में डूबे 16 वर्षीय किशोर राहुल साहू का शव करीब 44 घंटे बाद सोमवार सुबह बरामद हुआ। बैरफ गांव के समीप स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से शव ढूंढ निकाला। पुलिस ने षव का पोस्टमार्टम कराया है।हमीरपुर जिले के भरुआ थाना क्षेत्र निवासी राहुल साहू पुत्र छोटेलाल उर्फ विनोद साहू अपने पिता के साथ चैसठ जोगिनी माता मंदिर के मेले में दुकान लगाने आया था। शनिवार को वह दोस्तों के साथ यमुना नदी में नहाने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। हादसे के बाद उसकी तलाश शुरू की गई। रविवार सुबह गोताखोरों ने दोबारा नदी में उतरकर खोज अभियान चलाया। पुलिस ने बताया कि लगातार तलाश के बाद सोमवार सुबह करीब बैरफ गांव के समीप उसका शव बरामद हुआ।

नीलकंठ के चित्र वाले आभूषण व पारंपरिक ज्वेलरी की बिक्री में तेजी

बांदा। सराफा व्यापारियों का कहना है कि इस बार दशहरे पर सोने में करीब दो करोड़ और चांदी में एक करोड़ रुपये के कारोबार की उम्मीद है। नीलकंठ के चित्र वाले आभूषण और पारंपरिक ज्वेलरी की मांग बाजार में अधिक है। कपड़ा कारोबारियों के अनुसार लंबे समय बाद त्योहारी सीजन में बिक्री में तेजी है। इस दशहरे पर जिले में करीब पांच करोड़ रुपये के कपड़ा कारोबार का अनुमान है। व्यापारियों ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार व्यापार बेहतर होने की उम्मीद है। दशहरे पर शस्त्र पूजन, नीलकंठ दर्शन और रावण दहन की परंपरा को लेकर थाल, रोली, चावल, फूल-माला और मिठाइयों की मांग बढ़ गई है। कुम्हारों के बनाए गए मिट्टी के खिलौने और सजावटी सामान से बाजार सजे हैं। मेहंदी और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भी महिलाओं की कतार लगी है। दशहरे को लेकर बाजार पूरी तरह सजधज गया है। दषहरा त्योहार से पहलेयह रौनक व्यापारियों के लिए शुभ संकेत मानी जा रही है।

झोपड़ी में लगी आग, सामान जला, गाय झुलसी

कसया, कुशीनगर। कसया तहसील क्षेत्र के ग्राम मधवापुर में अज्ञात कारणों से एक रिहायशी झोपडी में लगी आग में हजारों का सामान जलकर राख हो गया। आग से एक गाय झुलस गई।जानकारी के अनुसार ग्राम निवासिनी इसरावती पत्नी शत्रुघ्न पटेल गांव के पश्चिम सरेह में झोपडी बनाकर रहती है तथा गांव में चाय की दुकान खोलकर परिवार का पोषण करती है। रविवार की रात में झोपडी में अचानक आग लग गई। आग ने धीरे धीरे पूरी झोपडी को अपने आगोश में ले लिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाई। कुछ देर में फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंची और आग बुझाई। सोमवार को लेखपाल अर्पित दूबे मौके पर पहुंचे और आग से हुई क्षति का आंकलन किया।

सीता हरण के मंचन से भावुक हुए दर्शक, आज होगा रावण वध

महोबा। श्री रामलीला न्यास महोबा के 151वें श्री रामलीला समारोह में पंचवटी में सीता हरण की लीला का अत्यंत भावुक व मार्मिक मंचन किया गया। लीला में रावण के कहने पर मारीच द्वारा स्वर्ण मृग बनना, रावण द्वारा सीता जी का हरण करना और मार्ग में जटायु के साथ हुए घोर युद्ध के दृश्यों को देखकर दर्शक भावविभोर हो गए। कुटिया में सीता जी को न पाकर श्री राम और लक्ष्मण के करुण विलाप दृश्य ने उपस्थित हजारों धर्मप्रेमी जनता की आंखें नम कर दीं। रामलीला न्यास के सचिव मनोज तिवारी ने बताया कि सीता हरण की लीला हमें लोभ और छल से बचने व विपत्ति में धैर्य रखने की सीख देती है। मंचन में शिवपूजन तिवारी ने श्री राम, आदित्य मिश्रा ने लक्ष्मण और पवन सेन ने सीता के पात्रों को बखूबी निभाया। आज रावण वध की लीला और रावण के विशाल पुतले का दहन किया जाएगा।

संस्थानों को मोहरा न बनायें

भारत विविधताओं का देश है और यह विविधता हर क्षेत्र में देखने को मिलती है। सियासत में भी यह विविधता सघनता के साथ विद्यमान है। लेकिन अगर इसे सियासी विवाद का कारण बनाया जायेगा, बात-बात पर विवाद खड़ा किया जायेगा तो लोकतांत्रिक व्यवस्था के संचालन में बड़ी चुनौतियां पेश आयेंगी। हाल के वर्षों में जिस तरह से सियासी मतभेदों को राजनीतिक विवाद का विषय बनाया गया है, चुनावी प्रतिस्पर्धा में पिछड़ने पर संवैधानिक संस्थाओं को सियासत का अखाड़ा बनाया गया। मनमाफिक परिणाम न आने पर चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किये जायेंगे। अपने पक्ष में अदालत का फैसला न आने पर सुप्रीम कोर्ट को निशाना बनाया जायेगा, जजों के खिलाफ महाभियोग चलाने की बात होगी, तो इससे संवैधानिक संस्थानों की गरिमा और विश्वसनीयता का क्षरण होगा। संवैधानिक संस्थान कमजोर होंगे तो लोकतंत्र भी कमजोर होगा और अंततः इसकी कीमत पूरे देश को चुकानी पड़ेगी। पूर्व में लोकसभा अध्यक्ष, सीजेआई, चुनाव आयोग, उपराष्ट्रपति आदि को विपक्ष निशाने पर ले चुका है। अब वह मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है और इसमें पार्टियों ने



अपने छात्र और युवा संगठनों को लगा दिया है, तो कुछ जमी-जमायी पार्टियों के प्रॉक्सी भी लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस ने तो सारी परंपराओं को ताक पर रखकर सीधे सीजेआई को ज्ञापन देने का कार्यक्रम बना लिया, लेकिन तारीफ करनी होगी सीजेआई की कि उन्होंने कांग्रेस से ज्ञापन लेने के बजाय संवैधानिक तरीकों से अदालत आने की बात कही। देश के सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि वह राजनीतिक दलों की सत्ता को लेकर चल रही मारामारी के बीच अखाड़ा नहीं बनेगा। सुप्रीम कोर्ट सिर्फ कायदे कानून और संविधान के दायरे में रह कर ही काम करेगा। दरअसल यह संदेश सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस के जरिए तमाम राजनीतिक दलों को भी दे दिया है, जोकि सुप्रीम कोर्ट के जरिए राजनीतिक फायदा उठाने का प्रयास कर रहे हैं। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट के बारे में कोई गलतफहमी या अफवाह फैले, इससे पहले ही मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए पत्रकार वार्ता आयोजित की। सीजेआई ने यह कदम शायद इसलिए उठाया कि नेता कहीं बात का बतंगड़ न बना दें और उसमें सुप्रीम कोर्ट को इसमें नहीं घसीट लें। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर मुलाकात का समय मांगा था कि वे उन्हें एक ज्ञापन सौंपना चाहते थे जिसमें वोट चोरी रोकने, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, मतदाता सूची के एसआईआर को रोकने और पुनः मतपत्र प्रणाली पर लौटने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने यह मांग यह कहते हुए मानने से इन्कार कर दिया कि यदि सुनवाई चाहते हो तो रिट याचिका के जरिए सुप्रीम कोर्ट आइये। सीजेआई ने राहुल गांधी के आधिकारिक ईमेल के जवाब में कहा कि इस तरह की मुलाकात उचित नहीं होगी, क्योंकि जिन मुद्दों पर चर्चा की मांग की गई है, वे पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं। इसी के साथ सीजेआई ने दूरदर्शिता दिखाते हुए अगले ही दिन प्रेस कांफ्रेंस करके स्थिति स्पष्ट कर दी ताकि राजनीतिक दल उसकी बातों का गलत मतलब न निकाल पायें। सुप्रीम कोर्ट को राजनीतिक विवाद में नहीं घसीट सकें। सीजेआई सूर्यकांत ने यह भी स्पष्ट किया कि संवैधानिक व्यवस्था के तहत सुप्रीम कोर्ट, प्रशासनिक स्तर पर सरकार के कामकाज में दखल नहीं दे सकता, हालांकि नेताओं को अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायिक पक्ष में अदालत का दरवाजा खटखटाने की छूट है। बहरहाल नेताओं को भी यह बात समझनी चाहिए कि लोकतंत्र में राजनीति तो ठीक है लेकिन संस्थनों को निशाना बनाना गलत है क्योंकि इससे लोकतंत्र कमजोर होगा।

विचार

किसी के बहुत सताने पर भी, उसे सताने का प्रयास नहीं करना चाहिए, क्योंकि दुखी प्राणी का शोक ही सताने वाले का नाश कर देता है।

-महाभारत.

धर्म-कर्म, सत्य-सदाचार, शक्ति एवं लक्ष्मी सभी शील पर आश्रित हैं। शील ही इन सबकी जड़ है।

-वेदव्यास.

इतिहास, पुराण साक्षी हैं कि मनुष्य के संकल्प के सम्मुख देव, दानव सभी पराजित होते हैं।

-इमर्सन.


संतोष को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इस मंत्र से कठिन से कठिन समय में मन विचलित नहीं होता।

-प्रेमचंद.

पूंजी तो मृत श्रम है जो जीवित श्रम का शोषण करने समय पिशाच की भांति जीवित रहती है और जितना अधिक जीवित रहती है, उतना ही अधिक शोषण करती है।

-कार्ल मार्क्स.

मर्यादा पुरुषोत्तम राम धरती के अप्रतिम नायक



विजयदशमी पर विशेष

नरेंद्र शर्मा

दुनिया के महान नायकों की कथाओं में एक समानता अकसर दिखायी देती है, वे अपनी असाधारण शक्तियों से पहचाने जाते हैं। कोई अपनी तलवार से इतिहास बदलता है। कोई अपनी विजय से साम्राज्य रचता है। कोई अपनी प्रतिभा से संसार को चमत्कृत कर देता है। लेकिन इस मामले में राम के व्यक्तित्व में विरोधाभास है। वे जितने बड़े नायक हैं, अपने बड़प्पन का प्रदर्शन उतना की कम करते हैं। उनके पास राजसत्ता है, पर सत्ता का अहंकार नहीं। पराक्रम है, पर पराक्रम का उन्माद नहीं। असाधारण क्षमताएं हैं, लेकिन अपने असाधारण होने की घोषणा नहीं। राम की महानता का सबसे अनोखा पक्ष यही है कि वे महान होने के लिए कभी महानता का दावा नहीं करते। उनका चरित्र मानव यह कहता है कि ऊंचाई का प्रमाण ऊंचे स्वर में बोलना नहीं बल्कि उस ऊंचाई पर खड़े होकर भी अपने भीतर विनम्र बने रहना है। वाल्मीकि रामायण में राम का वन गमन उन प्रसंगों में से है, जिनकी नैतिक प्रतिध्वनि सदियों से सुनायी देती रही है। अयोध्या का युवराज जिसके सामने राज सिंहासन उपस्थित है, एक वचन की रक्षा के लिए वन जाने को तैयार हो जाता है। वह अपने अधिकारों की सूची नहीं बनाता, अपने साथ हुए अन्याय का सार्वजनिक हिसाब नहीं मांगता और न ही योग्यता के आधार पर सत्ता पर दावा ठोकता है।

> राम की कथा हमें बताती है कि कर्तव्य का मार्ग हमेशा सरल नहीं होता। लेकिन यह कथा हमें विचार करने का अवसर भी देती है कि कर्तव्य, न्याय और करुणा के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए।

इसलिए राम की महानता किसी विजय भर में नहीं बल्कि उस अवसर पर दिखायी पड़ती है, जब वह अपने लिए उपलब्ध सबसे बड़े अवसर को त्याग देते हैं। यह निर्णय तर्क को असहज भी कर सकता है। क्या हर अन्याय को चुपचाप स्वीकार कर लेना महानता है? क्या अधिकारों का त्याग हमेशा नैतिक होता है? इन प्रश्नों को उठाना जरूरी है। राम के वन गमन का महत्व यह नहीं है कि वह हर परिस्थिति में अपने अधिकार छोड़ने के लिए तैयार हैं बल्कि यह कि उनके चरित्र में निजी लाभ से ऊपर संबंध और दायित्व का प्रश्न खड़ा होता है। राम अपनी महानता का प्रमाण किसी भाषण में नहीं देते, उनका आचरण ही उनकी ओर से बोलता है। जो व्यक्ति अपने अधिकार का उपयोग कर सकता है, लेकिन उसके इस्तेमाल की नैतिक कीमत भी समझता है, उसकी शक्ति साधारण शक्ति नहीं रह जाती। राम के व्यक्तित्व का दूसरा बड़ा विरोधाभास उनका पराक्रम है। वे युद्ध कला में दक्ष हैं, असाधारण धनुर्धर हैं तथा रावण जैसे शक्तिशाली प्रतिद्वंदी का सामना करते हैं, फिर भी उनका नायकत्व केवल शत्रुओं को परास्त करने से निर्मित नहीं होता। यदि पराक्रम ही महानता का अंतिम प्रमाण होता, तो इतिहास में अनेक योद्धा राम के समकक्ष खड़े हो सकते थे। लेकिन राम को विशिष्ट बनाता है-शक्ति और संयम का संतुलन। उनके पास युद्ध करने की क्षमता है, लेकिन उनकी पूरी कथा युद्ध की इच्छा से संचालित नहीं होती। सीता की खोज में उन्हें वन-वन भटकना पड़ता है, उन्हें सहयोगियों की आवश्यकता होती है, सुग्रीव से मित्रता, हनुमान पर विश्वास और वानर सेना के सहयोग से लंका तक पहुंचने की उनकी यात्रा बताती है कि राम अपनी सामर्थ्य को सर्वशक्तिमान होने के दावे में नहीं बदलते। यहां एक विशिष्ट मानवीय गुण सामने आता है। अपनी सीमाओं को स्वीकार करने की क्षमता का गुण।

अहंकारी नायक हर समस्या का समाधान अपनी शक्ति में खोजता है। राम के संबंध में सफलता-सहयोग, विश्वास और सामूहिक प्रयास से निर्मित होती है। हनुमान की भूमिका केवल राम की शक्ति का विस्तार नहीं, वह भी दिखाती है कि महान उद्देश्य को पूरा करने के लिए दूसरे की प्रतिभा को पहचानना और उस पर भरोसा करना कितना जरूरी है। सच्ची महानता सब कुछ स्वयं कर लेने में नहीं बल्कि दूसरों की क्षमताओं को भी अर्थपूर्ण बना देने में है। राम को समझने की एक बड़ी भूल यह होगी कि उन्हें ऐसी मूर्ति में बदल दिया जाए, जिस पर मनुष्य की कोई छाया न पड़े। उनकी शक्ति इस बात से भी है कि वो वियोग सहते हैं, व्याकुल होते हैं और कठिन परिस्थितियों में मानवीय पीड़ा से गुजरते हैं।

सीता के अपहरण के बाद उनका शोक इस बात की याद दिलाता है कि महानता का अर्थ भावनाओं से मुक्त हो जाना नहीं, वे दुखी होते हैं लेकिन दुख उनकी कथा का अंत नहीं बनता। वे संकट से गुजरते हैं, लेकिन संकट को अपनी पहचान का आधार नहीं बनने देते। यहीं राम आधुनिक समय के पाठक के निकट आते हैं। आज की दुनिया में सफलता का अर्थ अकसर अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन, अपनी श्रेष्ठता की घोषणा और दूसरों से आगे निकलने की निरंतर होड़ बन गया है। ऐसे समय में राम का चरित्र एक ऐसा अलग प्रश्न उठाता है। क्या किसी व्यक्ति का मूल्य केवल उसकी उपलब्धियों से तय होता है या इस बात से भी कि उपलब्धियों के बीच वह मनुष्य कैसा बना रहता है? हालांकि राम के चरित्र को केवल त्याग और आत्मसंयम की सरल प्रशस्ति में समेटना भी उचित नहीं होगा। सीता के वनवास और उत्तरकांड से जुड़े प्रसंग राम के व्यक्तित्व को गंभीर नैतिक प्रश्नों के सामने खड़ा करते हैं। लोकमत, राजधर्म, व्यक्तिगत संबंध और न्याय के बीच तनाव, उनके चरित्र की जटिलता को उजागर करता है। यहीं राम अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हैं। वे केवल प्रशंसा पाने वाले नायक नहीं रहते, वो ऐसे पात्र बनकर उभरते हैं, जिनके निर्णयों की परीक्षा की जा सकती है। उनकी महानता पर विचार करने का अर्थ उनके प्रत्येक निर्णय को प्रश्नातीत मान लेना नहीं है बल्कि यह समझना है कि आदर्शों के नाम पर लिये गये उनके निर्णयों की मानवीय कीमत क्या है? किसी नायक की ऊंचाई केवल उसके गुणों से नहीं, उन कठिन प्रश्नों से भी मापी जाती है, जिन्हें उसका जीवन हमारे सामने छोड़ जाता है।

राम की कथा हमें बताती है कि कर्तव्य का मार्ग हमेशा सरल नहीं होता। लेकिन यह कथा हमें विचार करने का अवसर भी देती है कि कर्तव्य, न्याय और करुणा के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। राम को महान बनाने वाली बात यह नहीं है कि उनके जीवन में विरोधाभास नहीं हैं बल्कि यह है कि उनकी कथा सदियों से मनुष्य को अपने आचरण के बारे में सोचने के लिए विवश करती है। उनका व्यक्तित्व राजमहल से वन तक, मित्रता से युद्ध तक और विजय से उसके बाद की नैतिक जटिलताओं तक फैला है। राम ने कभी अपनी महानता का दावा नहीं किया, लेकिन उनकी कथा ने सदियों तक उनके बारे में बोलना जारी रखा। यही इस कथा की शक्ति है कि वह अपने समय से निकलकर हर नये समय में आदर्श का शिखर बनती है। शायद महानता की सबसे विश्वसनीय पहचान यही है कि व्यक्ति को अपनी महानता बतानी न पड़े, उसका जीवन दूसरों को अपने आचरण पर विचार करने के लिए प्रेरित करने लगे। राम इसी अर्थ में युग-युगांतर के नायक हैं। वो केवल इसलिए नहीं याद किये जाते कि उन्होंने रावण को हराया बल्कि इसलिए भी कि उनकी कथा हमें विजय से आगे मनुष्य होने की जिम्मेदारी तक ले जाती है। संसार को केवल ऐसे विजेताओं की जरूरत नहीं है, जो हमें यह सोचने पर विवश करें कि जीतने के बाद हम क्या बनते हैं बल्कि ऐसे नायकों की जरूरत है, जो जीतने के बाद भी मनुष्य बने रहते हैं।

सोशल मीडिया



अखिलेशजी, सुना आपने अपनी पार्टी की कन्नौज ईकाई को भंग कर दिया है। ए महाराज, उनकी क्या गलती थी? जब आप ही एससी, पीसी से बाहर नहीं निकलते, तो वे क्या करें। ओपी राजभर.



एशियन पैरा गेम्स 2026 में पुरुषों की भाल फेंक एफ-46 स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर उप्र. के पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ी अजीत सिंह यादव जी को हार्दिक बधाई। केशव प्रस.



लद्दाख की सड़कें बेहतर होंगी और लेह एयरपोर्ट का भी विस्तार किया जायेगा। इससे संस्कृति व व्यापार के साथ देश के अन्य हिस्सों के साथ कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी। पीएम मोदी.

कजरा लगा के मधुबन में कुमकुम नाचे रे!



बॉलीवुड

कैलाश सिंह

फिल्म 'आर पार' (1954) का एक मशहूर गीत है 'कभी आर, कभी पार, लागा तीरे नजर', जिसे अभिनेता निर्देशक गुरुदत्त अपने दोस्त जगदीप, जो फिल्म 'शोले' के सुरमा भोपाली के रूप में अधिक विख्यात हैं, पर फिल्माना चाहते थे। लेकिन अंतिम समय में उन्होंने तय किया कि यह गाना महिला किरदार पर बेहतर रहेगा। इसमें समस्या यह थी कि कोई भी स्थापित अभिनेत्री छोटी सी भूमिका करने के लिए तैयार नहीं थी। किसी एक्स्ट्रा को जिम्मेदारी इसलिए नहीं दी जा सकती थी कि गाने में नृत्य कौशल की आवश्यकता थी। तभी गुरुदत्त को किसी ने बताया कि पंडित शम्भू महाराज से कथक सीखे हुए एक खूबसूरत लड़की है, वह यह भूमिका अच्छी तरह कर सकती है। उस लड़की से सम्पर्क किया गया। उसने हां कह दी. वह लड़की कुमकुम थी। इस प्रकार कुमकुम का फिल्मी सफर आरम्भ हुआ जो लगभग 115 फिल्मों तक सफलतापूर्वक चला।

कुमकुम का जन्म बिहार के हुस्सैनाबाद में जिबुन्निस्सा के रूप में हुआ था। उनके पिता नवाब मंजूर हसन खान हुस्सैनाबाद के बड़े जमींदार थे और वह कुमकुम के जन्म से कुछ पहले ही हिन्दू धर्म छोड़कर मुस्लिम हुए थे। चूंकि कुमकुम कथक में महारत हासिल किये हुए थीं, इसलिए बड़े पर्दे पर उनके नृत्य को विशेष रूप से पसंद किया गया। कथक नृत्य का एक नाजुक पहलू अभिनय है, जिसका अर्थ है कि नृत्यांगना अपनी मुद्राओं से संगीत में सजे शब्दों की व्याख्या कर दे। यही वजह है कि अच्छी नृत्यांगना जैसे वहीदा रहमान, वैजयंतीमाला, हेमा मालिनी, माधुरी दीक्षित, श्रीदेवी आदि सफल अभिनेत्री भी साबित हुईं। कुमकुम भी इस नियम का अपवाद नहीं रहीं। वह नाचते हुए भी अभिनय करते हुए नजर आती थीं। उनकी इस खूबी का निर्देशकों ने जमकर प्रयोग किया, जैसा कि 'कजरा लगा के' गाने से स्पष्ट है। कुमकुम ने अपनी नृत्य प्रतिभा खासतौर से फिल्म 'कोहिनूर' में दिलीप कुमार के साथ दिखाई 'मधुबन में राधिका नाचे रे' गीत पर। इसी फिल्म में उन्होंने 'हाय जादूगर कातिल, हाजिर है मेरा दिल' गीत पर भी यादगार नृत्य किया था। इस गीत को नौशाद के संगीत पर आशा भोंसले ने गाया था। कुमकुम के बारे में एक खास बात बहुत कम लोग जानते हैं। आज जो भोजपुरी फिल्में बहुत सफल व चर्चित हैं तो उनकी नीव कुमकुम ने ही रखी थी। भोजपुरी भाषा में पहली फिल्म 1963 में बनी थी, जिसका नाम 'गंगा मैय्या तोहे पियरी चढैबो' था। इसकी मुख्य कलाकार कुमकुम थीं। कुमकुम ने ही भोजपुरी में पहली फिल्म पत्रिका आरम्भ की थी। यह 2004 की बात है। बहरहाल, 'मदर इंडिया' (1957), 'सन ऑफ इंडिया' (1962), 'कोहिनूर' (1960) में अपनी भूमिकाओं के लिए विख्यात कुमकुम का सफलता की दृष्टि से कामयाब वर्ष 1968 रहा जब उनकी 'उजाला', 'नया दौर', 'श्रीमान फंटूश', एक सपेरा एक लुटेरा, 'गंगा की लहरें', 'राजा और रंक' व 'आंखें' जैसी यादगार फिल्में रिलीज हुईं। हालांकि इन फिल्मों में भी कुमकुम की भूमिकाएं छोटी ही थीं, लेकिन वह महत्वपूर्ण थीं, जिससे उन्हें अपनी छाप छोड़ने का भरपूर अवसर मिला और उन्होंने इसमें सफलता भी पायी।

कुमकुम से लेखक निर्देशक रामानंद सागर विशेष रूप से प्रभावित थे। उन्होंने 'आंखें' में उन्हें धर्मेंद्र की बहन की भूमिका दी, 'गीत' (1970) में हालांकि छोटी सी भूमिका दी थी, लेकिन 'ललकार' (1972) में उन्हें धर्मेंद्र के साथ पेअर किया गया, जबकि माला सिन्हा को राजेंद्र कुमार के साथ रखा गया। सागर ने जब 1973 में अपने निर्माण, निर्देशन व लेखन में 'जलते बदन' बनायी तो किरण कुमार के साथ कुमकुम को ही हीरोइन लिया था। सागर के अलावा गुरुदत्त व महबूब भी कुमकुम को बहुत पसंद करते थे और अपनी फिल्मों में उनके लिए कोई न कोई भूमिका निकाल ही लेते थे। महबूब ने तो उन्हें अपनी आखिरी फिल्म 'सन ऑफ इंडिया' में हीरोइन तक की भूमिका दी। लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही और कुमकुम नृत्य व छोटी भूमिकाओं तक ही सीमित रहीं, 70 के दशक के मध्य तक और फिर उन्होंने शादी कर ली। सज्जाद अकबर खान से शादी के बाद कुमकुम ने फिल्म संसार को अलविदा कह दिया। अभिनेत्री अबीर अबरार उनके पति के भाई की बेटी हैं। कुमकुम के पति सऊदी अरब में नौकरी करते थे, इसलिए वह शादी के बाद वहीं चली गईं और 23 साल वहां रहने के बाद, वह 1995 में स्वदेश लौटीं। उनके एक बेटी अंदलीब अकबर खान है। दिलचस्प तथ्य यह है कि अभिनेता गोविंदा कुमकुम के भांजे हैं। गोविंदा की मां निर्मला देवी के पिता भी वासुदेव महाराज उर्फ.वासुदेव नारायण सिंह हैं, जो कुमकुम के भी पिता हैं और जो बाद में धर्म परिवर्तन करके नवाब मंजूर हसन खान हो गए थे।

वेद मंत्रों का महत्व

अंतर्दृष्टि

इस धरती पर ईश्वर ने मनुष्य को सर्वश्रेष्ठ प्राणी के रूप में जन्म दिया है और उसमें सोचने-समझने, ज्ञान-विज्ञान और अनुसंधान की क्षमता भी दी है। आध्यात्म की शक्तियां भी असाधारण हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

जेब तक पहुंचते हैं कानून के हाथ

व्यंग्यलोक

हाथों का अपना एक लफड़ा है। जहां कहीं भी पुलिस खड़ी हो, उसे जैसे ही हाथ कंगन दिखा दिया जाए, तो फिर आर सी की कोई जरूरत नहीं रहती है। रिश्वत शास्त्र में पुलिस वाले इतने ज्ञानी होते हैं कि उन्हें फारसी की जरूरत नहीं पड़ती। हाथों में कंगन देखते ही पुलिस के आगे कितनी ही फर्राटे-दार गाड़ी चलाइये आपको आरसी की कोई परवाह नहीं होगी। यही नियम अन्य सभी सरकारी दफ्तरों पर लागू है। कानून के हाथ इतने लंबे होते हैं कि वे आपकी जेब से रुपया और हाथों से कंगन लेने में तनिक भी देर नहीं लगाते। सामान्यतः हमें दिखाई नहीं देते कि कानून के हाथ है कहां पर? ये हाथ किस जगह खड़े रहते हैं? लेकिन जब उन हाथों को कुछ दान-दक्षिणा आदि कुछ लेनी हो, तो वे जाने कहां से लपक कर आपके सामने आ जाते हैं। सरकारें कहती कि हाथों के दिन आएंगे। कब आएंगे? ये कोई कुछ नहीं कह सकता। हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं युवक। कहते हैं कि ये हाथ सुख की रोटी खाएंगे, सुख के साथ सोएंगे, पर उसकी कोई डेटलाइन नहीं है। यही तो इस वाक्य और हाथ की खूबसूरती का कमाल है! टीवी पर ज्ञानी जन कहते हैं कि ये सब विदेशी हाथों का धमाल है। इसी कारण से अमीर लोग और ज्यादा मालामाल है। कमबख्त सारा गड़बड़झाला विदेशी हाथों का ही है! कह सकते हैं कि ये सब विदेशी लातों का है। ये विदेशी हाथ भी बड़े उजबक टाइप के हैं। जाने कब-कहां से सीन पर प्रकट हो लेते हैं? फिर दे-धमाल! इस कंपटीशन में जब देसी हाथों को देखता हूं तो एक झींगुर सा झिलमिलाता रहता हूं। देसी हाथ विदेशी हाथों के मामले में एकदम लिजलिजे से दिखाई पड़ते हैं। इस गड़बड़ झाली में शासन और प्रशासन को हरदम हाथ पर हाथ धरे बैठे देखा जा सकता है। एक आम आदमी को पता होता है की शिक्षा और स्वास्थ्य के हालात क्या हैं? रोजगार और खेती किसानी के हालात क्या हैं? लेकिन शासन-प्रशासन के हाथों को हाथ भी नहीं सूझता है। कई बार तो शासन का हाथ, प्रशासन के हाथ से हाथापाई करने लग जाता है। प्रशासन का कायदा तो हर एक मामले में हाथ साफ करना ही रहता है। अफसर इतनी साफ-सफाई रखते हैं कि वे हर एक डीलिंग के मामले में हाथ साफ ही करते देखे जाते हैं। कहा जाता है कि इनके हाथों में भाग्य रेखा, मस्ती रेखा, जीवन रेखा के साथ-साथ रिश्वत, भ्रष्टाचार, अनीति की रेखाएं बहुत गहरी-गहरी होती है। स्कूली जीवन की गणित में जो कुछ भी बिंदु, किरण, रेखा आदि पढ़ाई गई, वे सारी रेखाएं इनके हाथों में सिमटी रहती हैं। कानून के हाथ जितने भी लंबे होते हैं, वे अफसरों के सामने गधे के सींग की तरह गायब हो जाते हैं। लेकिन यही हाथ जब किसी से कुछ रिश्वत मीमांसा की पारणा के लिए मांगते से दिखते हैं, तो बहुत-बहुत लंबे हो जाते हैं। कोर्ट-कचहरी को भी उनके हाथों में हथकड़ी लगाने की कोई इजाजत नहीं होती।



रामविलास जॉगिड़

आपकी बात

चीन की हठधर्मिता

चीन बार-बार अरुणाचल के मुद्दे पर भारत को असहज करता है। चीन ने अरुणाचल के कई स्थानों का नाम बदल दिया है हालांकि भारत चीन की इस हरकत को खारिज कर दिया है लेकिन चीन जैसे शातिर देश से बहुत अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। शी चिनफिंग बार-बार भारत जहां एक तरफ आक्रामकता दिखाते हैं वहीं दूसरी तरफ कूटनीति का दिखावा भी करते हैं। चीन की हरकतें लगातार बढ़ रही हैं इसलिए सीमा पर कड़ा जवाब देने के साथ ही अब चीन पर आर्थिक प्रहार भी करने की जरूरत है।

कुछ समय पहले जब चीन ने भारत के आर्थिक प्रतिष्ठानों पर कब्जा करने का प्रयास किया तो उसे एफडीआई नीति में बदलव के जरिये रोका गया। भारत सरकार ने एफडीआई नीति में जरूरी बदलाव करके अपने कारपोरेट को बचाने का जो प्रयास किया है वह सही समय पर उठाया गया कदम था। चीन के शातिर चाल पर रोक लगाने के लिए भारत सरकार ने एफडीआई नीति में जो बदलाव किया है वह स्वागतयोगय कदम है। इससे भारतीय कंपनियों के अधिग्रहण का खतरा कम होगा। उदारीकरण की नीतियों को लागू किये जाने के बाद देश में बड़े पैमाने पर विदेशी निवेश आया है और भारतीय कंपनियां एवं उद्यमियों ने भी आक्रामक अधिग्रहण के जरिये विदेशों में बड़ी-बड़ी कंपनियों को अपने कब्जे में लिया है। कोरोना काल में भी चीन के केन्द्रीय बैंक 'पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना' ने अचानक भारत की सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनी एचडीएफसी में अपनी हिस्सेदारी को एफडीआई रूट के जरिये 0.80 से बढ़ाकर 1.01 फीसद कर लिया था। बैंक ऑफ चाइना के इस कदम ने भारत के कारपोरेट जगत में हलचल पैदा कर दी थी। इसके बाद केन्द्र ने एफडीआई नियमों में संशोधन किया है। अब चीनी कंपनियों एवं नागरिकों के लिए भारतीय कंपनियों का अधिग्रहण सरकार की मंजूरी के बिना नहीं हो सकेगा। भारत सरकार ने एफडीआई नियमों में संशोधन कर एक नया प्रावधान जोड़ा है जिसमें भारत के साथ सीमा साझा करने वाले देश की कंपनी, व्यक्ति, संस्था या किसी ऐसी कंपनी जिसका स्वामी सीमावर्ती देश के नागरिक या कंपनी के पास हो, उसको भारतीय कंपनी में निवेश के लिए मंजूरी लेनी होगी। एफडीआई में एक प्रावधान और जोड़ा गया है कि किसी भी ऐसे वर्तमान या भावी निवेश के लिए भारत सरकार से मंजूरी लेनी होगी जिसमें स्वामित्व हस्तांतरण शामिल हो। वैश्वीकरण के इस युग में कंपनियों में निवेश, अधिग्रहण सामान्य बात है, लेकिन अगर भारत की किसी कंपनी का मालिकाना हक चीन, पाकिस्तान जैसे देशों के पास चला जाये तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा व राष्ट्रीय हित पर बहुत गहरी चोट भी है। इसके अलावा अब चीनी आयात पर भी लगाम लगाने की जरूरत है क्योंकि यह लगातार बढ़ता जा रहा है।

विवेक कुमार सिंह, लखनऊ.

असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा का दायित्व सरकार उठाये

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये। इस तरह सभी श्रमिकों तक आसानी से सामाजिक सुरक्षा के लाभों को पहुंचाकर उनका जीवन स्तर उठाया जा सकता है।

प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

रोटावेटर की चपेट में आने से बालक की मौत

आजमगढ़। जनपद के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मुडहर गांव में सोमवार सुबह खेत की जुताई के दौरान हुए हादसे में 13 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। गांव के ही ट्रैक्टर पर सवार होकर खेत की जुताई कराने जा रहा बालक अचानक नीचे गिर पड़ा और पीछे लगे रोटावेटर की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक का माहौल छा गया। मृतक की पहचान मुडहर गांव निवासी साकिब उर्फ प्रधान, पुत्र अमर उर्फ अमीर के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 10 बजे साकिब गांव के ट्रैक्टर चालक के साथ खेत की जुताई के लिए गया था। इसी दौरान वह अचानक ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और रोटावेटर की चपेट में आ गया। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर गंभीरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। । पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मोटरसाइकिल पेड़ से टकरायी, दो की मौत

मथुरा। बल्देव थाना क्षेत्र अंतर्गत खदेड़ा मोड़ के पास सोमवार को एक मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी महावन संजीव कुमार राय ने बताया कि यह दुर्घटना बल्देव थाना क्षेत्र अंतर्गत खदेड़ा मोड़ के पास उस समय हुई जब नगला गिरधर गांव निवासी सुभाष (30) और गोवर्धन चौराहा निवासी मनोज (32) नगला गिरधर से मोटरसाइकिल से बल्देव की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि टक्कर की वजह से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। राय ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

करंट से बच्चे की मौत

मथुरा। कोतवाली वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत सोमवार दोपहर बिजली विभाग की लापरवाही से 7 साल का बच्चा करंट की चपेट में आ गया। बच्चा अपनी नानी के साथ बाजार जा रहा था। तभी हाईटेंशन लाइन की गार्डिंग के लिए लगाया गया तार टूटकर उसके ऊपर गिर गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने बच्चे को तार से अलग किया और अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। मथुरा-वृंदावन रोड पर गंदे कुआं के पास रहने वाले अजय कुमार का 7 साल का भांजा प्रिंस अपनी नानी करिश्मा के साथ बाजार जा रहा था। दोनों घर से कुछ दूर मुख्य रास्ते पर पहुंचे थे, तभी हाईटेंशन लाइन की गार्डिंग के लिए लगाया गया तार टूटकर गिर गया। इसकी चपेट में आने से प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने बच्चे को तार से अलग किया। मौके पर ही उसे सीपीआर दी गई। इसके बाद लोग उसे बाइक रिक्शा से जिला संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे। वहां से हालत गंभीर होने पर उसे रामकृष्ण मिशन अस्पताल रेफर किया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग में हड़कंप मच गया। पागल बाबा बिजलीघर के एसडीओ पंकज कुमार ने बताया कि हाईटेंशन लाइन की गार्डिंग का तार अचानक टूटकर गिर गया था। इसकी चपेट में आने से बच्चा घायल हुआ। हादसे के बाद तत्काल बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। उन्होंने कहा कि बच्चे का बेहतर इलाज कराना प्राथमिकता है।

लक्ष्मण पर मेघनाद का शक्ति प्रहार, मचा हाहाकार



जिला संवाददाता(vol)

रेणुकूट,सोनभद्र। हिंडाल्को रामलीला परिषद के तत्वावधान में रामलीला के आठवें दिन अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण मूर्छित लीला का सुंदर चित्रण हुआ। अंगद ने लंका का सारा हाल आकर राम जी को सुनाया और आक्रमण की तैयारी के लिए कहा। लंका में कोहराम मच गया। रावण द्वारा परेशान होने पर पहले दिन युद्ध की कमान मेघनाथ को सौंपी गई। इधर भगवान राम ने लक्ष्मण की जिद पर संग्राम की कमान सौंपी। लक्ष्मण मेघनाथ में घोर युद्ध हुआ। लेकिन मेघनाथ ने ब्रह्मास्त्र शक्ति का प्रयोग कर लक्ष्मण पर वार कर दिया जिससे लक्ष्मण मूर्छित हो गए। जिसे राम व्याकुल हो गए तथा पूरी वानर सेना में शोक की लहर दौड़ गई। तब हनुमान जी लंका से सुसेन वैध को लेकर रामादल पहुंचे। जहां उन्होंने बताया की द्रोणागिरी पर्वत पर संजीवनी बूटी अगर रात में ही आ जाए तब लक्ष्मण के प्राण बच सकते हैं। हनुमान जी रामा दल से संजीवनी बूटी लेने के लिए चल पड़े रास्ते में रावण द्वारा भेजे गए कालनेमि ने उनका रास्ता रोका लेकिन हनुमान जी ने उसका वध कर दिया। द्रोणागिरी पर्वत को संजीवनी बूटी सहित उठा लाये फिर सुसेन वैध ने लक्ष्मण के मुख में संजीवनी बूटी डाली। जिससे लक्ष्मण ठीक हो गए रामा दल में जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे। हिंडाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 की प्रधानाध्यापिका श्रीमती दीपान्विता रॉय तथा आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज के उपप्रधानाचार्य श्री विजय भगवत पाटिल ने अपनी पत्नी सहित वैदिक विधि-विधान से भगवान गणेश का पूजन कर रामलीला मंचन का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर रामलीला परिषद के अध्यक्ष पी.के. उपाध्याय, सचिव आदित्य प्रकाश पांडे, कोषाध्यक्ष पद्माकर मिश्रा एवं निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत उपस्थित रहे।

भक्ति,भजन और रामायण मंचन से गूंजा रिहंदेश्वर धाम

बीजपुर, सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंदनगर परिसर स्थित प्रसिद्ध रिहंदेश्वर महादेव मंदिर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के दौरान भजन संध्या, शंखनाद एवं नृत्य प्रतियोगिता, रामायण मंचन, हवन और कन्या पूजन सहित विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन अवसर पर विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण किया।17 अक्टूबर को लखनऊ से आए अग्निहोत्री बंधुओं की भजन प्रस्तुतियों ने मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान आयोजित शंखनाद प्रतियोगिता में अपर महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार यादव ने प्रथम तथा मानव संसाधन विभाग के अमित केसरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि एवं परियोजना प्रमुख, कार्यकारी निदेशक संजय असाटी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। 18 अक्टूबर को आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। मुख्य अतिथि संजय असाटी एवं महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी ने प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही धार्मिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।महोत्सव का विशेष आकर्षण लखनऊ से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रामायण मंचन रहा। कलाकारों ने नारद, रावण और भगवान श्रीराम के चरित्रों का प्रभावशाली अभिनय कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की।नवमी के पावन अवसर पर विधि-विधान से हवन एवं कन्या पूजन किया गया। इसके साथ ही सनातन धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। तत्पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

धधरौल डैम पर मूर्ति विसर्जन स्थल का एडीएम ने लिया जायजा

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वागीश कुमार शुक्ला एवं उप जिलाधिकारी सदर आशीष कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को धधरौल डैम पहुंचकर मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने विसर्जन स्थल पर की जा रही तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने को कहा। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मूर्ति विसर्जन स्थल के आसपास पर्याप्त बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने पर भी जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मूर्ति विसर्जन से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं, जिससे विसर्जन कार्यक्रम सुरक्षित एवं सुचारु ढंग से संपन्न कराया जा सके।

ट्रक की चपेट में आने से मजदूर की मौत

आजमगढ़। कंधरापुर थाना क्षेत्र के मधुबन गांव निवासी एक मजदूर की सोमवार सुबह जौनपुर जिले के सरायख्वाजा बाजार के पास ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में 32 वर्षीय श्रवण मद्धेशिया पुत्र स्वर्गीय अच्छे लाल मद्धेशिया ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पति की मौत की खबर मिलते ही पत्नी और बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार, श्रवण मद्धेशिया मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी हैं। दो भाइयों में श्रवण छोटा था और परिवार की आजीविका का मुख्य सहारा था। उसका बड़ा भाई मुंबई में रहता है। आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने और काम की तलाश में श्रवण दो दिन पहले ही अपनी पत्नी और दोनों बच्चों को लेकर जौनपुर जिले के सरायख्वाजा गया था। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह श्रवण बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान सरायख्वाजा बाजार के पास वह ट्रक की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची सरायख्वाजा थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दुर्गा पूजा पंडाल की दान पेटी का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

मीरजापुर। जिले में चोर बेखौफ हैं, उन्हें भीड़ भाड़ वाले खासकर दुर्गा पूजा पंडाल जैसे धार्मिक स्थल पर भी किसी का खौफ नहीं है। यदि ऐसा ना होता तो भला दुर्गा पूजा पंडाल के दानपेटी पर हाथ ना फेरते..! दरअसल, यह पूरा मामला आदर्श नगर पंचायत कछवां स्थित जय मां दुर्गा पंडाल से जुड़ा हुआ है जहां बीती रात चोरों द्वारा दान पेटी का ताला तोड़कर हजारों रुपए उठा ले जाने का मामला सामने आया है। पंडाल के कोषाध्यक्ष संतोष कुमार उमर ने बताया कि लगभग रात 1 बजे जब पंडाल के कार्यकर्ता अपने घर चले गए थे, दान पेटी वहीं रखी हुई थी। तभी अज्ञात चोरों द्वारा दान पेटी का ताला काटकर लगभग हजारों रुपया माता रानी का चढ़ावा चुरा ले गए। ऐसी घटना घटित होने से कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं पंडाल के लोगों ने प्रशासनिक व्यवस्था न होने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। स्थानीय लोगों के अनुसार सूचना सुबह तब मिली जब कार्यकताओं ने दान पेटी का ताला टूटा हुआ देखा। सूचना मिलते ही कछवां पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पंडाल समिति ने प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग की है। समिति का कहना है कि नवरात्रि के समय श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जरूरी हैं।

परंपरागत तरीके से कराया गया कन्यापूजन

लालगंज, मीरजापुर। नवयुवक दुर्गा पूजा समिति लहंगपुर के तत्वावधान में पिछले कई वर्षों से आयोजित किए जा रहे दुर्गा पूजन एवं कन्या पूजन, प्रसाद की परंपरा इस वर्ष भी जारी रही। सोमवार दोपहर बाद लहंगपुर बाजार में स्थित मां दुर्गा के पंडाल में भव्य कन्या पूजन एवं प्रसाद का आयोजन किया गया। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1001 से अधिक कन्याओं को प्रसाद के बाद स्टील प्लेट, कलम काफी वितरित किया गया। यह कार्यक्रम हवन के बाद चालू किया गया। समारोह में 1 से 10 वर्ष तक की कन्याओं का पूजन एवं भव्य भंडारे में प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों के अनुसार पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1001 से अधिक कन्याओं का पूजन एवं भंडारे में प्रसाद वितरण की तैयारी है। मां दुर्गा के प्रिय भोग हलुआ के साथ पूड़ी, कद्दू और आलू टमाटर की सब्जी का विशेष प्रसाद परोसा गया। इस अवसर पर आलोक कुमार दुबे, बाबा पाल प्रधान प्रतिनिधि, राजन जायसवाल, समरनाथ पूर्व प्रधान, अंकित जायसवाल, पवन जायसवाल, संजय जायसवाल, प्रदीप यादव, धीरेंद्र जायसवाल, प्रमोद मौर्य, विजय गुप्ता, विजय जायसवाल, वीरेंद्र जायसवाल, पंकज जायसवाल, अशोक कश्यप, राजेंद्र जायसवाल, आकाश मिश्रा, महेश शर्मा, कृष्णकांत सिंह, राजेश जायसवाल, गौरव जयसवाल, शिवम जायसवाल, मनोहर विश्वकर्मा आदि लोग प्रसाद वितरण में सहयोग करते देखे गए।

व्यापारी का पुत्र 4 घंटे में सकुशल बरामद थाना राया पुलिस सम्मानित

मथुरा। राया कस्बे में विगत दिनों दिनदहाड़े एक हार्डवेयर कारोबारी के पुत्र के अपहरण और 50 हजार रुपये की फिरौती मांगने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने महज 4 घंटे के भीतर सफल खुलासा किया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए व्यापारी के पुत्र को सकुशल बरामद किया तथा रात्रि में हुई मुठभेड़ के दौरान थार सवार दो अपहरणकर्ता बदमाशों को घायल कर गिरफ्तार कर लिया। इस सराहनीय कार्य से उत्साहित कस्बे के व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों ने राया थाने पहुंचकर एसएसपी सहित पूरी पुलिस टीम को अंगवस्त्र (दुपट्टा) ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर



सम्मानित किया। कुछ दिनों पूर्व राया कस्बे में दिनदहाड़े एक हार्डवेयर कारोबारी के पुत्र का अपहरण कर बदमाशों द्वारा 50 हजार रुपये की फिरौती मांगी गई थी। इस दुस्साहसिक घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया। पुलिस टीमों ने तत्परता दिखाते हुए मात्र 4 घंटे के भीतर अपहृत व्यापारी पुत्र को सकुशल मुक्त करा लिया। इस दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच हुई रात्रि मुठभेड़ में थार सवार दोनों अपहरणकर्ता बदमाश घायल अवस्था में गिरफ्तार किए गए। इस सफल और साहसिक ऑपरेशन को अंजाम देने वाली राया थाना पुलिस एवं प्रशासनिक टीम के श्लोक कुमार (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक) संजीव कुमार राय (क्षेत्राधिकारी महावन) कर्मवीर सिंह (थाना प्रभारी निरीक्षक, राया) इंतजार अली (कस्बा प्रभारी) उ0नि0 उमेश कुमार, उ0नि0 कुशलपाल सिंह (चौकी प्रभारी, विचपुरी) उनि नितिन त्यागी (चौकी प्रभारी, हाइवे) तथा अन्य पुलिस टीम के सदस्य का सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह के अवसर पर कस्बे के राजकुमार अग्रवाल (चेयरमैन) राकेश शर्मा (पूर्व चेयरमैन) भूपेश अग्रवाल (अग्रवाल सभा अध्यक्ष) प्रतुल गंगल, अजय अग्रवाल, पंकज गुप्ता, सचिन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अमित अग्रवाल आदि तमाम प्रतिष्ठित लोग और व्यापारी मौजूद रहे।

राजनैतिक दलों को सौंपी गयी मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची

मथुरा। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान आयोग के निर्देशानुसार जनपद में मतदेय स्थलों के सम्भाजन (तंजपवदंसप्रंजपवद) और पुनर्व्यवस्थापन की प्रक्रिया के तहत आलेख्य सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01.01.2027 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदेय स्थलों के सम्भाजन की कार्रवाई 02 नवंबर 2026 तक पूर्ण की जानी है। इसके अंतर्गत जर्जर व क्षतिग्रस्त बूथों को बदलने, 1200 से अधिक मतदाता वाले बूथों को बढ़ाने तथा कम मतदाताओं वाले मतदेय स्थलों को मर्ज करने का कार्य किया जा रहा है। 16 से 18 अक्टूबर 2026 मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन और नए भवनों का चिन्हांकन। 19 अक्टूबर 2026 आपत्तियों एवं सुझावों हेतु आलेख्य सूची का प्रकाशन और राजनीतिक दलों को वितरण। 26 अक्टूबर 2026 सांसद, विधायक और राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर सुझावों/शिकायतों का निस्तारण। 27 अक्टूबर 2026 अंतिम प्रस्ताव अनुमोदन हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को प्रेषित किया जाना है। बैठक में विभिन्न दलों से प्रदीप चैधरी, कृष्ण मुरारी (सपा), आकाश चैधरी (भाजपा), प्रेम प्रकाश, मुनेंद्र सिंह निगम (बसपा) तथा बलवीर सिंह प्रधान, विष्णु चैधरी, अशोक कुमार श्रीवास्तव (कांग्रेस) समेत एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा, एडीएम प्रशासन अमरेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी और अन्य संबंधित अधिकारी व उपजिलाधिकारीगण मौजूद रहे।

अंतरराज्यीय चोर गैंग के दो शातिर गिरफ्तार

मथुरा। थाना रिफाइनरी पुलिस तथा एन्टी रिवार्ड टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जनपद में रात्रि के समय चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर अंतरराज्यीय चोर गैंग के दो सदस्यों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान चोरी के माल और अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपियों के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस, चार खोखा कारतूस, चोरी की दो बैटरियां, एक गैस सिलेंडर, चोरी के 99,500 रुपये और वारदात में इस्तेमाल की गई एक औरा कार बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, थाना रिफाइनरी क्षेत्र की कृष्णा वाटिका में 10 और 11 अक्टूबर 2026 की रात एक घर में चोरी की घटना हुई थी। इस मामले में थाना रिफाइनरी पर मुकदमा अपराध संख्या 333/2026, धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस इस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही थी। 19 अक्टूबर को पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी के मामले में वांछित आरोपी उसी कार से दोबारा किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में क्षेत्र में आ रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना रिफाइनरी पुलिस और एंटी रिवार्डेड टीम ने रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली कच्ची सड़क पर घेराबंदी की। बीतीरात करीब एक बजे संदिग्ध कार सवारों को घेरने का प्रयास किया



गया। इसी दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों आरोपियों के दाहिने पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने लालू उर्फ साहिल पुत्र चंद्रप्रकाश निवासी ग्राम खितौरा, थाना बकेवर, जनपद इटावा तथा सुधीर कुमार पुत्र सियाराम, निवासी ग्राम खितौरा, थाना बकेवर, जनपद इटावा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस और चार खोखा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा ल्यूमिनस कंपनी की चोरी की दो बैटरियां, एक गैस सिलेंडर और चोरी किए गए 99,500 रुपये भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई औरा और कार जिसका पंजीकरण अंकित है, को भी बरामद किया है। पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई के बाद कृष्णा वाटिका में हुई चोरी के मामले में महत्वपूर्ण बरामदगी हुई है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

सुरेश चंद्र की जयंती पर हुए विविध आयोजन

मथुरा। स्वीटी बाय एम. आर. ग्रुप अपने संस्थापक सुरेश चंद्र अग्रवाल



की 75वीं जन्म जयंती (हीरक जयंती) के अवसर पर सेवा, श्रद्धा, संत सम्मान एवं आध्यात्मिक मूल्यों को समर्पित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से उनके प्रेरणादायी जीवन, धार्मिक आस्था और समाज के प्रति सेवा भावना को स्मरण किया जा रहा है।

सुरेश चंद्र अग्रवाल एक दूरदर्शी उद्यमी, कर्मठ व्यक्तित्व एवं सिद्धांतों के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। उन्होंने सीमित संसाधनों से अपनी व्यावसायिक यात्रा प्रारंभ की और मेहनत, ईमानदारी तथा विश्वास के बल पर स्वीटी सुपारी को विशिष्ट पहचान दिलाई। व्यवसाय के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी, पारिवारिक संस्कार, धार्मिक आस्था और मानवीय मूल्यों के प्रति उनका समर्पण सदैव प्रेरणादायी रहा। उनके आदर्शों और विरासत को उनके सुपुत्र एवं एम. आर. ग्रुप के चेयरमैन सुनील कुमार अग्रवाल तथा पौत्र एवं मैनेजिंग डायरेक्टर लव कुमार बंसल आगे बढ़ा रहे हैं। हीरक जयंती के उपलक्ष्य में 18 अक्टूबर 2026 को ग्रीन वैली में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से सेवा एवं जनकल्याण की उस भावना को आगे बढ़ाया गया, जो अग्रवाल जी के जीवन का अभिन्न हिस्सा रही।

20 अक्टूबर 2026 को प्रातः परिणय गार्डन में ब्रज क्षेत्र के 551 साधु-संतों के लिए भव्य प्रसादी का विशेष आयोजन किया जाएगा। इसमें ब्रज के विभिन्न क्षेत्रों से साधु-संतों एवं ब्रजवासियों की सहभागिता रहेगी। संत सेवा, अन्नदान और ब्रज समाज के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की भावना से आयोजित यह प्रसादी सुरेश चंद्र अग्रवाल के धार्मिक संस्कारों, सेवा भावना और संतों के प्रति आदर को समर्पित रहेगी। इसी क्रम में 20 अक्टूबर को गोवर्धन स्थित श्री दानघाटी मंदिर, बरसाना स्थित श्री राधारानी मंदिर एवं मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर ठाकुर जी की विशेष पोशाक एवं भव्य फूल बंगला दर्शन का आयोजन स्वीटी बाय एम. आर. ग्रुप परिवार की ओर से किया जाएगा। इन तीनों पवित्र स्थलों से सुरेश चंद्र अग्रवाल का विशेष आत्मीय एवं आध्यात्मिक जुड़ाव रहा। वे अपने जीवनकाल में इन स्थानों पर श्रद्धापूर्वक दर्शन करने जाया करते थे। उनकी इसी गहरी आस्था और भावनात्मक लगाव को स्मरण करते हुए परिवार द्वारा इन धार्मिक आयोजनों का संकल्प लिया गया है। यह आयोजन उनके आराध्य ठाकुर जी के चरणों में परिवार की ओर से भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित करने का माध्यम है। हीरक जयंती के मुख्य सांस्कृतिक आयोजन के अंतर्गत मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026 को वृंदावन स्थित स्वामी हरिदास ऑडिटोरियम, गीता शोध संस्थान में फेलिसिटी थिएटर की बहुचर्चित नाट्य प्रस्तुति हमारे राम का भव्य मंचन किया जाएगा। यह प्रस्तुति भगवान श्रीराम के जीवन, मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्शों को भव्य मंच सज्जा, संगीत एवं प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से जीवंत करती है।

कम उम्र में अपराध का चस्का, स्नैचर गिरफ्तार



मीरजापुर। जिले में पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में देहात कोतवाली पुलिस ने शातिर स्नैचर घायल कर गिरफ्तार कर लिया है, जिसके पास से छीनी गयी मंगलसूत्र (पीली घातु) व तमंचा व जिन्दा कारतूस व 1 खोखा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके और क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम सोमवार, 19 अक्टूबर 2026 को तड़के पुलिस खडंजा फाल के रास्ते पर चेकिंग कर रही थी कि इसी दरमियान बाइक सवार नवयुवक को रोकने का प्रयास किया गया तो नवयुवक बिना रुके तेज गति से खडंजा फाल की तरफ भागने लगा, जिसकी घेरा बन्दी की गयी तो वह गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास करने लगा तो देहात कोतवाली पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ सीमित जवाबी फायरिंग की गयी जिसमें एक को गोली लगी जो गिरकर कराहने लगा था। पुलिस टीम द्वारा पास जाकर देखा गया तो एक नवयुवक जो गिरकर कराह रहा था उसके दाहिने पैर में गोली लगी है जिसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम शिवम चौहान पुत्र स्वर्गीय कृष्ण मुरारी निवासी धौरोपुर थाना देहात कोतवाली 23 वर्ष बताया, जिसकी जामा तलाशी ली गयी तो उसके पास से 1 देशी तमंचा, 1 जिन्दा व 1 खोखा कारतूस .315 बोर तथा पैन्ट की जेब से पीली धातू की मंगलसूत्र बरामद हुई तथा घटना में प्रयुक्त बाइक अपाची ब्लैक कलर नंबर अज्ञात गिरी हुई हालत में मिली, घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल मीरजापुर भिजवाया गया जहां उसकी स्थिति सामान्य है।

शारदीय नवरात्रि पर लोक संस्कृति की दिखी झलक



आजमगढ़। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नगर से सटे अजमतपुर कोडर स्थित प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रांगण में डांडिया नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों से पूरा परिसर उत्सवमय हो गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से दीप प्रज्वलित कर एवं आरती करके मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मोनिका शर्मा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सरायमीर की प्राचार्य डॉ. संध्या वर्मा, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष सरस्वती देवी और प्रबंधक रमाकांत वर्मा ने किया। बच्चों ने मनमोहक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य ध्रुव चंद्र ने सभी अतिथियों को नारियल, चुनरी और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. मोनिका शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पर्व-त्योहार हमें अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं की याद दिलाते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी पुरानी संस्कृति एवं सभ्यता से परिचित कराते हैं। इसके बाद सामूहिक डांडिया नृत्य का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित शिक्षकों और बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सभी ने डांडिया की धुन पर थिरकते हुए त्योहार की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सीताराम पांडेय, रवि श्रीवास्तव, योगाचार्य लौटू मौर्य, उपप्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव, रुचि श्रीवास्तव, सरिता पांडेय, सुनील दत्त विश्वकर्मा सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

दुर्गा पांडाल में दुर्गा अष्टमी पर माता रानी के दर्शन के लिए लगा रहा तांता



म्योरपुर, सोनभद्र। शारदीय नवरात्र में गांव से लेकर गाँव से शहर तक मे चल रही दुर्गा पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति म्योरपुर के तत्वावधान में भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है अष्टमी के शाम को पंडालों में दर्शनों का क्रम और तेज हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों तक सजे भव्य पंडालों में मां के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। भक्त पंडालों में पहुंच कर हाजिरी लगा रहे हैं और माता से सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैंपांडाल मे रखी गयी दुर्गा जी का भव्य प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहा एव लाइटिंग और डेकोरेशन लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। दिन के समय जहां महिलाओं और बच्चों की भीड़ अधिक देखी जा रही है, शाम को परिवार सहित लोग पंडालों का भ्रमण करने निकल रहे हैं। पूजा कर रहे हैं पंडित जी द्वारा मां का प्रवचन सुन भक्त भाव विभोर हुए एवं माता रानी का महा आरती में लोगों का हुजूम उमर पढ़ा समिति द्वारा व्रती महिला के लिए प्रसाद का ब्योस्था किया गया था इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार, कोषाध्यक्ष ओम अग्रहरि, महामंत्री पंकज सिंह जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष सुजीत अग्रहरि, रमाशंकर गुप्ता सुनील कुमार, सतबीर सिंह, अभय कुमार, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

का बतलायीं हे भैया घरवां वाली परधान हो गईल

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। माँ मंगला गौरी दुर्गा पूजन समिति मद्धुपुर के तत्व

संक्षेप

शीतल देवी ने की विश्व रिकॉर्ड की बराबरी



नागोया। भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने सोमवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में महिला कंपाउंड क्वालीफाइंग राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और फिर तोमन कुमार के साथ मिलकर मिश्रित टीम स्पर्धा में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। भुजाहीन शीतल कंपाउंड धनुष को सही स्थिति में लाने के लिए अपने पैरों और डोरी को खींचने और छोड़ने के लिए अपने कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती है। उन्होंने महिला कंपाउंड रैंकिंग राउंड में 720 में से 704 अंक हासिल करके विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद उन्होंने तोमन के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम रैंकिंग राउंड में 1402 अंक बनाकर 1400 के पिछले रिकॉर्ड को पार किया। तोमन ने पुरुषों के कंपाउंड क्वालीफाइंग में 698 अंक हासिल किए। पिछला मिश्रित टीम विश्व रिकॉर्ड भी शीतल ने ही बनाया था, हालांकि उस समय उनकी टीम में राकेश कुमार थे। इस शानदार स्कोर के दम पर शीतल और तोमन को क्वार्टरफाइनल में सीधा प्रवेश मिल गया है, जहां उनका मुकाबला इराक और जापान के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। जम्मू कश्मीर की रहने वाली 19 वर्षीय शीतल देवी ने सटीक निशाने लगाए। उन्होंने अपने 72 तीरों में से 57 में पूरे 10 अंक हासिल किए, जिसमें 32 एक्स (लक्ष्य के सबसे भीतरी स्कोरिंग क्षेत्र में लगने वाले शॉट) शामिल थे। पेरिस पैरालंपिक की कांस्य पदक विजेता ने इस प्रकार 698 अंकों के इस साल मार्च में बनाए गए अपने पिछले एशियाई रिकॉर्ड से छह अंक अधिक बनाए। जहां तक विश्व रिकॉर्ड की बात है तो तुर्किए की ओजनुर गिरदी ने 2024 में पेरिस पैरालंपिक खेलों में 704 अंकों का विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

तैराक रवि कार्तिक ने रजत पदक जीता

नागोया। भारत के रवि कार्तिक बुडिगिना ने सोमवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 स्पर्धा में रजत पदक जीता। बुडिगिना ने 56.68 सेकेंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। उज्बेकिस्तान के एगोर बोलोटोव ने 52.90 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। कजाखस्तान के विक्टर वोल्कोव ने 57.23 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। एस13 वर्ग दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए है। हालांकि, पैरालंपिक खेलों में पात्र दृष्टिबाधित खिलाड़ियों की श्रेणियों में इस वर्ग के खिलाड़ियों की दृष्टि संबंधी अक्षमता सबसे कम होती है।

रमेश पोवार राष्ट्रीय चयनकर्ता नियुक्त

बेंगलुरु। भारत के पूर्व स्पिनर रमेश पोवार को सोमवार को राष्ट्रीय पुरुष सीनियर चयन समिति में शामिल किया गया जबकि प्रज्ञान ओझा पैनल के अध्यक्ष बने रहेंगे। ओझा ने अजित अगरकर की जगह ली है जिनका कार्यकाल चार अक्टूबर को समाप्त हो गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि अंतरिम प्रमुख ओझा वरिष्ठता (टेस्ट मैच की संख्या) के आधार पर समिति की अध्यक्षता करेंगे। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में कहा कि पूर्व भारतीय बल्लेबाज अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की सदस्यता वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने सर्वसम्मति से पोवार की नियुक्ति की सिफारिश की। अपने क्रिकेट करियर के दौरान 48 वर्षीय पोवार ने भारत के लिए दो टेस्ट और 31 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। इसके बाद उन्होंने कोचिंग के क्षेत्र में भी कई जिम्मेदारियां निभाईं। वह भारतीय महिला टीम, मुंबई और गुजरात के मुख्य कोच रहे हैं।

एलिना स्वितोलिना ने गेल मोनफिल्स से विवाह बंधन तोड़ा

पेरिस। एलिना स्वितोलिना ने सोमवार को साथी टेनिस खिलाड़ी गेल मोनफिल्स के साथ विवाह बंधन खत्म करने की घोषणा की। यूक्रेन की विश्व में छठे नंबर की खिलाड़ी स्वितोलिना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, यह अब तक का सबसे मुश्किल फैसला है जिसे मुझे साझा करना पड़ रहा है। स्वितोलिना ने अपने देश में जंग के कारण उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले भावनात्मक प्रभाव के बारे में बात की।

जिम्बाब्वे को क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय महिला टीम



रायपुर। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लय में लौटने के बाद उत्साह से लबरेज भारतीय महिला क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने और 3-0 से क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरेगी।

स्मृति मंधाना के पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद भारत पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 115 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तब संकट में पड़ गया था जब उसने अपने चार विकेट 19 रन पर गंवा दिए थे। भारत हालांकि दीप्ति शर्मा और निक्की प्रसाद की अच्छी बल्लेबाजी से यह मैच जीतने में सफल रहा था। सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैच में पदार्पण पर 20 वर्षीय निक्की पहले मैच में 39 रन बनाकर नाबाद रहीं। उन्होंने दूसरे मैच में सात रन देकर दो विकेट लिए और इस तरह से अपनी ऑलराउंड क्षमता का अच्छा नमूना पेश किया। दूसरे मैच में मंधाना ने 25 गेंदों पर नाबाद 47 रन जबकि शेफाली वर्मा ने केवल 25 गेंदों पर 55 रन बनाए। इससे भारत ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नौ विकेट से जीत हासिल कर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। मंधाना का फॉर्म में लौटना भारत के लिए बड़ा सकारात्मक पहलू है क्योंकि वह फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लय बनाए रखना चाहेंगी। मंधाना और शेफाली की सलामी जोड़ी एक बार फिर मजबूत शुरुआत देकर जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने तीसरे नंबर पर जेमिमा रोड्रिग्स के चोटिल हो जाने के कारण अनुष्का शर्मा को मौका दिया लेकिन यह 23 वर्षीय खिलाड़ी पहले मैच में केवल चार रन बना पाई थी जबकि दूसरे मैच में उन्हें खेलने का खास मौका नहीं मिला। अब वह मौका मिलने पर अपनी छाप छोड़ने की पूरी कोशिश करेगी। भारत के लिए सबसे सकारात्मक पहलू निक्की का अच्छा प्रदर्शन रहा। उन्होंने दूसरे मैच के बाद कहा कि टीम के माहौल में जल्दी घुलमिल जाने से उन्हें मदद मिली। यह भारत की सीनियर टीम के साथ मेरा पहला अनुभव है। ड्रेसिंग रूम का माहौल कुल मिलाकर बहुत अच्छा है। मुझे लगता है कि स्मृति दीदी (अपनी पूर्ववर्ती हरमनप्रीत कौर की तरह) उसी परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं।

टीम इस प्रकार हैं:

भारत: स्मृति मंधाना (कप्तान), शेफाली वर्मा (उप-कप्तान), निक्की प्रसाद, हरमनप्रीत कौर, अनुष्का शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, जिन्तिमणि कलिता और मिन्नू मणि।

जिम्बाब्वे: जोसेफिन नकोमो (कप्तान), बिलव्ड बिज़ा, चिपो मुगेरी-तिरिपानो, केलिस नधलोवु, मिशेल मावुंगा, न्याशा ग्वानजुरा, नोम्पिलो सिबांडा, लोरिन फिरी, चिएज़ा दुरुरु, मोडेस्टर मुपाचिक्का, तेंदानेई मायकुशा।

मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा।

सिंधू सहित भारतीय खिलाड़ियों की निगाह फ्रेंच ओपन में वापसी पर



पेरिस। अनुभवी पीवी सिंधू की अगुवाई में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हाल के अपने खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू महिला एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त आन से यंग का सामना करेंगी, जबकि पुरुष एकल में छठी वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन पहले मुकाबले में जापान के कोदाई नाराओका से भिड़ेंगे। पिछले सप्ताह डेनमार्क ओपन में भी सिंधू पहले दौर में ही जर्मनी की यवोन ली से हार गई थी और उन्हें यंग को चुनौती देने के लिए अपने खेल का स्तर काफी बढ़ाना होगा। लक्ष्य पीठ की चोट से उबरकर नाराओका को हराने और एशियाई खेलों की पुरुष टीम स्पर्धा में भारत को कांस्य पदक दिलाने में सफल रहे थे, लेकिन उसके बाद से उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। पुरुष एकल में किदाम्बी श्रीकांत का पहला मुकाबला हमवतन आयुष शेट्टी से होगा। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी एशियाई खेलों के पहले दौर में बाहर हो गए थे। फ्रेंच ओपन में उनका सामना फ्रांस के दो भाइयों किस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव से होगा। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी पहले दौर में ताइवान की लिन चिह-चुन और यांग चू युन से भिड़ेगी। महिला एकल में भारत की दो उभरती हुई खिलाड़ी तन्वी शर्मा और इशारानी बरुआ पहले दौर में एक-दूसरे का सामना करेंगी। अश्मिता चालिहा चीन की हान कियान शी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी, जबकि उन्नति हुडा का सामना जापान की रिको गुंजी से होगा। देविका सिहाग पहले दौर में इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी का सामना करेगी।

निशानेबाज मोना ने स्वर्ण पदक, अवनि ने रजत पदक जीता



नागोया। मोना अग्रवाल ने सोमवार को यहां फाइनल में शानदार वापसी करते हुए अपनी हमवतन अवनि लेखरा को पछाड़कर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया जिससे भारत ने एशियाई पैरा खेलों में पहला-दूसरा स्थान हासिल कर पदक तालिका में अपना खाता खोला।

पेरिस पैरालंपिक 2024 की कांस्य पदक विजेता मोना ने छठे स्थान से वापसी करते हुए 250.0 अंक के साथ एशियाई पैरा खेलों का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने दो बार की पैरालंपिक चैंपियन अवनि को महज 0.4 अंक से पछाड़ा। गत चैंपियन के तौर पर उतरीं 24 वर्षीय अवनि को 249.6 अंकों के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अवनि के इस पदक से भारत ने 2028 लॉस एंजिलिस पैरालंपिक के लिए दूसरा कोटा स्थान भी हासिल कर लिया। मोना ने पिछले महीने विश्व निशानेबाजी पैरा स्पोर्ट (डब्ल्यूएसपीएस) चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर पहले ही एक कोटा स्थान हासिल कर लिया था। इस स्पर्धा में दक्षिण कोरिया की युनरी ली ने 227.9 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। एसएच1 वर्ग निचले अंगों में विकलांगता वाले निशानेबाजों के लिए है। जयपुर की इन दोनों निशानेबाजों के बीच मुकाबला 24 शॉट के फाइनल के आखिरी शॉट तक चला। निर्णायक शॉट से पहले मोना के 239.1 अंक थे जबकि अवनि 239.2 अंक के साथ उनसे 0.1 अंक आगे थीं। मोना ने आखिरी शॉट में शानदार 10.8 अंक हासिल किए जबकि अवनि 10.5 अंक ही जुटा सकीं। इस तरह 38 वर्षीय दो बच्चों की मां मोना ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मोना ने क्वालीफिकेशन में भी शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने आठ निशानेबाजों के बीच 629.1 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल करते हुए एशियाई पैरा खेलों का क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड बनाया था। कार दुर्घटना के बाद व्हीलचेयर पर बैठकर निशाना लगाने वाली अवनि 626.4 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही थीं। हालांकि फाइनल की शुरुआत में तस्वीर अलग थी। हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों के स्वर्ण पदक का बचाव करने उतरी अवनि ने 10.8 अंक के साथ शुरुआत की जबकि मोना ने 10.1 अंक हासिल किए। पहले पांच शॉट के बाद अवनि 53.2 अंक के साथ आगे थीं। अगले पांच शॉट के बाद भी उन्होंने अपनी बढ़त बनाए रखी और 104.8 अंक तक पहुंच गईं। उस समय मोना 102.9 अंक के साथ छठे स्थान पर थीं। इसके बाद एलिमिनेशन चरण में मुकाबले का रुख बदल गया। अवनि लगातार कुछ कम स्कोर वाले शॉट लगाने लगीं जबकि मोना ने धीरे-धीरे अपनी स्थिति में सुधार किया। इससे मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया। मोना के लिए यह स्वर्ण पदक धीमी शुरुआत के बाद शानदार वापसी का परिणाम रहा। अवनि के लिए यह रजत पदक उनके शानदार करियर में एक और बड़ी उपलब्धि है।

प्राची पांडे ने किया टेबल टेनिस में भारत के लिए पदक पक्का

नागोया। भारत की प्राची पांडे ने सोमवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पदक पक्का कर लिया। उन्होंने महिला वर्ग छह के मुकाबले में थाईलैंड की कानोकपॉर्न फाथुमचाई को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गांधीनगर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के उत्कृष्टता केंद्र में प्रशिक्षण लेने वाली प्राची न्यूरो-डिजेनेरेटिव बीमारी से पीड़ित हैं। उन्होंने फाथुमचाई को हराकर महिला वर्ग छह के अंतिम चार में प्रवेश किया। वर्ग छह में ऐसे खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं जिनके दोनों हाथों और पैरों में गंभीर शारीरिक अक्षमता होती है और जो खड़े होकर खेलते हैं।

निषाद कुमार ने पुरुषों की लंबी कूद की टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता



नागोया। भारत के निषाद कुमार ने सोमवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता की लंबी कूद टी47 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले एशियाई पैरा खेलों में भी ऊंची कूद की टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने मौजूदा खेलों की पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन लंबी कूद में अपने तीसरे और पांचवें दोनों प्रयासों में 7.11 मीटर की छलांग लगाई। दिलचस्प बात यह है कि वह पहली बार लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता निषाद मौजूदा खेलों में अपनी पसंदीदा स्पर्धा ऊंची कूद टी47 में भी भाग लेंगे। उज्बेकिस्तान के ओमादबेक खासानोव और श्रीलंका के मोहम्मदु सफरान ने क्रमशः 6.99 मीटर और 6.55 मीटर के प्रयास से रजत और कांस्य पदक जीते। टी47 श्रेणी में वह खिलाड़ी भाग लेते हैं जिनके ऊपरी हिस्से के अंग अपंग होते हैं। निषाद जब छह साल के थे तब हिमाचल प्रदेश में अपने खेत में घास काटने वाली मशीन से उनका दाहिना हाथ कट गया था।

कोकिला के फाइनल में पहुंचकर जूडो में भारत का पदक पक्का किया

नागोया। भारत की दृष्टिबाधित जूडोका कोकिला ने सोमवार को यहां एशियाई पैरा खेलों के महिला जे2 श्रेणी के 52 किलोग्राम वर्ग में चीन की यी लियू को हराकर फाइनल में जगह बनाई और इस तरह से अपने लिए पदक पक्का कर दिया। पिछले एशियाई पैरा खेलों में 48 किलोग्राम भार वर्ग से कम में कांस्य पदक जीतने वाली कोकिला ने 1-0 से जीत हासिल की। उन्होंने चीन की अपनी प्रतिद्वंदी के खिलाफ एक वाजा-अरी (दूसरा उच्चतम तकनीकी स्कोर) और एक युको (प्रभावी तकनीक के लिए स्कोर) दर्ज किया, जबकि चीन की खिलाड़ी केवल एक वाजा-अरी ही हासिल कर पाईं। फाइनल में कोकिला का मुकाबला किर्गिस्तान की ऐबिके उलानबेक किज़ी से होगा।

नितेश-थुलासिमाथी की जोड़ी ने मिश्रित युगल बैडमिंटन में पदक पक्का किया



नागोया। नितेश कुमार और थुलासिमथी मुरुगेसन की भारतीय जोड़ी ने सोमवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता के मिश्रित युगल में एसएल3-एसयू5 ग्रुप बी में सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्का किया।

भारतीय जोड़ी को अपने पहले मैच में चीन की यांग जियानयुआन और यांग किउक्सिया से वॉक ओवर मिला। इसके बाद उन्होंने चीन के चेन पेंगफेई और हुआंग ज़क्सिुआन को सिर्फ 23 मिनट में 21-4, 21-18 से हराकर ग्रुप रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। पेरिस पैरालंपिक के चैंपियन नितेश ने पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी के ग्रुप ए में दक्षिण कोरिया के जू डोंगजे को 21-13, 21-15 से हराकर आसान जीत दर्ज की। रुथिक रघुपाथी ने पुरुष एकल एसयू5 ग्रुप सी मैच में थाईलैंड के सोमसिरी प्रिचा पर 21-12, 21-12 से जीत हासिल करके भारत की जीत का सिलसिला जारी रखा। पैरा बैडमिंटन में एसएल3 उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके निचले अंगों में गंभीर विकलांगता है और जो आधे कोर्ट पर प्रतिस्पर्धा करते हैं, जबकि एसयू5 उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके ऊपरी अंगों में विकलांगता है। मिश्रित युगल में जोड़ियां इन दोनों श्रेणियों के खिलाड़ियों को मिलाकर बनाई जाती हैं।

पेज एक का शेष

नारी की

बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना और नारी शक्ति वंदन अधिनियम, नारी गरिमा तथा स्वावलंबन को नई दिशा दे रहे है। सरकार बेटियों की शिक्षा, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि शारदीय नवरात्रि में प्रदेश के लगभग 45 हजार स्थानों पर दुर्गा पूजा पंडाल स्थापित किए गए हैं। देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मां विंध्यवासिनी धाम में कॉरिडोर निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रविवार को 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। सोमवार को भी 20 से 25 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि शक्तिपीठ देवीपाटन, सहारनपुर स्थित मां शाकंभरी पीठ और सीतापुर के ललिता देवी शक्तिपीठ में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शासन-प्रशासन ने दर्शनार्थियों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मंगलवार को विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। यह अधर्म, असत्य और अन्याय पर धर्म, सत्य और न्याय की विजय का उत्सव है। प्रभु श्रीराम की विजय का यह पर्व समाज को बुराइयों से मुक्त होने का संदेश देता है। रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों के दहन के साथ नशे, भ्रष्टाचार, अराजकता, असुरक्षा और आतंकवाद जैसी बुराइयों के खात्मे का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने समाज की एकता को भंग कर राष्ट्र को कमजोर करने का प्रयास करने वाले अराजक तत्वों को बेनकाब करने का आह्वान किया। कहा कि विजयादशमी पर रामलीला और पुतला दहन के आयोजनों के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। यातायात प्रबंधन और सुरक्षा के साथ सभी निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पर्व उत्साह और उमंग से मनाएं, लेकिन अनुशासन और सुरक्षा की अनदेखी न करें।

बेटियों के

कर आरती उतारी। अन्न क्षेत्र के प्रथम तल के साथ ही भूतल पर भी कन्या भोज की व्यवस्था की गई थी। भोज में सभी कन्याओं और बटुकों को श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दी गई। बच्चों से विशेष लगाव रखने वाले मुख्यमंत्री का प्यार-दुलार पाने के लिए नन्ही बालिकाओं व बटुकों की आतुरता देखते ही बन रही थी। सत्कार और स्नेह के भाव से मुख्यमंत्री ने एक-एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया। इसके बाद कन्याओं व बटुकों को स्वयं अपने हाथों से भोजन परोसते समय सीएम योगी निरंतर उनसे आत्मीय संवाद भी करते रहे। यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी कन्या या बटुक की थाली में प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को भी निर्देशित करते रहे। कन्या पूजन के दौरान गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास सहित कई साधु-संत उपस्थित रहे।

वाराणसी : हाइवे

पहचान अभी नहीं हो पाई है। घायलों में से कन्हैया यादव और निखिल कुमार की हालत गंभीर है। तीसरे घायल व्यक्ति की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

मतदाता सूची

नहीं की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही निर्धारित करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान एक ही मतदाता द्वारा एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराये जाने से उत्पन्न दोहरी प्रविष्टियों के मामलों को गंभीरता से लिया जाए। बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से ऐसे मतदाताओं को चिह्नित कर नियमानुसार फार्म-7 भरवाकर दोहरी प्रविष्टियों से संबंधित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बीएलओ सुपरवाइजर नियमित निगरानी करते हुए कार्य में तेजी लाएं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) इस कार्य की प्रभावी समीक्षा कर समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 12 नवंबर को प्रकाशित होने वाली आलेख्य मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए दोहरी प्रविष्टियों के मामलों का नियमानुसार निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। ईआरओनेट में किए गए सभी आवश्यक अपडेट एवं प्रक्रियागत बदलावों की जानकारी बूथ लेवल अधिकारियों को दी जाए तथा उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए, ताकि मतदाता सूची से संबंधित कार्यों का निष्पादन निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप किया जा सके।

मणिपुर : तीन

पहाड़ी इलाके में लकड़ी काटने और ले जाने गए ग्रामीणों पर हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी कर दी। इन घटनाओं में कुल सात लोगों की मौत हुई है। वहीं, सीआरपीएफ के तीन जवानों समेत कई लोग घायल हुए हैं।

मणिपुर पुलिस के एडीजीपी ल्हारी दोर्जी ल्हातू ने घटनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सभी मामलों की जांच की जा रही है और आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, 18 अक्टूबर की रात करीब 11:20 बजे थौबल जिले के खांगाबोक पाली बाजार में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने पत्थरबाजी की। इसके बाद दो समुदायों के बीच तनाव बढ़ गया और खांगाबोक तथा संगकफाम के लोग भी इसमें शामिल हो गए। हालात बिगड़ने पर गोलीबारी और हिंसा की घटनाएं हुईं।

इस दौरान एक व्यक्ति को गोली लगी। उसे राज मेडिसिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां रात करीब 12:40 बजे उसकी मौत हो गई। कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। स्थिति को संभालने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ), सीआरपीएफ, असम राइफल्स और पुलिस की अतिरिक्त टीमें मौके पर भेजी गईं। सुरक्षा बलों ने रात करीब 1:50 बजे तक हालात पर काबू पा लिया। पुलिस अब पत्थरबाजी और गोलीबारी में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है। प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है और इलाके में अवैध हथियारों की तलाश भी की जा रही है।

दूसरी घटना रात करीब 11:41 बजे काकवा लामदाइबुंग लम्फाक इलाके में हुई। यहां सिंगजामेई पुलिस थाने के पास आईईडी धमाका हुआ, जिसमें सीआरपीएफ के तीन जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए राज मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एडीजीपी ने बताया कि पुलिस को इस घटना से जुड़े कुछ सुराग मिले हैं। उनकी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। एक अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में अरुबम रोनिल (35) और लैरेनलकपम इनाओबी (51) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि क्षेत्रिमयूम सुशील (32) ने एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों एन सूरज (19), मेइसनाम सोमेंद्रो (53) और के. बोसन (45) का उपचार किया जा रहा है।

एशियाई पैरा

दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। जापान ने मिजुहो पार्क एथलेटिक्स स्टेडियम में एथलेटिक्स स्पर्धाओं के पहले दिन तीन स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य सहित कुल आठ पदक जीते।

निषाद ने पुरुषों की लंबी कूद टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का एथलेटिक्स में स्वर्ण पदकों का खाता खोला। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले एशियाई पैरा खेलों में भी ऊंची कूद की टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने लंबी कूद में अपने तीसरे और पांचवें दोनों प्रयासों में 7.11 मीटर की छलांग लगाई।

दिलचस्प बात यह है कि वह पहली बार लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता निषाद मौजूदा खेलों में अपनी पसंदीदा स्पर्धा ऊंची कूद टी47 में भी भाग लेंगे। उज्बेकिस्तान के ओमादबेक खासानोव और श्रीलंका के मोहम्मदु सफरान ने क्रमशः 6.99 मीटर और 6.55 मीटर के प्रयास से रजत और कांस्य पदक जीते। टी47 श्रेणी में वह खिलाड़ी भाग लेते हैं जिनके शरीर के ऊपरी अंगों में अक्षमता होती है। निषाद जब छह साल के थे तब हिमाचल प्रदेश में अपने खेत में घास काटने वाली मशीन से उनका दाहिना हाथ कट गया था।

सौम्या ने महिलाओं की 1500 मीटर टी12-टी13 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि हमवतन राधा वेंकटेश ने रजत पदक अपने नाम किया। सौम्या ने पांच मिनट 12.39 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जबकि राधा ने पांच मिनट 30.90 सेकेंड में दौड़ पूरी करके रजत पदक हासिल किया। दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस स्पर्धा में सौम्या के गाइड कुमार भरत थे जबकि राधा के साथ गोविंद सोलंकी ने गाइड की भूमिका निभाई। जापान की माना सासाकी तीसरे स्थान पर रहीं। टी11 से टी13 तक की स्पर्धाएं दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए होती हैं। टी11 वर्ग में ऐसे खिलाड़ी भाग लेते हैं जिन्हें बिलकुल दिखाई नहीं देता या वे लगभग पूरी तरह दृष्टिहीन होते हैं जबकि टी13 वर्ग में गंभीर दृष्टिबाधिता होती है। टी12 वर्ग के खिलाड़ियों की दृष्टिबाधिता इन दोनों वर्गों के बीच होती है।

टाइगर श्रॉफ

पुलिस की सराहना करते हुए फडणवीस ने कहा, पुलिस ने बहुत तेजी से कार्वाई की है। जैसा कि मैंने सुबह कहा था, मुंबई पुलिस इस घटना की जड़ तक पहुंचने तक रुकेगी नहीं। उन्होंने कहा कि गोलीबारी के मकसद का पता लगाने और अपराध में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के लिए विस्तृत जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा इसमें शामिल हर व्यक्ति का पता लगाया जाएगा। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर विपक्ष की आलोचना और उनके इस्तीफे की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार कार्रवाई के जरिए जवाब देगी।

शुरुआती पूछताछ के अनुसार, ये तीनों आरोपी कल शाम वारदात के बाद इस ट्रेन में बैठ गए। इनकी योजना जयपुर से बस पकड़कर दिल्ली जाने और वहां से नेपाल भागने की थी। उन्होंने कहा कि आरोपी रेहान, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े अनिल पंडित के संपर्क में था। पुलिस ने बताया कि आरोपी पुणे-जयपुर ट्रेन से यात्रा कर रहे थे जो सुबह 10:17 बजे कोटा रेलवे स्टेशन पहुंची। मुंबई पुलिस ने कोटा शहर की जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम को सूचना दी। उन्होंने तुरंत जिला विशेष टीम को अलर्ट कर दिया। उन्होंने कई टीमें बनाईं और ट्रेन की सघन तलाशी ली जिसके दौरान तीनों आरोपियों को जनरल कोच से पकड़ लिया गया। इस ऑपरेशन में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने भी मदद की। आरोपियों को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय लाया गया जहां उनसे शुरुआती पूछताछ की गई। उन्होंने कहा मुंबई पुलिस की एक टीम कोटा पहुंच गई है और संदिग्धों को उन्हें सौंप दिया जा रहा है।

ऐशबाग श्रीराम

नृत्य निर्देशन में प्रदर्शित किया। इसके बाद अमृत सिन्हा के निर्देशन में कलाकारों ने विभिन्न भाव नृत्यों की प्रस्तुतियां दीं। नन्ही दीक्षिता शुक्ला की एकल नृत्य प्रस्तुति ने भी श्रोताओं को खूब आकर्षित किया। आज की रामलीला में हनुमान जी द्वारा लंका दहन के बाद वानर दल मे वापस लौटने के साथ होती है। जहां बजरंगबली भगवान श्रीराम को माता सीता की खोज से लेकर लंका दहन तक का वृतांत सुनाते हैं और माता सीता द्वारा दिया गया चूड़ामणि प्रदान करते हैं जिसे देख श्रीराम व्यथित हो उठते हैं और उसके बाद वानर दल से परामर्श कर लंका पर चढाई करने की योजना बनाते हैं। अगले दृश्य में लंका के दरबार से अपने भाई विभीषण को अपमानित कर रावण उसका बहिष्कार कर देता है। ज

संक्षेप

मारपीट को लेकर चार के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने निमंत्रण से घर लौट रहे पीड़ित के साथ मारपीट को लेकर चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बनवार का पुरवा निवासी मनीष वर्मा पुत्र इन्द्रराज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अठारह अक्टूबर की रात नौ बजे वह देउम बूढ़े बाबा मंदिर के पास से निमंत्रण से बाइक द्वारा वापस लौट रहा था। देउम पेट्रोल पम्प के समीप सांगीपुर की तरफ से दो बाइक से आ रहे चार अज्ञात आरोपियो ने उसे जबरिया रोक लिया। आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

काव्य संगम में आज जुटेंगे नामचीन साहित्यकार

प्रतापगढ़। नगर के अझारा वार्ड में आज मंगलवार की शाम आठवें काव्य संगम में नामचीन कवियों एवं शायरों का जमावड़ा होगा। मां विंध्याचल देवी धाम परिसर में होने वाले संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी ने बताया कि कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में डॉ. केशरी शुक्ल, अंजनी अंमोघ, रवीन्द्र अजनबी, जय अवस्थी, संदीप शरारती, डॉ. दीपक रूहानी आदि कवियों एवं शायरों की मौजूदगी होगी।

आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज मंगलवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में साढ़े ग्यारह बजे रामपुर बावली में लोगों से मुलाकात करेंगे। साढ़े बारह बजे वह बाबा घुइसरनाथ धाम में आयोजित धार्मिक आयोजनों में शामिल होंगे। अपरान्ह डेढ़ बजे लखहरा में जनसंवाद कार्यक्रम में भी सांसद प्रमोद तिवारी शामिल होंगे। इसके बाद वह अठेहा तथा सेमरा व अमावां में जनसंपर्क करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

गूलर का पेड़ काटने पर हुई कार्रवाई

सुलतानपुर (वीओएल)। बल्दीराय के दक्षिणगांव में बिना अनुमति हरा पेड़ काटने के मामले में वन विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। वन दरोगा राकेश कुमार पांडेय की तहरीर पर ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वन विभाग की टीम गश्त पर थी, तभी उन्हें दक्षिणगांव में अवैध रूप से पेड़ काटे जाने की सूचना मिली। सूचना पर टीम तुरंत मौके पर पहुंची तो वहां गूलर के पेड़ की कटी हुई लकड़ियां पड़ी मिलीं। जांच में पता चला कि यह पेड़ हरिलाल पुत्र स्व. संतालाल यादव का है। आरोप है कि गोविंदपुर गांव निवासी ठेकेदार चंद्रदेव तिवारी पुत्र रामकल्याण तिवारी ने बिना किसी विभागीय अनुमति के पेड़ को कटवा दिया। इस संबंध में वन दरोगा राकेश कुमार पांडेय ने बल्दीराय थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम और अभिवहन नियमावली के तहत केस दर्ज किया गया है। वही बल्दीराय थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

वरिष्ठ लेखाकार के निधन से शोक की लहर



सुलतानपुर (वीओएल)। बल्दीराय विकासखंड में तैनात वरिष्ठ लेखाकार सत्यनारायण गौतम (57) का सोमवार को लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वह लिवर की बीमारी से पीड़ित थे। उनके निधन की खबर मिलते ही विकासखंड के अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। सत्यनारायण गौतम ने धनपतगंज, कुड़वार और दूबेपुर समेत जिले के कई विकासखंडों में अपनी सेवाएं दी थीं। वर्तमान में वह बल्दीराय विकासखंड में वरिष्ठ लेखाकार के पद पर कार्यरत थे। उनके निधन से विकासखंड के कर्मचारियों और सहयोगियों में शोक व्याप्त है।

पूजा पंडालों में उमड़े श्रद्धालु

आज निकलेगी मां दुर्गा की भव्य विशाल विसर्जन शोभायात्रा



अयोध्या। जनपद में सोमवार को दुगार्पूजा का उल्लास अपने चरम पर पहुंच गया। शाम होते ही पंडालों पर श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा लगा रहा। हर तरफ देवी मां के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए शहर में भंडारों की धूम रही। वहीं मां दुर्गा की भव्य विशाल विसर्जन शोभायात्रा, आमजन के समक्ष एक बेहतर स्वरूप में प्रस्तुत की जाएगी, जिसके लिए प्रशासन को पूर्व सूचित किए गए सभी सहयोग की आवश्यकता व अपेक्षा है, उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए केंद्रीय दुगार्पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति, जनपद-अयोध्या की कार्यसमिति के बैठक में स्थानीय शुभम-हाट सुभाष नगर के जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने साथियों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि केंद्रीय समिति का एक-एक कार्यकर्ता इस बात के लिए कटिबद्ध है कि मां की विसर्जन शोभायात्रा को बहुत सुंदर ढंग से तो श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत करें, मां की विसर्जन शोभायात्रा केंद्रीय समिति के साथियों के दो माह से किये जा रहे अथक परिश्रम का परिणाम सिद्ध होगा। मां की या विशाल विसर्जन शोभायात्रा 20 अक्टूबर को प्रातः 10रू00 बजे राजकीय इंटर कॉलेज से प्रारंभ होगी जिसे हरी झंडी दिखाने का कार्य पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक रामचंद्र यादव, विधायक अभय सिंह, डा अमित सिंह चैहान, विधायक चंद्रभान पासवान व मा जिला अधिकारी मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक करेंगे। बैठक के पूर्व केंद्रीय समिति के वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने कुछ पूजा पंडालों तथा राजकीय इंटर कॉलेज परिसर का निरीक्षण अपर जिलाधिकारी नगर दिनेश जी, पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि पांडेय, सिटी मजिस्ट्रेट संजीव कुमार उपाध्याय, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर श्रेयश त्रिपाठी, नगर निगम के अपर आयुक्त नागेंद्र यादव के साथ ही साथ केन्द्रीय समिति के वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने भी किया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति के जिला संयोजक गगन जायसवाल ने कहा कि आप कभी अपने-अपने ड्यूटी चार्ट के अनुसार अपने-अपने कार्यों को करेंगे, जिसमें राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के मैदान में रात्रि में प्रतिमाओं को टोकन देने के कार्य में अतुल सिंह, गगन जायसवाल व जनार्दन पांडे के नेतृत्व में शिवजी गौड़, मुकेश श्रीवास्तव, राजेश गौड़, आलोक शंकर, रविकांत आर्य, दीपक गौतम, चंदन गुप्ता, बजरंगी साहू, राजेश श्रीवास्तव, नीरज पाठक, अश्वनी प्रताप सिंह, अवधेश अग्रहरि, रामजी तिवारी, सुनील मौर्या, विनय प्रकाश तिवारी, रंजीत शर्मा, कमलेश सोलंकी, अमित कनौजिया, देवेंद्र अग्रहरि, अमित तिवारी, अंकुश गुप्ता, अखिलेश पाठक, राधेश्याम यादव, अजय विश्वकर्मा, संजय श्रीवास्तव, संजीत सिंह, भानचंद्र गुप्ता, रोहिताश्व चंद्र राजू, नागेंद्र पांडेय, सुजीत तिवारी, डॉ शैलेंद्र विक्रम सिंह, विवेक साहू, बंटी माखेजा, अंजनी पांडेय तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सदर विधायक ने जनसाधारण एक्सप्रेस के रायबरेली जंक्शन पर ठहराव के लिए लिखा खत

- ट्रेन के रायबरेली जंक्शन पर रुकने से हजारों यात्रियों की यात्रा होगी सुगम



रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को पत्र लिखकर आनंद विहार टर्मिनलझदानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 13257 एवं 13258) का रायबरेली जंक्शन पर ठहराव सुनिश्चित किए जाने का अनुरोध किया है। सदर विधायक ने पत्र के माध्यम से रेल मंत्री का ध्यान रायबरेली और आसपास के क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन का रायबरेली जंक्शन पर ठहराव होने से क्षेत्रवासियों को दिल्ली और बिहार के बीच आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। साथ ही, स्थानीय रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी और यात्रियों को यात्रा के लिए बेहतर विकल्प उपलब्ध हो सकेगा। सदर विधायक अदिति सिंह ने जनहित से जुड़ी इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लिए जाने की अपेक्षा जताई। ट्रेन के ठहराव की सुविधा मिलने से नौकरी, शिक्षा, व्यापार और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए यात्रा करने वाले लोगों को लाभ मिल सकता है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि रेलवे प्रशासन इस मांग पर विचार करते हुए रायबरेली जंक्शन पर उक्त ट्रेन के ठहराव के संबंध में आवश्यक कदम उठाएगा।

मिश्रौली चौराहे पर विहिप ने मनायी दुर्गाष्टमी

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर सोमवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा मिश्रौली चैराहे पर दुर्गाष्टमी का कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन व दुर्गा सप्तशती पाठ और हवन-पूजन के साथ हुआ। इस दौरान नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन व उपहार भेंट किए गए। विहिप की जिला सह संयोजिका गीता जी ने दुर्गाष्टमी को शक्ति उपासना का पर्व बताते हुए नारी शक्ति के सम्मान की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष अशोक, प्रखंड मंत्री आलोक सहित दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति की बहनें और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

मित्रता में धन-दौलत की कोई जगह नहीं



परसदेपुर, रायबरेली। छतोह ब्लॉक के बारा गांव में चल रहे दुर्गा पूजा समारोह के आठवें दिन रविवार को भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा के मिलन का भावपूर्ण मंचन किया गया। निर्धन सुदामा को देखते ही भगवान श्रीकृष्ण का राजसी वैभव छोड़ नंगे पांव उनकी ओर दौड़ पड़ना और अपने बाल सखा को गले लगाकर आत्मीय स्वागत करना झांकी मंचन का सबसे भावुक दृश्य रहा। इस दृश्य को देखकर मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूब गया।गांव के पूर्वी छोर पर स्थित माता काली मंदिर परिसर में हर वर्ष की तरह इस बार भी मां दुर्गा का भव्य दरबार सजाया गया है। दुर्गा पूजा समिति की ओर से प्रतिदिन शाम को आरती-पूजन के बाद कलाकारों द्वारा धार्मिक झांकियों और प्रसंगों का मंचन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को कृष्ण-सुदामा चरित्र की प्रस्तुति ने दर्शकों को भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की निस्वार्थ मित्रता की याद दिला दी। झांकी में दिखाया गया कि द्वार पर अपने बालसखा सुदामा के आने की खबर मिलते ही भगवान श्रीकृष्ण उन्हें लेने नंगे पाँव ही दौड़ पड़े। राजमहल में मित्र का जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ स्वागत किया गया, उसने दर्शकों को भावुक कर दिया। मंचन के माध्यम से कलाकारों ने संदेश दिया कि सच्ची मित्रता में धन-दौलत और ऊंच-नीच का कोई स्थान नहीं होता, बल्कि प्रेम, अपनापन और सम्मान ही सबसे बड़ी पूंजी हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की। झांकी में भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका अर्पित मौर्य, सुदामा की भूमिका अमन मौर्य व द्वारपालों की भूमिका राजकरन मौर्य और मनीष प्रजापति ने निभाई। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देवेश प्रताप सिंह, फोटू कोटेदार, मोहम्मद तहसीम, नरेंद्र सिंह, राजकुमार पटवा, छोटू पांडेय, नीरज सिंह, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, राकेश निर्मल, सूरज श्रीवास्तव, रिंकू मौर्य, सुमित मौर्य, अमन पांडेय, सचिन कोरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

नवमी पर हवन-पूजन और कन्या भोज



महराजगंज, रायबरेली। श्री दानेश्वर धाम नव दुर्गा पूजा समिति की ओर से नवमी पर हवन-पूजन और कन्या एवं बाल भोज का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। हवन में आहुतियां देकर क्षेत्र की खुशहाली और शांति के लिए प्रार्थना की गई। इसके बाद समिति के पदाधिकारियों द्वारा कन्याओं और बच्चों को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया तथा उन्हें दक्षिणा और प्रसाद वितरित किया गया। रामलीला में अयोध्या से आए कलाकारों ने केवट-श्रीराम संवाद, सूर्पनखा नासिका भंग, सीता हरण, जटायु उद्धार और शबरी उद्धार का मंचन किया। सुंदर झांकियों और सजीव अभिनय ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कलाकारों के प्रभावशाली संवाद और मंच सज्जा ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। रामलीला देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मौके पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला, कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी, अपना दल (एस) नेता लक्ष्मीकांत रावत, बीजेपी नेता नेहा सिंह आनंद, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष अभिषेक वर्मा, समिति प्रबंधक ज्ञान प्रकाश जायसवाल, सुधा अवस्थी, पिंटू सिंह, संजू वैश्य, सूर्यप्रकाश वर्मा, अमित त्रिपाठी, संदीप वैश्य, मुकेश मोदनवाल, शिवकैलाश सोनी, राजेश सोनी, रवि सक्सेना, सचिन मौर्या, विमलेश वैश्य, धीरज, मुकेश वैश्य, राम सजीवन पासी, केके जायसवाल, कमलाकर विकरादित्य, अंकुर वैश्य, अंकुर जायसवाल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा पंडालों में समाजसेवी राजन पांडेय ने दी सहयोग राशि, मांगा आशीर्वाद



अयोध्या। समाजसेवी राजन पांडेय ने मिल्कीपुर रुदौली और बीकापुर विधानसभा के 500 से ज्यादा दुर्गा पूजा पंडालों पर अपने बेटे जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडेय और छोटे भाइयों को भेज कर व्यवस्था का जायजा लिया। समाजसेवी राजन पांडेय ने धार्मिक कार्यों पूजन और अनुष्ठानों के कुशल संचालन हेतु बड़े पंडालों पर 1100 और छोटे पंडालों पर 500 रूपए कमेटी को सहयोग राशि देकर और आगे भंडारो में भी हर यथासंभव सहयोग का भरोसा कमेटियों को देकर उपस्थित बडे बुजुर्गों और संतो का आशिर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्तियों को अपनी आस्था के अनुसार धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए इससे समाज में समरसता और बराबरी की भावना को बल मिलता है। समाजसेवी राजन पांडेय ने कहा जिस तरह नवरात्र में कन्याओं की पूजा होती है यदि इस तरह पूरे साल लोग स्वच्छ मन और साफ चरित्र के साथ कन्याओं को पूजे तो देश का विकास एक नयी ऊर्जा के साथ होगा और महिलाओं के प्रति अपराध खत्म हो जायेगा।

मानमनौव्वल के बीच विवाहिता का अंतिम संस्कार



प्रतापगढ़। प्रेम सम्बन्ध में आरोपी द्वारा प्रताड़ना को लेकर विवाहिता की आत्महत्या की घटना में पुलिस ने दुष्प्रेरण तथा धमकी का केस दर्ज किया है। वहीं परिजनों के घटना को लेकर आक्रोश के चलते विवाहिता के अंतिम संस्कार को लेकर परिजनों ने घंटो आक्रोश जताया। तीसरे दिन सोमवार को पुलिस के मानमनौवल के बाद परिजनों ने विवाहिता का जिले के मानिकपुर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। लालगंज कोतवाली के अलीपुर गांव में शनिवार को गांव के अर्जुन गौतम की पत्नी कंचन 38 ने कमरा बंद कर फांसी लगा ली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया। मृतका का पति रोजी रोटी के सिलसिले में दिल्ली रहता है। पत्नी की आत्महत्या की खबर पाकर वह रविवार को घर पहुंचा। इधर पीएम के बाद विवाहिता का शव घर आया तब पति समेत परिजनों ने एक आरोपी पर हत्या का आरोप लगाते हुए सोमवार की सुबह उसका अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। करीब तीन घंटे शव रखकर परिजन आरोपी के खिलाफ कार्रवाई पर अड़े दिखे। सूचना मिलने पर लालगंज कोतवाल आलोक कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद परिजन शव लेकर मानिकपुर घाट अंतिम संस्कार करने के लिए निकले। घटना को लेकर मृतका के पति अर्जुन गौतम पुत्र रामदेव ने दी गई तहरीर में कहा है कि विगत कुछ वर्षो से उसकी चचेरी बहन का लड़का संग्रामगढ़ थाना के लालूपट्टी निवासी कुल्ली उर्फ दिग्विजय पुत्र अमरनाथ ननिहाल में रह रहा है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपी का पीड़ित की पत्नी से अवैध सम्बन्ध बन गया। इसे लेकर आरोप प्रायः मृतका को प्रताड़ित किया करता था। तहरीर के मुताबिक मृतका अठारह अक्टूबर को पति के पास दिल्ली जाने वाली थी। इसे लेकर आरोपी ने मृतका को भला बुरा कहा। आरोपी द्वारा मृतका को धमकी भी दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कुल्ली के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण व धमकी का केस दर्ज किया है।

मेले के दौरान पंडों को धाम पर चढ़ने की नहीं होगी अनुमति

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। पूर्वांचल में पांडेबाबा का ऐतिहासिक मेला नवमी की रात से शुरू होगा। मौसम अनुकूल होने से लाखों श्रद्धालुओं का धाम पर माथा टेकने की सम्भावना है। हफ्ते भर पहले से ही दुकानदार अपनी अपनी जगह सुरक्षित कर लिए हैं। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन मुस्तैद है। सोमवार को विनीत कुमार उपजिलाधिकारी कादीपुर, सीओ सुनील कुमार सिंह व विधायक राजप्रासाद उपाध्याय ने मेला परिसर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा में लगे कर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि मेले को सकुशल संपन्न करवाने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया मेले में एक प्लाटून पीएसी, फायर टेंडर, महिला सिपाही सादे कपड़े व ड्यूटी प्वाइंट उपनिरीक्षक, कांस्टेबल तैनात रहेंगे। बीस इक्कीस व बाइस अक्टूबर तक बड़े वाहनों का रुट डायवर्जन रहेगा।

निष्पक्ष चुनाव में सपा प्रत्याशी की जीत तय, भारी मतों से जीतेंगे संजयन त्रिपाठी: त्रिभुवन दत्त



अयोध्या। गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान से पहले आलापुर के सपा विधायक एवं चुनाव प्रभारी त्रिभुवन दत्त ने अयोध्या में प्रेसवार्ता कर पार्टी का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और प्रशासन को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न कराना चाहिए। निष्पक्ष चुनाव होने पर सपा प्रत्याशी संजयन त्रिपाठी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। त्रिभुवन दत्त ने ईवीएम को लेकर समाज के एक वर्ग में व्याप्त शंकाओं और भरोसे की कमी का मुद्दा उठाते हुए चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनता का विश्वास सर्वोपरि होना चाहिए। सपा विधायक ने चुनाव आयोग से आगामी चुनावों में बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान कराने की मांग दोहराई। प्रेसवार्ता में त्रिभुवन दत्त ने शिक्षकों से जुड़े विभिन्न लंबित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जूनियर हाईस्कूल शिक्षक भर्ती की मान्यता, संस्कृत विद्यालयों और मदरसों के स्थायीकरण तथा तदर्थ शिक्षकों को नियमित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही सहायता प्राप्त विद्यालयों से जुड़े लंबित मामलों के समाधान को भी पार्टी के प्रमुख एजेंडे में शामिल बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान बेहद जरूरी है। सपा विधायक ने बताया कि नारायण गुट के शिक्षक संघ ने बैठक और आपसी विचार-विमर्श के बाद सपा प्रत्याशी संजयन त्रिपाठी को समर्थन देने का निर्णय लिया है।

घर में घुसकर तोड़फोड़, बुजुर्ग को पीटा

- केस दर्ज करने में पुलिस कर रही हीलाहवाली
- विपक्षियों को 151 में चालान कर छोड़ा



सुलतानपुर (वीओएल) लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के चैकिया गांव में बुजुर्ग के घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मामले में स्थानीय पुलिस की हीलाहवाली से पीड़ित उच्चाधिकारियों से शिकायत करने के साथ अदालत का दरवाजा खटखटाने की बात कही है।

पीड़ित की ओर से 18 अक्टूबर 2026 को दिए गए प्रार्थनापत्र के मुताबिक, 17 अक्टूबर की रात करीब 10:17 बजे बांके मिश्रा, सोनू मिश्रा और शुभम मिश्रा समेत अन्य लोग उनके घर पहुंचे। आरोप है कि पहले चैनल तोड़ने का प्रयास किया गया। इसमें सफल नहीं होने पर आरोपित पीछे की दीवार फांदकर घर में घुस गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की गई और घरेलू सामान को नुकसान पहुंचाया गया। प्रार्थनापत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि मारपीट के दौरान पीड़ित के चोटिल होकर गिरने के बाद चैनल पर लगा ताला तोड़कर आरोपित भाग निकले। जाते समय उन्होंने पीड़ित की मां और बहन के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के मुताबिक, घटना के दौरान घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपितों की गतिविधियां कैद हुई हैं। सूचना पर डायल 112 की पुलिस भी मौके पर पहुंची थी।

पीड़ित ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। जबकि, स्थानीय पुलिस आरोपियों का 151 में चालान कर छोड़ दिया, जिससे उनका मन बढ़ा हुआ है। पुलिस की लापरवाही का नतीजा से कोई बड़ी घटना हो सकती है। कोतवाली प्रभारी धीरज कुमार के मुताबिक, बुजुर्ग को चोट नहीं आई थी। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक वृज नारायण सिंह ने मामले को दिखवाने की बात कही है।

महानवमी पर जगह - जगह गूंजे देवी आराधना के सुर, भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र को लेकर महानवमी को मन्दिरों व घरों में श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर देवी की आराधना किया। वहीं लालगंज के पूरे हरिकिशुन वार्ड के राजेन्द्र नगर में भण्डारे का आयोजन हुआ। नव दुर्गा पूजा पाण्डाल कमेटी की ओर से हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने देर शाम तक पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे का संयोजन पूर्व प्रधान बृजेश द्विवेदी एवं अधिवक्ता संजय द्विवेदी ने किया। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, राकेश तिवारी गुडडू, शैलेन्द्र मिश्र, अक्षत तिवारी, कल्लू तिवारी, विकास पाण्डेय, मनीष मिश्र, अवनीश शुक्ला, विकास मिश्र, अनिल महेश, राजेश तिवारी, महेन्द्र जायसवाल आदि को सेवा संगत में देखा गया। वहीं नगर के नेताजीपुरम वार्ड में महानवमी को लेकर नन्हें-मुन्हों ने भक्ति गीत संगीत प्रतियोगिता में आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संयोजन राज मोदनवाल, जय कुमार, विशाल सोनी, अनूप मोदनवाल, कौशलेन्द्र सिंह, मुन्ना तिवारी, आदेश मिश्र, योगेन्द्र नारायण तिवारी, बीएन सिंह, शिव मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। सभासद पन्नेलाल पाल विशिष्ट अतिथि रहे। वहीं आज दशहरे पर दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां भी जोरों पर दिखी। एसडीएम व सीओ समेत पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने विसर्जन को लेकर निर्धारित स्थलों का भ्रमण किया।

शिवा हत्याकांड में आरोपी श्रद्धा दुबे की तलाश में रायबरेली पहुंची लखनऊ पुलिस, पिता से डेढ़ घंटे तक पूछताछ

रायबरेली। लखनऊ के कारोबारी शिवा हत्याकांड मामले में आरोपी श्रद्धा दुबे की तलाश में लखनऊ पुलिस रायबरेली पहुंची। लखनऊ से एसएचओ समेत कई सिपाही शहर कोतवाली क्षेत्र के रामजी पुरम स्थित श्रद्धा दुबे के आवास पर पहुंचे। यहां श्रद्धा दुबे के पिता एसपी दुबे व उनकी सौतेली मां से बंद कमरे में लगभग डेढ़ घंटे तक पूछताछ की गई।सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान मकान में रह रहे पूर्व किराएदार रु आनंदरु के बारे में भी पुलिस ने जानकारी जुटाई। बता दें कि श्रद्धा दुबे ने शुरूआती शिक्षा रायबरेली में ही रहकर ग्रहण की थी। शिवा हत्याकांड के बाद से श्रद्धा दुबे की तलाश के लिए 10 टीमें लगाई गई हैं, लेकिन पुलिस अभी तक उसे खोज नहीं पाई है।पूछताछ के बाद मीडिया के सामने पक्ष रखने से श्रद्धा दुबे के पिता ने साफ मना कर दिया।

कुंभकर्ण, मेघनाथ के प्रदर्शन में जमकर मचाया धमाल



जसवंतनगर, इटावा। 167 वर्ष पुरानी यहां की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मैदानी रामलीला में सड़कों पर युद्ध लीला के प्रदर्शन के दौरान कुंभकर्ण एवं मेघनाथ ने नगर की सड़कों पर जमकर धमाल मचाया। जेन जी और जेन अल्फा उनके साथ इस धमाल में शामिल रहे। बाद में रामलीला मैदान में राम लक्ष्मण के साथ युद्ध करते हुए कुंभकरण और मेघनाथ अपनी सेना के साथ मारे गए। दोपहर लगभग 1 बजे रामलीला मैदान स्थित दशानन सैन्य छावनी से कुंभकरण और मेघनाथ अपनी सेनाएं लेकर राम लक्ष्मण से युद्ध करने के लिए नगर की सड़कों पर निकले तथा सदर बाजार मैं अपने अपने परिचितों को कान पकड़कर उठक बैठक लगवाते, उन पर कपड़े के कोड़े बरसाते, तरह-तरह से धमाल मचाते पंसारी बाजार स्थित केला गमा देवी मंदिर पहुंचे तथा वहां हवन पूजन कर देवी मां की आराधना की। वहां से आगे बढ़ने पर लोहा मंडी में कुंभकरण और मेघनाथ का माल्यार्पण, पूजा करने का स्वांग रचाया गया। इसका दर्शकों ने खूब आनंद लिया। इसके बाद जैन बाजार चैराहा होते हुए कुंभकरण और मेघनाथ मोहल्ला कटरा पुख्ता स्थित भगवान नरसिंह मंदिर पहुंचे जहां राम लक्ष्मण और उनकी सेना से युद्ध शुरू हुआ। इसके बाद सारे मार्ग में जगह-जगह रुक कर दोनों सेना के बीच घमासान युद्ध का प्रदर्शन होता रहा। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में युवक एवं बच्चे साथ चल रहे थे इस कारण पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करना कठिन हो रहा था। साथ ही नगर के गणमान्य नागरिकों तथा रामलीला कमेटी के प्रमुख सदस्यों को भी नागपाश में बांधकर बैठा देता है। इसके बाद खुशी मनाते हुए वह लंका पहुंचता है और वहां पर राम तथा उनकी पूरी सेना के खात्मे के लिए यज्ञ प्रारंभ करता है।

अधिशासी अभियंता के निलंबन पर हाईकोर्ट की रोक




सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के अधिशासी अभियंता कृष्ण पाल सिंह के निलंबन आदेश पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। न्यायालय ने निलंबन आदेश में आरोपों को अस्पष्ट बताते हुए विश्वविद्यालय को निर्देश दिया है कि आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत किए जाने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर जांच पूरी की जाए। जांच पूरी होने तक निलंबन आदेश स्थगित रहेगा। विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी विभाग में तैनात अधिशासी अभियंता कृष्ण पाल सिंह को 18 जुलाई 2026 को कुलपति दरवाजा अजय सिंह की स्वीकृति से कुलसचिव दीपक वर्मा ने निलंबित कर दिया था। आदेश में कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही, पर्यवेक्षण में शिथिलता और प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रक्रियाओं के पालन में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे। निलंबन के बाद उन्हें एनाटॉमी विभाग से संबद्ध कर दिया गया था। विश्वविद्यालय की ओर से लगाए गए आरोपों में परिसर की इमारतों पर स्थापित 850 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर प्लांट के संचालन और रखरखाव की निविदा प्रक्रिया लंबित रखना, लिफ्टों में ऑटोमैटिक रेस्क्यू डिवाइस (एआरडी) लगाने के काम में लापरवाही और भुगतान संबंधी पत्रावलियों पर स्पष्ट संस्तुति नहीं देना शामिल है। इसके अलावा 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक की विद्युत सेवाओं के हस्तांतरण की प्रक्रिया करीब एक वर्ष तक लंबित रखने और उच्चाधिकारियों को देरी के कारणों से समय पर अवगत नहीं कराने के आरोप भी लगाए गए थे। विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की 15वीं बैठक 25 अप्रैल और 16वीं बैठक 30 जून 2026 में अभियांत्रिकी विभा

मां यमुना के साथ मनाये अपना जन्मदिन

22 अक्टूबर को दिल्ली में अवजल अवसंरचना परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे अमित शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 अक्टूबर को दिल्ली में 8,941 करोड़ रुपये की अवजल से जुड़ी कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोमवार को यह जानकारी दी।

वर्मा ने यमुना के साथ जन्मदिन नामक एक पहल की भी घोषणा की, और लोगों से आग्रह किया कि वे अपना जन्मदिन नदी के किनारे मनाएं। उन्होंने कहा कि यमुना के किनारे झोपड़ियां बनाई जाएंगी, जहां दिल्लीवासी अपना जन्मदिन मना सकेंगे। मैं सभी दिल्लीवासियों से अपील करता हूं कि वे अपना जन्मदिन मां यमुना के साथ मनाएं। मैं अपना जन्मदिन भी सात नवंबर को वहीं मनाऊंगा। वर्मा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन परियोजनाओं की शुरुआत नजफगढ़ इलाके से की जाएगीअ इनमें विकेंद्रीकृत अवजल शोधन संयंत्र (डीएसटीपी) और नयी सीवर लाइन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बाहरी दिल्ली में 29 नए डीएसटीपी और अवजल पंपिंग स्टेशन के दायरे में 358 अनधिकृत कॉलोनियां और 113 गांवों आएंगे, जिससे 36.29 लाख निवासियों को फायदा होगा। इसके अलावा, ।,034 किलोमीटर लंबा नया सीवर नेटवर्क बिछाने की एक और परियोजना भी शुरू की जाएगी। वर्मा ने कहा कि प्रमुख परियोजनाओं में ओखला में 124 मिलियन गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) की क्षमता वाला एक नया अवजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) शामिल है। इसके अलावा, पहले से मौजूद आठ एसटीपी को भी उन्नत किया जाएगा,



जिससे उनकी कुल क्षमता 78.2 एमजीडी से बढ़कर 140.8 एमजीडी हो जाएगी और इससे लगभग 78.5 लाख लोगों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगले दो से ढाई वर्षों में जब ये सभी काम पूरे हो जाएंगे, तो दिल्ली से अशोधित गंदा पानी नालों में और उनके जरिए यमुना नदी में नहीं जाएगा। तब हम अपनी पवित्र नदी पर इन प्रयासों का असर देख सकेंगे। दिल्ली सरकार ने पहले घोषणा की थी कि वह अवजल शोधन में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के माध्यम से लगभग 29 विकेंद्रीकृत अवजल शोधन संयंत्र स्थापित करेगी। वर्मा ने बताया कि जहां पर जगह की कमी के कारण बड़े अवजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) नहीं बनाए जा सकते, वहां डीजेबी स्थानीय स्तर पर अपशिष्ट जल के शोधन के लिए 40 डीएसटीपी लगाने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि घाटों की सफाई हमारे इरादे को दर्शाती है। अवजल को नदी में जाने से रोकना ही इसका स्थायी समाधान है। अवजल की हर एक बूंद को इकट्ठा किया जाएगा, उसे शोधित किया जाएगा और फिर से इस्तेमाल में लाया जाएगा। इन 43 परियोजनाओं के पीछे यही वादा है। उन्होंने यह भी कहा कि हाल ही में यमुना घाटों पर चलाए गए सफाई अभियान में लगभग 35,000 निवासियों ने हिस्सा लिया। शाह के दौरे के कार्यक्रम की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, पार्टी सूत्रों ने बताया कि वह मानसा में नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा और संगरूर जिले के दिड़बा में गुलजार सिंह के परिजनों से मुलाकात कर सकते हैं। शाह ने 16 अक्टूबर को कहा था कि केंद्र सरकार पंजाब में हुई दो घटनाओं को लेकर राज्य सरकार से जवाब मांगेगी। इनमें दिड़बा में कथित दबाव के कारण जहर खाने वाले एक व्यक्ति की मौत और मानसा में झोटा की हत्या की घटना शामिल है।

रेखा गुप्ता ने गोबर से गैस बनाने वाले बायोगैस संयंत्र का उद्घाटन किया

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना को निर्मल बनाने के लिए प्रदूषण को उसके स्रोत पर ही रोकना जरूरी बताते हुए सोमवार को कहा कि केवल नदी की सफाई करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन कारणों पर भी प्रभावी कार्रवाई करनी होगी, जिनसे प्रदूषक नदी तक पहुंचते हैं।



गुप्ता ने यह टिप्पणी नजफगढ़ क्षेत्र में स्थित गोयला डेयरी में 16 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित 200 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले बायोगैस संयंत्र का उद्घाटन करने के बाद की। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम द्वारा स्थापित संयंत्र से गोबर से स्वच्छ ईंधन और जैविक खाद तैयार होगी जिससे गोबर को यमुना में जाने से रोकने में मदद मिलेगी और पशुपालकों की आय भी बढ़ेगी। गुप्ता ने दावा किया कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में दिल्ली में डेयरी कॉलोनियों की बुनियादी सुविधाओं, जैसे नालियों, पानी की आपूर्ति, कूड़ा उठाने और गोबर संग्रहण की व्यवस्था पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्षों तक दिल्ली में एक भी बायोगैस संयंत्र स्थापित नहीं किया गया, जिसके कारण गोबर के उचित प्रबंधन की समस्या बनी रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पिछले डेढ़ वर्ष में तीन बायोगैस संयंत्र शुरू किए तथा छह अन्य संयंत्र स्थापित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। गुप्ता ने कहा, 'यमुना को निर्मल बनाने के लिए प्रदूषण को उसके स्रोत पर रोकना आवश्यक है। केवल नदी की सफाई करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन कारणों पर भी प्रभावी कार्रवाई करनी होगी, जिनसे प्रदूषक नदी तक पहुंचते हैं। गुप्ता के मुताबिक, ऐसे संयंत्र अपशिष्ट प्रबंधन की चुनौतियों को अवसरों में बदलने और स्वच्छ, हरित एवं टिकाऊ दिल्ली के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने एक बयान में कहा कि दिल्ली नगर निगम द्वारा स्थापित संयंत्र प्रतिदिन 200 मीट्रिक टन गोबर का प्रसंस्करण कर बायोगैस और कंप्रेस्ड बायोगैस का उत्पादन करेगा और इससे प्रतिदिन लगभग 14,000 घन मीटर कच्ची बायोगैस और करीब 5.6 टन शुद्ध कंप्रेस्ड बायोगैस उत्पादित होने का अनुमान है, जिसकी आपूर्ति पाइपलाइन के माध्यम से इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड को की जायेगी। इसके मुताबिक, प्रसंस्करण के बाद बचने वाली बायोगैस स्लरी का उपयोग प्राकृतिक खाद के रूप में होगा।

संक्षेप

फोनपे इन्वेस्ट हुआ अपग्रेड

नई दिल्ली। फोनपे ने अपने ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म 'शेयर.मार्किट' का नाम बदलकर 'फोनपे इन्वेस्ट' कर दिया है, ताकि यूजर्स को एक ही भरोसेमंद ब्रांड नेम के साथ निवेश का एक बेहतर अनुभव मिल सके। शेयर.मार्किट अब फोनपे इन्वेस्ट हो गया है। इस बदलाव के साथ ही पेमेंट्स, लोन और इंश्योरेंस की तरह बेहतरीन रिसर्च-आधारित इन्वेस्टिंग सर्विस भी अब फोनपे के एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। इस नए बदलाव के तहत, फोनपे इन्वेस्ट अपने स्टॉक्स, आईपीओ, म्यूचुअल फंड्स और एफएण्डओ ऑफरिंग्स को हाल ही में लॉन्च हुए नए पोर्टफोलियो ऑप्टिमाइजर के साथ जोड़ता है, जो एक ऑल-इन-वन पोर्टफोलियो इंटेलिजेंस टूल है।

मेटा ने पेश की नयी फेस्टिव प्लेबुक रणनीति

नई दिल्ली। भारत में फेस्टिव सीजन की शॉपिंग का तरीका लगातार बदल रहा है। मेटा की फेस्टिव एक्सेलेरेटर 2026 सीएमओ प्लेबुक इसी पर केंद्रित है। इसमें ब्रांड्स के लिए नए शॉपर ट्रेंड और फुल-फनेल फ्रेमवर्क दिया गया है, जिसकी मदद से वो भारत के डायनामिक फेस्टिव सीजन में सफलता की ओर बढ़ रहे हैं। फेस्टिव शॉपिंग में निरंतरता आ गई है। यह एक डायनामिक सफर बन गई है, जो दिवाली के बाद भी सांस्कृतिक अवसरों, शॉपिंग के मौकों और सेल ईवेंट्स तक जारी रहती है। ग्राहक पहले से ही प्रोडक्ट्स तलाशना शुरू कर देते हैं, वो प्रेरणा से लेकर खरीददारी तक का सफर सुगमता से पूरा करते हैं।

हंगर पैंक्स ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

नई दिल्ली। हंगर पैंक्स लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा कराया है। एफएंडएस रिपोर्ट के अनुसार, बर्मा बर्मा भारत की सबसे बड़ी विशेष बर्मी व्यंजन आधारित कैजुअल डाइनिंग रेस्टोरेंट चेन है। कंपनी प्रीमियम पैन-एशियन कैजुअल डाइनिंग सेगमेंट में काम करती है और कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में 2 रुपये अंकित मूल्य वाले शेयरों का 150 करोड़ रुपये तक का नया निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों की ओर से 2,79,29,760 शेयरों तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

रूस से हमले कोई पूर्व चेतावनी नहीं मिली: जेलेंस्की

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को कहा कि रूस ने बैलिस्टिक मिसाइल और जेट इंजन चालित ड्रोन का इस्तेमाल करके यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर फिर हमले किए हैं।

जेलेंस्की ने कहा कि इस बार भी कीव को हमले की कोई पूर्व चेतावनी सहयोगी देशों से नहीं मिली, जबकि पहले ये देश ऐसी खुफिया जानकारी साझा करते रहे हैं। जेलेंस्की को हाल में वाशिंगटन के उन कदमों के प्रभावों से भी जूझना पड़ रहा है, जिनसे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फायदा हुआ है। इनमें मॉस्को पर अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट देना और रूस से डीजल आयात करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करना शामिल है। जेलेंस्की ने कहा कि इस बीच, अमेरिकी कंपनी स्पेसएक्स की स्टारलिंक उपग्रह इंटरनेट सेवा के सैन्य इस्तेमाल वाले संस्करण के उपयोग पर यूक्रेन पर लगी पाबंदियों से यूक्रेन के ड्रोन अभियान प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसके



अलावा, अमेरिका में निर्मित पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियों की भारी कमी की वजह से यूक्रेन पर हमलों का खतरा बढ़ गया है। पश्चिमी देशों की ओर से खुफिया जानकारी साझा किए जाने से यूक्रेन को रूस की विनाशकारी बैलिस्टिक मिसाइल का मुकाबला करने और मॉस्को के आक्रमण को रोकने में मदद मिली है। रूस ने साढ़े चार साल पहले यूक्रेन पर हमला शुरू किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वाशिंगटन ने कीव को खुफिया जानकारी देना बंद नहीं किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी सोमवार को यही बात दोहराई। रुबियो ने कहा कि उन्हें पिछली रात रूस की ओर से किये गये हमले के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि रात में रूस की ओर से किए गए भीषण हमले में देशभर में ऊर्जा बुनियादी ढांचे से जुड़े 10 से अधिक केंद्रों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि इससे पांच लाख से अधिक लोगों को बिजली और नल से मिलने वाले पानी की आपूर्ति बाधित हुई। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने कीव और उसके आसपास के क्षेत्र में 16 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। अधिकारियों ने बताया कि राजधानी कीव में हमले में 21 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के भीतर ठिकानों पर व्यापक हमला किया।

यमन में हूती विद्रोहियों का सैन्य शिविर पर हमला, 20 सैनिक मरे

एजेंसी

यमन। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सोमवार को दक्षिणी यमन में सरकारी सैन्य बल के एक शिविर पर हमला किया, जिसमें 20 सैनिकों की मौत हो गई। यमन के सैन्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सैन्य अधिकारियों ने बताया कि विद्रोहियों ने दक्षिणी प्रांत शबवा में अल-अल्म सैन्य शिविर पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में कम से कम 24 सैनिक घायल भी हुए। एक अधिकारी ने बताया कि हताहतों में मुख्य रूप से हाल ही में भर्ती किए गए सैनिक थे। यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के सैन्य अधिकारियों ने पहचान जाहिर नहीं करने का अनुरोध करते हुए यह जानकारी दी। यमन की सेना के प्रवक्ता कर्नल माजेद अल-नजिली ने पुष्टि की कि हूती विद्रोहियों ने पुलिस और सुरक्षा बल के प्रशिक्षण केंद्र पर तीन बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हालांकि, उन्होंने हताहतों की संख्या पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाली समाचार एजेंसी सबा की खबर में दावा किया गया कि विद्रोहियों के हमले में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हुए। हालांकि इस बारे में और जानकारी नहीं दी गई। प्रांतीय राजधानी अटाक के उत्तर में जरदान जिले में स्थित यह शिविर पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के समर्थन वाले लड़ाकों के समूह के नियंत्रण में था। यहां से सरकार के नियंत्रण वाले मारिब प्रांत तक जाने वाला मार्ग गुजरता है। यह मार्ग सरकारी बलों के लिए महत्वपूर्ण आपूर्ति मार्गों में से एक है। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि हमले में निशाना बनाए गए जवान रैपिड इंटरवेंशन नामक नवगठित बल का हिस्सा थे, जिसे इलाके की रक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सेंसेक्स में 876 अंकों की गिरावट

मुंबई। निजी बैंकों में भारी बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुख के चलते शेयर बाजार में दो कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद सोमवार को जोरदार गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 876.37 अंक लुढ़क गया।

जबकि निफ्टी फिसलकर 22,888.95 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 876.37 अंक यानी 1.17 प्रतिशत टूटकर 73,852.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह।,020.73 अंक यानी 1.36 प्रतिशत तक टूटकर 73,708.54 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 257.20 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,888.95 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 3.85 प्रतिशत टूटा। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, एनटीपीसी और एचडीएफसी बैंक नुकसान में रहने वाले प्रमुख शेयर में शामिल रहे। निजी बैंकों के सितंबर तिमाही के वित्तीय नतीजे निवेशकों को उत्साहित करने में विफल रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूट गया।

रुपया तीन पैसे टूटकर 94.92 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले तीन पैसे टूटकर 94.92 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में भारी गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपये पर दबाव रहा। रुपये में सोमवार को आई गिरावट के साथ ही इसमें लगातार छह कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.90 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.75 के उच्चस्तर तक गया और 94.97 के निचले स्तर तक आया।

एलएंडटी ने 975 करोड़ का दर्ज किया लाभ

नई दिल्ली। एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने 30 सितंबर, 2026 को समाप्त दूसरी तिमाही में रुपये 975 करोड़ का समेकित कर-पश्चात लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 33प्रतिशत अधिक है। इस तिमाही के दौरान, एलटीएफ ने रु.1,36,635 करोड़ का अब तक का सबसे बड़ा समेकित ऋण बुक हासिल करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 28प्रतिशत अधिक है। इस तिमाही में कंपनी का खुदरा ऋण बुक रुपये 1,34,600 करोड़ तक पहुँच गया।

सैमसंग का बेस्पोक एआई अप्लायंसेज लॉन्च

गुरुग्राम। इस दिवाली सैमसंग इंडिया अपने होम अप्लायंसेज की रेंज पर आकर्षक ऑफर्स के साथ त्योहार की रौनक घर-घर तक पहुंचा रहा है। ये अप्लायंसेज रोज के कामकाज को आसान बनाने और घर को कनेक्टेड रखने के लिए बनाए गए हैं। त्योहारों के इस मौसम में सैमसंग ग्राहकों को अपने नए इनोवेशन आजमाने के लिए बुला रहा है। साथ में उन्हें बढ़िया फायदे और पैसे चुकाने के लचीले विकल्प भी मिल रहे हैं। त्योहारी ऑफर के तहत चुनिंदा सैमसंग प्रोडक्ट्स पर 20,000 रुपये तक का कैशबैक मिल सकता है। इसके अलावा ग्राहक सैमसंग फाइनेंस+ के जरिए सिर्फ 888 रुपये से शुरू होने वाली कम ईएमआई, जीरो डाउन पेमेंट और आसान फाइनेंस का फायदा भी उठा सकते हैं। इससे सैमसंग के नए प्रोडक्ट्स घर लाना और आसान हो जाता है। सैमसंग केयर+ के तहत 1 साल की वारंटी खरीदने पर 3 साल तक की और वारंटी बिना कोई अलग पैसा दिए मिल सकती है। यह सुविधा लागू नियम और शर्तों के अधीन है।


पीएनजी ज्वेलर्स का नया कैंपेन लॉन्च

अयोध्या। भारत के प्रतिष्ठित और भरोसेमंद आभूषण ब्रांडों में से एक पीएनजी ज्वेलर्स ने दिवाली के अवसर पर अपने विशेष अभियान की घोषणा की है। इस अभियान का मुख्य आकर्षण सप्तम कलेक्शन है। इसके साथ ही ग्राहकों को सोने के आभूषणों की मेकिंग चार्जेस पर 50प्रतिशत तक और हीरे के आभूषणों की मेकिंग चार्जेस पर 100प्रतिशत तक की छूट मिलेगी।

एडीबी ने वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया

मुंबई। एडीबी ने आज उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद स्थित अपनी बॉटलिंग सुविधा में वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की घोषणा की। प्रारंभिक रूप से 60 लाख केस प्रति वर्ष की क्षमता वाली यह इकाई, राज्य में स्पिरिट्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एडीबी के एकीकृत विनिर्माण कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह सुविधा जनवरी 2026 में लगभग रुपये 70 करोड़ में अधिग्रहित की गई परिसंपत्तियों का हिस्सा है, जिसे बाद में एडीबी ने लगभग रुपये 40 करोड़ के निवेश से उन्नत किया।





आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com